ओ३म् नमः सर्वशक्तिमते जगदीश्वराय

शान्त पुस्तकालय
अमृतसर

अथ

# संस्कारविधिः

वेदादिसत्यशास्त्रवचनप्रमाणैर्युक्तः गर्भाधानादिषोडशसंस्कारविधानैः भूषितः

आर्यभाषाव्याख्यासहितः

श्रीमदनवद्यविद्यालंकृतानांमहाविदुषांश्रीयुतविरजानन्दसरस्वतीस्वामिनांशिष्येणश्रीमद्दयानन्दसरस्वतीस्वामिनानिर्मितः

श्रीयुत केशवलालनिर्भयरामोपकारेणयन्त्रितोजात

श्रीयुत लक्ष्मणशास्त्रिणा शोधितः

मुम्बा

"एशियाटिकाख्य" यंत्रे संमुद्रय प्रकाशितो

प्रथमसंस्करणम्

विक्रम सं० १९३३ शालिवाहन श० १७९८ क्रिस्त सिस्ति ई०

सर्वाधिकारो ग्रन्थकर्त्रा स्वामिना स्वाधीनं कृत राक्षितः—अतएव राजनियमे नियोजितः

मूल्यं १॥ रौप्यमुद्रा.

पुस्तकालय
संख्या
विषय

# संस्कारविधिस्थ विषयोंका सूचीपत्र


| | विषय. | पृष्ठ. |
|---|---|---|
| | मंगलाचरण. .... .... .... .... | १ |
| | उपोद्घात. .... .... .... .... | १ |
| | सकल कर्मोपयोगीश्वर प्रार्थनामंत्राः .... | २ |
| १ | अथ गर्भाधान संस्कारविधिः .... .... | ९ |
| २ | „ पुंसवन संस्कारविधिः.. .... .... | १८ |
| ३ | „ सीमंतोन्नयन संस्कारविधिः.... .... | २३ |
| ४ | „ जातकर्म संस्कारविधिः.. .... .... | २८ |
| ५ | „ नामकरण संस्कारविधिः .... .... | ३७ |
| ६ | „ निष्क्रमण संस्कारविधिः .... .... | ४० |
| ७ | „ अन्नप्राशन संस्कारविधिः .... .... | ४१ |
| ८ | „ चूडाकरण संस्कारविधिः .... .... | ४३ |
| ९ | „ कर्णवेध संस्कारविधिः .... .... | ४८ |
| १० | „ उपनयन संस्कारविधिः .... .... | ४९ |
| ११ | „ वेदारंभ संस्कारविधिः .... .... | ५७ |
| १२ | „ समावर्त्तन संस्कारविधिः .... .... | ७२ |
| १३ | „ विवाह संस्कारविधिः.. .... .... | ७९ |
| (१४) | „ गृहाश्रम संस्कारविधिः .... .... | ११४ |
| १५ | „ वानप्रस्थसंन्यासाश्रम संस्कारविधिः .... | १३० |
| | „ मृतक संस्कारविधिः.... .... .... | १४० |

## ॥ अथ संस्कारविधिं वक्ष्यामः ॥

ओ३म् सह नाववतु सह नौ भुनक्तु । सह वीर्यं करवावहै । तेजस्वि नावधीतमस्तु । मा विद्विषावहै । ओ३म् शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥ तैत्तिरीयोपनिषद्ब्रह्मानंदवल्ली.

सर्वात्मा सच्चिदानन्दो विश्वादो विश्वकृद्विभुः ॥
भूयात्तमां सहायो नः सर्वेशो न्यायकृच्छुचिः ॥ १ ॥
गर्भाद्या अन्तपर्यन्ताः संस्काराः षोडशैवतु ॥
वक्ष्यन्ते तं नमस्कृत्य विद्यानंतं परेश्वरम् ॥ २ ॥
वेदादिशास्त्रसंमत्या प्रमाणैः परमादरात् ॥
आर्षैतिह्यं पुरस्कृत्य शरीरात्मविशुद्धये ॥ ३ ॥
संस्कारैः संस्कृतं यद्यत्तत्तदुत्तम मेध्यते ॥
असंस्कृतं तु यल्लोके तदमेध्यं प्रकीर्त्यते ॥ ४ ॥
अतः संस्कारकरणे क्रियता मुद्यमो बुधैः ॥
शिक्षयौषधिभिर्नित्यं सर्वथा सुखवर्द्धनः ॥ ५ ॥
कृतानीह विधानानि ग्रन्थं ग्रन्थनतत्परैः ॥
वेदविज्ञानविरहैः स्वार्थिभिः परिमोहितैः ॥ ६ ॥
प्रमाणैस्तान्यनादृत्य क्रियते वेदमानतः ॥
जनानां सुखबोधाय संस्कारविधिरुत्तमः ॥ ७ ॥
बहुभिः सज्जनैः सम्यङ्मानवप्रियकारकैः ॥
प्रवृत्तो ग्रन्थकरणे क्रमतो हं नियोजितः ॥ ८ ॥

दया या आनंदो ि ःसति परो ब्रह्म विदितः ॥
सरस्वत्यस्याग्रे निव...ते मुदा सत्य निलया ॥
इयं ख्यातिर्यस्य प्रतत सुगुणा हीश शरणास्त्यने ॥
नाऽयं ग्रंथो रचित इति बोद्धव्य मनघाः ॥ ९ ॥
चक्षू रामांक चन्द्रेब्दे कार्त्तिकस्यान्ति मे दले ॥
अमायां शनिवारे यं ग्रन्थारंभः कृतो मया ॥ १० ॥

अर्थ—इस संस्कारविधि नामक ग्रंथका आरंभ किया जाता है, संस्कार करने वाले मनुष्योंके हितार्थकेलिये. इस ग्रंथमें चार वेद, तथा चारों वेदोंके चार गृह्यसूत्र, कचित् मनुस्मृति, तथा ब्राह्मण पुस्तकादिके संक्षेपसे वचनोंका संग्रह किया जायगा; परन्तु जो एक विषयक वचन होंगे, वे बहुधा सब न लिखे जायगे, किन्तु! जिस जिस पुस्तकमें जो जो विशेष विषय होगा सो सो मात्र लिखा जायगा. और उस सब वचनोंका प्राकृत भाषामें संक्षेपसे अर्थ किया जायगा. जिस्से सब विद्वान् और अविद्वान् लोगोंकोभी संस्कारविधि करना सुगम होय. जो जो वस्तु संस्कृत किया जाता है, सो सो लोकमें उत्तम देखनेमें आता है. जैसे, सु शिक्षा, विद्या, सत्संगादिसे मनुष्य उत्तम होता है; तथा ब्रह्मचर्याश्रम, औषधीसेवन, सु नियमादिसे शरीर उत्तम होता है, इसलिये संस्कार सब लोगोंको करना उचित् है. संतानोंके उत्तम होनेके लिये संस्कार अवश्य करें. सो इन सब संस्कारोंके आदि और अन्तमें; शंनोमित्रः इत्यादि तथा दिविसोमो अधिश्रितः तथा शान्तिः इत्यन्त चारों वेदोंके मंगल कार्यकी सिद्धयर्थ मंत्र लिखे है; इनका पाठ करना चाहिये. ए सब मन्त्र ईश्वरकी स्तुति, प्रार्थना, उपासना और स्वरूप निरूपक हें, इस्के करनेसे परमात्मा अपने लोगोंपर कृपादृष्टि करे, जिस्से अपने सब मंगलकार्य पूर्ण सिद्ध होय; सो मन्त्रपाठ यह है,

ऋ० अ० १ अ० ६-२ व० १८-३२.

शं नो॑ मि॒त्रः शं वरु॑णः शं नो॑ भवत्वर्य॒मा ॥ शं न॒ऽइन्द्रो॒ बृह॒स्पति॒ः शं नो॒ विष्णु॑रुरुक्र॒मः ॥ १ ॥ त्वम॑ग्ने प्रथ॒मो अङ्गि॑रा॒ ऋषि॑र्दे॒वो दे॒वाना॑मभवः शि॒वः सखा॑ ॥ तव॑ व्र॒ते क॒वयो॑ विद्म॒नाप॑सो॒ऽजाय॑न्त म॒रुतो॒ भ्राज॑दृष्टयः ॥ २ ॥

त्वमग्ने प्रथमो अंगिरस्तमः कविर्देवानां परि भूषसि व्रतम् ॥ विभुर्विश्वस्मै भुवनाय मेधिरो द्विमाता शयुः कतिधाचिदायवे ॥३॥ ॥ ऋ० अ० १ अ० २ व० ३३॥ त्वं नो अग्ने सनये धनानां यशसं कारुं कृणुहि स्तवानः ॥ ऋध्याम कर्मापसा नवेन देवैर्द्यावापृथिवी प्रावतं नः ॥ ४ ॥ त्वं नो अग्ने पित्रोरुपस्थ आ देवो देवेष्वनवद्य जागृविः ॥ तनूकृद्बोधि प्रमतिश्च कारवे त्वं कल्याण वसु विश्वमोपिषे ॥५॥ त्वमग्ने प्रमतिस्त्वं पितासि नस्त्वं वयस्कृत्तव जामयो वयम् ॥ संत्वा रायः शतिनः सं सहस्रिणः सुवीरं यन्ति व्रतपामदाभ्य ॥ ६ ॥ ऋ० अ० १ अ० २ वर्ग ३४ ॥ त्वं नो अग्ने तव देव पायुभिर्मघोनो रक्ष तन्वश्च वन्द्य ॥ त्राता तोकस्य तनये गवामस्यनिमेषं रक्षमाणस्तव व्रते ॥ ७ ॥ ऋ० अ० १ अ० ४ व० १७ अर्चा दिवे बृहते शूष्यं वचः स्वक्षत्रंयस्य धृषतो धृषन्मनः बृहच्छ्रवा असुरो बर्हणा कृतः पुरो हरिभ्यां वृषभो रथो हि षः ॥८॥ ऋ० अ० ६ अ० ३ व२८ ॥ एवा वन्दस्व वरुणं बृहन्तं नमस्या धीरममृतस्य गोपाम् ॥ स नः शर्म त्रिवरूथं वि यंसत्पातं नो द्यावापृथिवी उपस्थे ॥ ९ ॥ ॥ ऋ० अ० ६ अ० ३ वर्ग ३८ ॥ यो अग्नि तन्वो दमे देवं मर्तः सपर्यति ॥ तस्मा इद्दीदयद्वसु ॥ १० ॥ ऋ० अ० ६ अ० ४ व० १३ ॥ त्वं सोम पितृभिः संविदानोऽनु द्यावापृथिवी आ ततंथ ॥ तस्मै त इन्दो हविषा विधेम वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥ ११ ॥

## ॥ यजुर्वेद अध्याय ३६ ॥

ॐ ऋचं वाचं प्रपद्ये मनो यजुः प्रपद्ये साम प्राणं प्रपद्ये
चक्षुः श्रोत्रं प्रपद्ये ॥ वागोजः सहौजो मयि प्राणापानौ
॥ १ ॥ इन्द्रो विश्वस्य राजति । शं नोऽअस्तु द्विपदे
शं चतुष्पदे ॥ २ ॥ शं नो वातः पवता ँ शं न स्तपतु
सूर्यः शं नः कनिक्रदद्देवः पर्जन्योऽअभिवर्षतु ॥ ३ ॥
अहा नि शं भवन्तु नः श ँ रात्रीः प्रति धीयताम् ॥ शं नऽ
इन्द्राग्नी भवतामवोभिः शं नऽइन्द्रा वरुणा रातहव्या ॥
शं नऽइन्द्रापूषणा व्वाजसातौ शमिन्द्रा सोमा सु वि-
ताय शं य्योः ॥ ४ ॥ दृते दृ ँ हमा मित्रस्यमा चक्षुषा सर्वा-
णि भूतानि समीक्षन्ताम् ॥ मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि
भूतानि समीक्षे ॥ मित्रस्य चक्षुषा समीक्षामहे ॥ ५ ॥
दृतेह ँ हमा ज्योके संदृशि जीव्या संज्योके संदृशि
जीव्यासम् ॥ ६ ॥ यतो यतः समीहसे ततो नो ऽअभयं
कुरु ॥ शं नः कुरु प्रजाभ्योऽभयं नः पशुभ्यः ॥ ७ ॥
य० अ० ३४ ॥ यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य
तथैवैति ॥ दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शि-
वसंकल्पमस्तु ॥ ८ ॥ येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे-
कृण्वन्ति विदथेषु धीराः ॥ यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजाना न्तन्मे
मनः शिवः० ॥९॥ यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योति
रन्तरमृतम्प्रजासु ॥ यस्मान्नऽऋते किंचन कर्म क्रियते
तन्मे मनः शिव० ॥ १० ॥ येनेदम्भूतम्भुवनम्भविष्यत्परि

गृहीतममृतेन सर्वम्॥ येन यज्ञस्तायते सप्त होता तन्मे मनः शिव० ॥ ११ ॥ यस्मिन्नृचः साम यजूᳪषि यस्मिन्प्रतिष्ठितारथनाभाविवाराः ॥ यस्मिंश्चित्तᳪ सर्वमोतंप्रजानां तन्मे मनः शिव० ॥ १२ ॥ सुषारथिरश्वानिवयन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभीशुभिर्वाजिनऽइव ॥ हृत्प्रतिष्ठं यदजिरंजविष्ठं तन्मे मनः शिव० (१३ य० अ० २५)
स्वस्ति नऽइन्द्रोवृद्धश्रवाः स्वस्ति नः पूषाविश्ववेदाः॥ स्वस्ति नस्तार्क्ष्योऽअरिष्टनेमिः स्वस्ति नो बृहस्पतिर्दधातु॥ १४ ॥ भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ॥ स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवाᳪ सस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥ १५ ॥

सामवेद उत्तरार्चिक प्रथमार्ध प्रपाठक १ अनु० १.

त्वां युधः पवते देवे इन्दुरशस्तिहा वृजनारक्षमाणः ॥ पिता देवानां जनिता सुदक्षो विष्टंभो दिवो धरुणः पृथिव्याः ॥ १ ॥ नत्वावा २ अन्यो दिव्यो न पार्थिवो न जातो न जनिष्यते ॥ अश्वायन्तोमघवन्निन्द्र वाजिनो गव्यंतस्त्वा हवामहे ॥ २ ॥ उ० प्र० ४ त्रि० १३ ॥ त्वंᳪहि नः पिता वसो त्वं माता शत क्रतो बभूविथ॥ अधाते सुम्नमीम हे ॥ ३ ॥ त्वं वरेणं उतमित्रो अग्ने त्वां वर्धति मतिं भिर्वसिष्ठाः ॥ त्वेवसुषणनानि सन्तु यूयं पातस्वस्तिभिः सदा नः ॥४॥ उ० प्र० ५ त्रि० ३।९। इदंᳪ श्रेष्ठं ज्योतिषां ज्योतिरुत्तमं विश्वजिद्धनजिदुच्यते बृहत्॥विश्वभ्राड्भ्राजोमहि सूर्योदृशा उरुपप्रथे सहओजो

अच्युतम् ॥ ५ ॥ उ० प्र० ३ । ५ । त्वं जामिर्जनानामग्ने मित्रो असि प्रियः ॥ सखा सखिभ्य ईड्यः ॥ ६ ॥

## अथर्ववेद कां० १९ प्रपाठक ३५ अनुवाक १॥

शान्तानि पूर्वरूपाणि शान्तन्नो अस्तु कृताकृतम् ॥१॥ इयंया परमेष्ठिनी वाग्देवी ब्रह्म संशिता ॥ ययैव ससृजे घोरं तयै वशान्तिरस्तु नः ॥ २ ॥ इदं यत्परमेष्ठिनं मनो वा ब्रह्म संशितम् ॥ येनैव ससृजे घोरं तेनैव शान्तिरस्तु नः ॥ ३ ॥ इमानि यानि पञ्चेन्द्रियाणि मनः षष्ठानि मे हृदि ब्रह्मणा संशितानि ॥ यैरेव ससृजे घोरं तै रेव शान्तिरस्तु नः ॥ ४ ॥ शं नो भूमिर्वेपमाना शमुल्कानि हतंचयत् ॥ शं गावो लोहित क्षीराः शं भूमि स्वतीर्यती ॥ ५ ॥ शं रुद्रा :शं वसवः शमादित्याः शमग्नयः॥शं नो मह ऋषयो देवाः शं देवीः शं बृहस्पतिः ॥ ६ ॥ पृथिवी शान्तिरन्तरिक्षं शान्तिर्द्यौः शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्ति वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेमेदेवाः शान्ति सर्वमेदेवाः शान्तिः शान्ति शान्तिभिः ॥ ताभिः शान्तिभिः सर्व॰ शान्तिभिः शम या म्यहं यदिह घोरं यदिह क्रूरं यदिह पापं तच्छान्तं तच्छिवं सर्वमेव शमस्तु नः ॥ ७ ॥ शं नः सूर्य उरुचक्षाउदेतु शं नो भवन्तु प्रदिशश्च तस्रः ॥ शं नः पर्वता ध्रुवयो भवन्तु शन्नः सिन्धवः शमुसन्त्वापः ॥८॥ शंनः सत्यस्य पतयो भवन्तु शं नो अर्वन्तः शमुसन्तु गावः ॥९॥ इदमुच्छ्रेयोऽवसानमागां शिवे मे द्यावापृ-

थिवी अभूताम् ॥ असपत्नाः प्रदिशो मे भवन्तु नवै त्वा
द्विष्मो अभयं नो अस्तु ॥१०॥ यतइन्द्र भयामहे ततो नो
अभयं कृधि ॥ मघवंछग्धितव तन्नऊति भिर्विद्विषोवि मृधो
जहि ॥ ११ ॥ इन्द्रस्त्राता त वृत्रहा गंयस्फानो वरेण्यः ॥
स रक्षिता च रमतः स मध्यतः स पश्चात् सपुरस्तान्नो
अस्तु ॥१२॥ अभयं मित्रादभयममित्रादभयं ज्ञातादभयं
परोक्षात् ॥ अभयंनक्तमभयं दिवा नः सर्वा आशा मम
मित्रं भवन्तु ॥१३॥ पश्येम शरदः शतम् ॥१॥ जीवेम
शरदः शतम् ॥ २ ॥ बुध्येम शरदः शतम ॥ ३ ॥ रोहेम
शरदः शतम् ॥४॥ पुष्येम शरदः शतम् ॥५॥ भवेम् शरदः
शतम् ॥६॥ भूयेम शरदः शतम् ॥ ७ ॥ भूयसीः शरदः
शतात् ॥८॥१४॥ अ० कां० २० प्रपा० ३५ अनु० ८ ॥
बृहस्पतिं नःपरिपा तु पश्चादुतोत्तरस्मादधरादघायोः ॥
इन्द्रः पुरस्तादुत मध्यतो नः सखा सखिभ्यो वरिवः कृणोतु
॥१५॥ अ० का० १।८।४ यस्य भूमिः प्रमान्तरिक्ष मुतो-
दरम् ॥ दिवंयश्चक्रे मूर्धानं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणेनमः
॥१६॥ यस्य सूर्य श्चक्षुश्चन्द्रमाश्च पुनर्णवः ॥ अग्निंयश्चक्र
आस्यं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥ १७ ॥ यस्यवातः
प्राणा पानौ चक्षुरंगिरसोऽभवन् ॥ दिशो यश्चक्रे प्रज्ञानी
तस्मैज्येष्ठाय ब्रह्मणे नमः ॥१८॥ यो भूतं च भव्यं च सर्व्वं
यश्चाधितिष्ठति ॥ स्वर्यस्य च केवलं तस्मै ज्येष्ठाय ब्रह्मणे
नमः॥१९॥ अ०कां०११प्रपा०२४अ०२॥ प्राणाय नमो
यस्य सर्वमिदं वशे ॥ यो भूतः सर्वस्येश्वरो यस्मिन्त्सर्वं

प्रतिष्ठितम् ॥ २० ॥ नमस्ते प्राणक्रन्दाय नमस्ते स्तनयित्नवे ॥ नमस्ते प्राण विद्युते नमस्ते प्राण वर्षते ॥ २१ ॥ नमस्ते अस्त्वायते नमो अस्तु परायते ॥ नमस्ते प्राणतिष्ठत आसीनायेतते नमः॥२२॥ नमस्ते प्राणप्राणते नमो अस्त्वपानते ॥ पराची नायते नमः प्रतीचीनायते नमः सर्वस्मै तइदं नमः ॥२३॥ प्राणः प्रजा अनुवस्ते पिता पुत्र मिव प्रियम् ॥ प्राणोह सर्वस्येश्वरो यच्च प्राणति यच्चन ॥ २४ ॥ प्राण माहुर्मातरिश्वानं वातोह प्राण उच्यते ॥ प्राणोहं भूतं भव्यं च प्राणेसर्वम्प्रतिष्ठितम् ॥ २५ ॥ अ० कां० १४प्र० २८ अ० १ ॥ सत्ये नोत्तभिता भूमिः सूर्येणो त्तभिता द्यौः ॥ ऋतेनादित्या स्तिष्ठन्ति दिवि सोमो अधिश्रितः ॥ २६ ॥ ॐ नमो ब्रह्मणे नमस्ते वायो त्वमेव प्रत्यक्षम्ब्रह्माऽसि ॥ त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि ऋतं वदिष्यामि सत्यं वदिष्यामि तन्मामवतु तद्वक्तारमवतु अवतुमामवतुवक्तारम् ॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥१॥ इति यजुर्वेद वेदव्याख्यानान्तर्गतायांतैत्तिरीयोपनिषदीदं वचनमस्तीति ॥

इन मन्त्रोंका अर्थ यहां नही करेंगे, किन्तु ऽ ग्रन्थ अधिक न बढजाय इससे वेदभाष्यमें इनका अर्थ लिखा जायगा. यहां तो केवल मंगलकार्यके आदि और समाप्तिमें पाठ करनेकेलिये लिखे हैं.

## ॥ अथ गर्भाधानं वक्ष्यामः ॥

अर्थ–गर्भस्याधानं–स्थापनं–स्थिरीकरणं. प्रथम गर्भाधान संस्कार लिखा जाता है. क्यों कि, जीव और शरीरके संबंधका आदि क्रियाभूत संस्कार यही है, इसीका नाम निषेक, ऋतुप्रदान और चतुर्थीकर्मभी है. गर्भाधान–गर्भका आधान–स्थापन, जिस क्रियासे गर्भ स्थिर होय, उसका नाम गर्भाधान कहते हैं. इसमें मनुका प्रमाण है.

निषेकादि श्मशानान्तो मन्त्रैर्यस्यो दितो विधिः

अर्थ–निषेक—गर्भस्थापन प्रथमसंस्कारसेलेके श्मशानान्त (मृत्युपर्यन्त) शोलह संस्कार जिस्के वेदमंत्रोंसे कहे हैं. मंत्रोंका विचार विचारसेही गर्भ स्थापन करना भोजन, छादन तथा व्यवहारभी विचारपूर्वक करना चाहिये. जब अत्यंत दृढ शरीर इन्द्रिय, बल, पराक्रम, यौवनअवस्था, वक्ष्यमाण प्रमाणसे ठीक होवे तब, परस्पर यथायोग प्रीति और व्यवहारसे गर्भस्थापन तथा संरक्षण करना चाहिये. इसमें शतपथके चौदहं काण्डके नवमे अध्यायका प्रमाण है.

सयः कामयेत महत्प्राप्नुयामित्युदगयनऽआपूर्यमाणपक्षे पुण्याहे द्वादशाह मुपवसद्व्रती भूत्वौदुम्बरेक ँ सेचमसे वा सर्वौषधं फलानीति सम्भृत्येत्यादि

अर्थ—जो पुरुष ऐसी कामना कर्ता है कि, महत्—महा श्रेष्ठ गुणयु अपत्य नाम सन्तानको मैं प्राप्त होऊं, सो पूर्ण चन्द्र अयन पक्षमें, पुण्य दिव प्रसन्नताके दिनको प्राप्त हो के द्वादश दिन व्रती नाम मिताहारी हो के, उदुम्बर ना गुलरके काष्ठका एक पात्र तथा उसीका चमसा अर्थात् जैसे दहीं विलोनेकेलिये ए पात्र और दुसरी मन्थनी बनाके दहींको मन्थते हैं, वैसेही वैद्यकशास्त्रो सर्वौषध जैकि वाजीकरण, पुष्टी, आरोग्य, बल और बुध्यादिके बढानेवाले औषधं को लेके दूधके साथ मिलाके जमादे. उसमेंसे मन्थन करके घी निकाल ले, उस थोडासा सुगंधादिक द्रव्योंके साथ मिलाके दोनों स्त्री पुरुष प्रातःहोम करें, फिर उ घीको आगे कहेंगे उनके साथ मिलाके दोनों खावें.

अथ यामिच्छेत् । गर्भंदधीतेति तस्यामर्थं निष्ठाप्य मुखेन मुख ँ संधाया पान्याभि प्राण्या दिन्द्रियेण ते रेतसा रेत आ दधामीति गर्भिण्येव भवति ॥ १० ॥

**अर्थ**—विवाहित स्त्रीको पति चाहै और स्त्रीभी पतिको चाहै; परस्पर प्रीतिसे गर्भधारण करनेकी इच्छा करैं, वे दोनों गर्भस्थापन समयमें अर्थात् पुरुषके शरीरसे वीर्य निकलके स्त्रीके शरीरमें जानेके समयमें दोनों स्थिर हो जांय, तथा दोनों सूधे शरीर रक्खें, कि मुखके सामने मुख, नासिकाके सामने नासिका, आंखके सामने आंख, हृदयके सामने हृदय, नाभिके सामने नाभि, अर्थात् दोनोंका शरीर बरोबर सूधे रहैं. बरोबर अनुसन्धान करके पुरुष प्राणको मुखसे आकर्षण करके वीर्यको छोडे; तथा स्त्री वीर्यको अपान वायुसे योनिद्वारा ऊपर आकर्षण करके भीतर वीर्यको स्थिर कर दे. जब दोनोंके शरीर और भीतर नाडीकी चेष्टा सिथिल हो जाय, तब दोनों पृथक् पृथक् हो जांय. दोनों फिर थोडा (पांच वा दश पल) ठहरके स्नान करैं; तथा प्रागुक्त औषधी सुगंधयुक्त लेके अग्निसे पकादे फिर उसको थण्डा दूधसे यथारुचि दोनों पिवें. फिर अलग अलग अपनी अपनी शय्यामें सो जांय. जब जब गर्भस्थापन करैं तब तब इसी रीतिसे और रात्रीके मध्यभागमें करैं अर्थात् रात्रीके दश बजेके पीछे जब तक दो बजे; यही गर्भस्थापनका समय है.

अथ इच्छेत् । पुत्रो मे गौरो जायेत वेद मनुब्रुवीत सर्वमायु रियादिति क्षीरौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्त मश्नीयातामीश्वरौ जनयित वै ॥ १३ ॥ अथ य इच्छेत् । पुत्रो मे कपिलः पिंगलो जायेत द्वौ वेदावनुब्रुवीत सर्वमायुरियादिति दध्योदनं पाचयित्वा० ॥ १४ ॥ अथ य इच्छेत् । पुत्रो मे श्यामो लोहिताक्षो जायेत त्रीन्वेदाननुब्रुवीत सर्वमायु रियादित्युदौदनं पाचयित्वा० ॥ १५ ॥ अथ य इच्छेत् । दुहिता मे पण्डिता जायेत सर्वमायुरियादिति दध्योदनं पाचयित्वा० ॥ १६ ॥ अथ य इच्छेत् । पुत्रो

मे पण्डितो विजिगीथः समितिंगमः शुश्रूषितां वाचं भाषिता जायेत सर्वान्वेदाननुब्रुवीत सर्वमायुरियादिति मा ं्सौदनं पाचयित्वा सर्पिष्मन्तमश्नीयातामीश्वरौ जनयित वाऽऔक्ष्णेन वार्षभेण वा ॥ १७ ॥

अर्थ—जो इच्छा करै कि, मेरा पुत्र गौर वर्णवाला उत्पन्न होय, एक वेदको पढै और पढावे, सर्वायु अर्थात् सौ वर्ष तक जीवे सो क्षीर–दूधमें तंडुल–(चावलको)पकाके अर्थात् खीर बनाके—पूर्वोक्त घीयुक्त उसीको नित्य खांय. उक्त समयमें ऋतु-प्रदान करैं, तो दोनों पुत्रोत्पत्ति करनेमें ईश्वर नाम समर्थ होंय. १३ और जो इच्छै कि कपिल नाम पीतकेश और वर्ण पिंगल–(पीले) नेत्रवाला दो वेदोंका पढ के पढानेमें समर्थ होय, सो वर्ष जीवै, ऐसे पुत्रके लिये दधीमें चावलको पकाके उस पूर्वोक्त घृतयुक्त खाके यथोक्त काल और रीतिसे ऋतुप्रदान करैं, तो यथोक्त पुत्र होनेका संभव है. १४जिसको ऐसी इच्छा होय कि, श्याम वर्ण, रक्त नेत्र, तीन वेदोंको पढके पढाने वाला सर्वायु युक्त पुत्र होय वे जलमें औदन–भात बनाके पूर्वोक्त घीयुक्त खांय तो यथोक्त पुत्र होनेका संभव है. १५ जो इच्छै कि, मेरी दुहिता नाम पुत्री पण्डित और सौ वर्ष तक जीवने वाली होय, वह तिल और चावलको जलमें पकाके पूर्वोक्त घी युक्त खांय तो वैसी पण्डित पुत्री होनेका संभव है. १६ जो चाहै कि, मेरा पुत्र पण्डित सदसद्विवेकी शत्रुओंको जीतने वाला स्वयं जीतनेमें न आने वाला, युद्धमें गमन, हर्ष, और निर्भयता करने वाला, शिक्षित वाणिका बोलने वाला, सब वेद, वेदांग, विद्याका पढने और पढाने तथा सर्वायुका भोगने वाला पुत्र होय. वह मांसयुक्त भातको पकाके पूर्वोक्त घृतयुक्त खांय, तो वैसे पुत्र होनेका संभव है. १७ यह बात एक देशी है, सर्व देशी नहीं, क्यों कि! मांससे पौष्टिक गुण वाला द्रव्य दग्ध और औषधादिकोंमें अधिकही है.

## ॥ ऋतुदानका काल ॥

मनु आदि ऋषियोंने ऐसा निश्चय किया है कि,

ऋतु कालाभिगामीस्या त्स्वदार निरतःसदा ॥ पर्व वर्ज्जं व्रजेच्चैनां तद्व्रतो रतिकाम्यया ॥ ४५ ॥ ऋतःस्वाभाविकः

स्त्रीणां रात्रयः षोडशस्मृताः ॥ चतुर्भिरितरैः सर्द्ध महो-
भिः सद्विगर्हितैः॥ ४६ ॥ तासामाद्याश्चतस्रस्तु निन्दितै-
कादशी च या ॥ त्रयोदशी च शेषा स्तु प्रशस्ता दशरा॰
त्रयः ॥ ४७ ॥ युग्मासु पुत्रा जायन्ते स्त्रियोऽयुग्मासु
रात्रिपु ॥ तस्माद्युग्मासु पुत्रार्थी संविशेदार्त्तवेस्त्रियम्
॥ ४८ ॥ पुमान्पुंसोधिके शुक्रे स्त्री भवत्यधिके स्त्रियाः॥
समेऽपुमान्पुंस्त्रियौ वा क्षीणेल्पेच विपर्ययः ॥ ४९ ॥
निंद्या स्वष्टासु चान्यासु स्त्रियो रात्रिपु वर्जयन् ॥ ब्रह्म-
चार्येव भवति यत्र तत्राश्रमे वसन् ॥ ५० ॥

अर्थ—गृहस्थ सदा ऋतुकालाभिगामी और स्व स्त्रीके साथही प्रीति-युक्त होय. एकस्त्रीव्रत सदा होय, रतिकामना और संतानोत्पत्तिके हेतुसे अमावास्या पूर्णमासीको छोडके ऋतुदानकेलिये विवाहित स्त्रीमें ऋतुप्रदान करें सन्तानकेलिये ४५. स्त्रियोंको ऋतुकाल समय स्वाभाविक है, सो जिस दिन रजोदर्शन होय, उस दिनकोलेके शोलहवे दिनपर्यंत अवधी है. उनमेंसे प्रथम, द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ, इन निन्दित चार दिनोंकेसाथ सोलह दिन होते हैं. ४६. उन शोलह रात्रियोंके बीचमेंसे चार रात्री प्रथमकी छोडके अग्यारहवी तथा तेरहवी ए छः रात्री त्याज्य हैं. अन्य जे दश रात्री बाकी रही, उनमें, ऋतुदान देना चाहिये; तथा उनके बीचमें अमावास्या किंवा पूर्णमासी आवे उनकोभी त्याज्य कर देना. रजोदर्शनके चार दिनोंमें स्त्रीका समागम करनेसें पुरुषका आयु, बल, तेज, और बुद्धिकी हानी हो जाती है; क्यों कि! उन चार दिन पर्यंत स्त्रीके शरीरमें एक प्रकारकी उष्णता रोगकारक रहती है, तथा गर्भभी नहीं स्थिर होता; तथा अन्य उक्त त्याज्य रात्रियोंमें स्त्रीके शरीरमें धातु विषम होती है; इसलिये उनरात्रियोंका निषेध है. ४७ युग्मरात्री अर्थात् छठी, आठवी, दशवी, बारहवी और चौदहवी इन रात्रियोंमें ऋतुदान (गर्भस्थापन) करनेसे पुत्र उत्पन्न होता है; क्यों कि! उनमें स्त्रीके वीर्यकी न्यूनता रहती है, तथा पांचवी, सातवी और नववीमें ऋतुदान देनेसे कन्या उत्पन्न होती है. क्यों कि! इनमें स्त्रीका वीर्य अधिकोन्नत होता है ४८ अतएव पुरुषके अधिक वीर्य होनेसे पुत्रोत्पत्ति, और स्त्रीके अधिक वीर्य

होनेसे कन्योत्पत्ति, दोनोंके तुल्य वीर्य होनेसे नपुंसक होता है; तथा क्षीण और कम वीर्य होनेसे गर्भही नहीं रहता. ४९ पूर्वोक्त निन्दित आठ रात्रियोंमें जो त्याज्य लिखी है, इनको छोडके शेष आठ रात्रियोंमें जो ऋतुदान (गर्भस्थापन) करै सो गृहाश्रमी जहां वास करै वहां वह ब्रह्मचारीही होता है. इससे क्या निश्चित हुआ! कि गृहस्थ, स्त्री और पुरुष, एक महिनेके बीचमें यथोक्त प्रकारसे एक, दो, तीन, चार, पांच, छः, सात और आठ दिनोंमें एक एक वार गर्भस्थापन किया करे; अन्यथा स्व शरीर और सन्तान क्षीण, रोगी होके दुःख प्राप्त होना होगा; चारों वेदोंके जो गृह्यसूत्र उनमेंभी ऐसी गर्भाधान व्यवस्था है.

## आश्वलायन गृह्यसूत्र अध्याय १ खंड १३.

उपनिषदि गर्भलम्भनं पुंसवनमनवलोभनं च ॥ १ ॥
यदि नाधीयात् तृतीये गर्भमासे तिष्येणोपोषितायाः स-
रूपवत्साया गोर्दधनि द्वौ द्वौ मासौ यवंच दधि प्रसृतेन
प्राशयेत् ॥२॥ किं पिवसि किं पिवसीति पृष्ट्वा पुंसवनं
पुंसवनमिति त्रिःप्रतिजानीयात् ॥३॥ एवंत्रीन् प्रसृतान्॥४॥

तथा यजुर्वेदके गृह्यसूत्रमेंभी इसी प्रकारकी व्यवस्था है.

अथ गर्भाधानꣳस्त्रिया पुष्पवत्याश्चतुरहा दूर्ध्वꣳस्नात्वा
विरुजाया स्तस्मिन्नेवदिवा आदित्यं गर्भमित्यादित्यम-
वेक्षते गृहे वा स्नापयित्वा तामभिगच्छेदितिश्रुते स्तस्मि-
न्प्रजायाः संभव काले निशायां कूर्याद्यदि दिवा मैथुनं
व्रजे क्रिबा अल्प वीर्या अल्पायुषा श्च प्रसूयन्ते तस्मा-
देतद्वर्जयेत्प्रजाकामो गृही श्रुति स्मृति विरोधाभ्यां द-
क्षिणेन पाणिना उरूप्रसार्य प्रजास्थान मभिमृशति॥ पूषा
भगꣳसविता मे ददातु रुद्रः कल्पयति ललामगुं विष्णु-
र्योनिं कल्पयतु त्वष्टारूपाणि पिꣳशतु ॥ आसिंचतु

प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते । गर्भं धेहि सिनिवालि गर्भं धेहि पृथुष्टुके । गर्भं ते अश्विनौ देवा वा धत्तां पुष्करस्रजाविति स॒ृजेथा स्तेजो वैश्वानरो दया ब्राह्मण मा मन्त्रयते ब्रह्मा गर्भं दधात्विति प्राङ्मुख उदङ्मुखो वोपविष्टो मन्थेद्रेतो मूत्र मिति चैके स्रावणं कुर्यात् ॥१४॥ सा यदि गर्भं न दधीत सिंह्याः श्वेत पुष्पा उपोष्य पुष्येण मूल मुत्थाप्य चतुर्थे हनि स्नातायां निशायांमुदपेषं पिष्ट्वास्या न्नासिकायादक्षिणमासिंचती यमोषधी त्रायमाणा सहमाना सरस्वती । अस्या अहं बृहत्याः पुत्रः पितुरिव नाम जग्रभमिति ॥ १५ ॥

गोभिल और शौनक गृह्यसूत्रोंमेंभी ऐसीही व्यवस्था है, विशेष नहीं, इससे नहीं; तथा चारों वेदोंमेंभी गर्भाधान विधायक मन्त्र हैं.

ऋ० अ० ४ अ० ४ वर्ग २०.

यथा वातः पुष्करिणीं समिंगयति सर्वतः । एवा ते गर्भ एजतु निरैतु दशमास्यः ॥ ७ ॥ यथा वातो यथा वनं यथा समुद्र एजति ॥ एवा त्वं दशमास्य सहावेहि जरायुणा ॥ ८ ॥ दश मासाञ्छशयानः कुमारो अधि मातरि ॥ निरैतु जीवो अक्षतो जीवो जीवन्त्या अधि ॥ ९ ॥ ऋ० अ० ८ अध्याय ८ व० ४२ ॥ विष्णुर्योनिं कल्पयतु त्वष्टा रूपाणि पिंशतु । आ सिंचतु प्रजापतिर्धाता गर्भं दधातु ते ॥ १ ॥ गर्भं धेहि सिनीवालि गर्भं धेहि सरस्वति । गर्भं ते अश्विनौ देवावा धत्तां पुष्करस्रजा ॥ २ ॥

हिरण्ययी अरणी यं निर्मन्थतो अश्विना। तंते गर्भं हवामहे दशमे मासि सूत वे ॥ ३ ॥

॥ तथा यजुर्वेदमें अध्याय ८ मंत्र २८ ॥

एजंतु दश मास्यो गर्भो जरायुणा सह ॥ यथा यं वायुरेजंति यथा समुद्र एजंति ॥ एवायं दशमास्योऽअस्त्रंज्जरायुणा सह ॥ अ॰ १३ मन्त्र ४१ ॥ आदित्यं गर्भं पयसा समंङ्धि सहस्त्रस्य प्रति मां विश्वरूपम् ॥ परिवृङ्धि हरंसा माभिमं २स्थाः शतायुषं कृणुहि चीयमा नः ॥ यजु॰ अ १९ मन्त्र ७६ ॥ रेतो मूत्रं विजहाति योनिं प्रविशदिन्द्रियम्। गर्भो जरायुणावृत उल्बं जहाति जन्मना ॥ २ ऋतेन सत्य मिंन्द्रियं विपानं २शुक्रमन्धस इन्द्रस्येंद्रियमिदं पयोऽमृतं मधु ॥ यत्ते सुसी मे हृदयं दिवि चन्द्रमसिश्रितं। वेदाहं तन्मां तद्विद्यात् ॥ पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत २शृणुयाम शरदः शतमिति.

तथा सामवेदेपि विष्णुर्योनिंकल्पयतु॰ गर्भंधेहि सिनीवालिऋग्वेदवत्पाठः ॥ अयं विशेषः। पुमा २सौ मित्रा वरुणौ पुमा २सा वश्विना वुभौ ॥ पुमानग्नि श्च वायु श्च पुमान् गर्भं स्तवोदरे ॥ पुमानग्निः पुमानिन्द्रः पुमां देवो बृहस्पतिः पुमा २सं पुत्रं विन्दस्व तं पुमाननुजायताम् ॥

तथा अथर्व वेदेका॰ ६ प्र॰ १६ अनु॰ १७

यथेयं पृथिवी मही भूतानां गर्भं मादधे। एवा तेंध्रियतां गर्भो अनुसूतुं सवितवे ॥ १ ॥ यथेयं पृथिवी मही दाधारे

मान्वनस्पतीन् । एवा० ॥ २ ॥ यथेयं पृथिवी मही दाधार पर्वतान् गिरिन् । एवा० ॥ ३ ॥ यथेयं पृथिवी मही दाधार विष्ठितं जगत् एवाते भ्रियतां गर्भो अनुसूतुं सवितवे ॥ ४ ॥

संक्षेपसे, इन सूत्रोंका अर्थ करता हूं: आश्वलायन गृह्यसूत्रमें प्रतिज्ञा करी है कि उपनिषद्में गर्भका लाभ पुंसवन उसके नहींहोनेका निषेध कहा है सो बृहदारण्य उपनिषद् है, उसका संक्षेपसे विधान पूर्व लिख आये, सो जान लेना. १. जो, स्त्री गर्भधारण न करै, तो शंखा वल्यादि औषधी स्त्रीको खिलावै गायके दहीमें अथवा यवान्नको खिलावै. २. स्त्रीसे पूंछना कि तूं क्या पीती है. वहकहै कि पुंसवनको, सो तीन चार बार औषधि पिलावै. ३. इस प्रकारसे तीनबार कहै और पिलावै. ४. यह आश्वलायन गृह्य सूत्रका अभिप्राय है, तथा पारस्कर कात्यायन गृह्य सूत्रका भी ऐसा अभिप्राय है; सो यथायोग्य अर्थ जान लेना. ग्रन्थविस्तार नहीं होय इससे संक्षेपसे अर्थ लिखते हैं. (अथ गर्भाधानमित्यादि). जब चार दिनके पीछे पांचवे दिन रजस्वला स्त्री शुद्ध होय उसीदिन आदित्यंगर्भमिति परमेश्वरकी प्रार्थना करके स्नानके पीछे प्रथम सूर्यको देखे, पीछे पतिको; यथोक्त रात्रीमें वीर्य प्रदान करै, दिवसमें नही. जो, दिवसमें ऋतुदान करता है उसके सन्तान नपुंसक, अल्प वीर्य और अल्पायु होते हैं. इससे दिवसमें स्त्रीका समागम कभी न करै. वीर्य प्रदान समय प्रथम पूषेत्यादि यथा लिखित मन्त्रोंसे परमेश्वरकी स्तुति, प्रार्थना करके गर्भाधान करै: पूषा पुष्टिकारक सर्व जगदुत्पादक परमेश्वर, भग–ऐश्वर्ययुक्त गर्भ मुझको दे; रुद्र–दुष्टोंका ताडन करनेवाला परमात्मा गर्भकी कल्पना सामर्थ्य करे, तथा विष्णु–व्यापक जो परमात्मा सो गर्भधारणमें योनीको समर्थ करै, तथा त्वष्टा अनेक विध सौंदर्य गुणोंसेयुक्त गर्भको करै, प्रजापति जो परमेश्वर सो गर्भको आसेचन करै. तथा सब जगत्का धाता जो धारण करनेवाला परमेश्वर सो गर्भको धारण करै, दश महिनेके पूर्व गिरने नही दे, ऐसी कृपा ईश्वर मुझपर करै. हे सिनीवाली!!–पत्नी, वाल्य–कोमल गुण युक्ते, स्नेह बंधन गुण युक्त, तूं गर्भको ईश्वरानुग्रहसे धारण कर; तथा हे पृथुष्टुके!– विस्तीर्ण हृदये! तूं गर्भको धारण कर. तथा तेरे गर्भको अश्विनदेव अर्थात् शरीर और ब्रह्माण्ड धारक सूर्य, चन्द्र, नक्षत्रादि माल्ययुक्त जे प्राण और अपान वे धारण करैं.

हे स्त्री ! तूं पुरुषका संग कर, तथा गर्भ और बालककाभी संसर्गसे पालन कर, तथा तेज स्वप्रकाशस्वरूप जिसमें विराजमान जो परमात्मा, सो तुझको गर्भका दान कृपासे करै. १४ जो स्त्री गर्भ धारण न करै, उसको पूर्वोक्त औषधी जलमें पीसके नासिकाका दक्षिण द्वारसे आसेचन करावे; यह औषधी तेरे गर्भकी रक्षणीय तथा सहनकारक होय, तथा शुद्ध वागिन्द्रिय कारकभी होय; इस स्त्रीका पुत्र बडा होय, पिताकीनाई, और उसका नाम मैं रक्खों. १५

अब संक्षेपसे वेदमंत्रोंका अर्थ लिखता हूं. जैसे सब ओरसे पुष्करणी-आदिकाख्य जलाशयको धीरे धीरे वायु चलाता है, हे स्त्री ! वैसेही तेरा गर्भ प्राणादि शक्तियुक्त होके धीरे धीरे चेष्टा करै, तथा सुखपूर्वक दशवे महिने बाहर आवे. अर्थात् जन्म होय, गर्भवती स्त्री गर्भकी रक्षा यथावत् करै. ७ जैसे वायु, जैसे वन, और जैसे समुद्र धीरे धीरे चेष्टा कर्त्ता है, वैसेही हे गर्भ तूं जरायु (ओविष्टनके साथ) पूर्ण दशवे महिनातक गर्भमें धीरे धीरे चेष्टा करके फिर बाहर सुख पूर्वक आव. ८ माताके उदरमें दश महिनातक शयन करके जीता अक्षत-(सांगोपांङ्ग) कुमार बाहर आवे. उस कुमारकी माताभी निरोग सुख पूर्वक जीव युक्तका जीवभी आनन्दपूर्वक रहे; ऐसी कृपा परमात्मा हम सब पर करै. ९ विष्णुर्योनिं इत्यादि दोनो मंत्रोंका अर्थ पूर्व कर चुके हैं.

स्त्री हिरण्ययी-अर्थात् तेजास्विनी अरणीस्थानी होय, वह स्त्री और मैं जो पुरुष, हम दोनोंके समागमसे आदित्यरूप गर्भ स्थित होता है. जैसे अरणीको मन्थन करनेवाले पुरुषको अग्नि प्राप्त होता है वायुके साथ, वैसे हे स्त्री! गर्भको हमलोग तुझसे ग्रहण करते हैं. सो दशवे महिनेमें उत्पन्न होता है ३. इत्यादि ऋग्वेदके मन्त्र हैं, इसके आगे यजुर्वेदस्थ मंत्रोंका संक्षेपसे अर्थ कर्त्ते हैं. एजत्विति इसका अर्थ पूर्व किया गया है. आदित्यमिति-हे परमेश्वर! चीयमान-गर्भकी चयन-सुखपूर्वक वृद्धि कर, आदित्यवत् तेजस्वी कर, तथा पयसा गर्भको अमृतका सहभागी कर, तथा विश्वरूप-जगत्के रूप लावण्ययुक्त हजारह मनुष्योंके बीचमें प्रतिष्ठा सबका तोलन करनेवाला कर, उसके सब दुःखोंका हरण कर, उस गर्भका हिंसन-ताडन मत कर. तथा कृपासे गर्भको शतायुष (शतवर्ष) सुखसे जीवनयुक्त कर १६. इत्यादि यजुर्वेदमें गर्भाधानका प्रतिपादन किया है. तथा सामवेदमेंभी गर्भाधानका विधान किया है. (पुमांऽसाविति०) जैसे सूर्य और चंद्र तेजादि पुरुषार्थयुक्त ब्रह्माण्डोदरमें हैं, तथा जैसे शरीरमें प्राण और अपान पुरुषगुणयुक्त हैं, तथा अग्नि और वायुभी पुरुषार्थयुक्त हैं, वैसे हे स्त्री ! तेरे उदरमें गर्भ श्रेष्ठ गुणयुक्त है १. जैसा अग्नि, चंद्रमा, और सूर्य पुरुषगुणयुक्त हैं, वैसे श्रेष्ठ गुणयुक्त पुत्रको हे स्त्री !

। प्राप्त हो. सो तुझसे उत्पन्न होके श्रेष्ठ गुणोंमें प्रादुर्भूत जगत्में सत्कीर्तिसे प्रसिद्ध
।न; ऐसी इश्वर अपनेपर कृपा करै. इत्यादि सामवेदमें निषेक संस्कार विधान
है. तथा अथर्ववेदमेंभी निषेक संस्कार विधान लिखा है. यथेयमित्यादि० जैसे यह
थिवी—(मही) भूतोंके गर्भको धारण करती है, वैसेही तेरा गर्भ स्थिर होय. दशवे म-
हिनेमें जन्मकेलिये. १ जैसे पृथिवी, (मही) वनस्पतियोंको धारण करती है; वैसे-
ही पूर्ववत्. २ जैसे पृथिवी (मही) पर्वतोंको धारण करती है, वैसेही पूर्ववत्. ३ जैसे यह
थिवी—(मही) सब प्रविष्ट यथावत् जो जगत् उसको धारण करती है; वैसे ही दशवे महिनेमें
त्पन्न होनेकेलिये परमेश्वरानुग्रहसे तेरा गर्भ सुरक्षित और स्थिर होय. ४

यह इसमें उपदेष्टव्य है कि, स्त्री जबसे गर्भवती होय, उस कालसे उत्तम सुगंध,
ष्ट, मिष्ट और रोग नाशक गुणवाले पदार्थोंका भोजन पानादि व्यवहार करै. तथा ग-
न, भाषण, शयन, हास्यादि व्यवहारभी युक्तिपूर्वक करै. जिससे गर्भको कोई प्रकारकी
ीडा न होय, सुखपूर्वक गर्भ रहे. तथा पुनः गर्भवती स्त्री दश महिनोंके बीचमें पुरुषसे
संग न करै. तथा पुरुषभी स्त्रीसे प्रसंग न करै. और पुरुष एक वर्षपर्यंत मिताहा-
, ब्रह्मचारी और वीर्यकी रक्षामें तत्पर रहै; जिससे दूसरा सन्तानभी श्रेष्ठ गुणयुक्त
ोय; जब दशवे महिने बालकका जन्म हो जाय; उसके पीछेभी दो महिनातक स्त्रीसे
संग न करै. क्यों कि! उस वक्त स्त्रीका शरीर निर्बल रहता है. दो महिनेके पीछे फि-
भी स्त्रीका शरीर युवावस्थास्थ बलयुक्त होता है; उसके पीछे यथोक्त रीतिसे परस्पर
र्भाधानकी क्रिया करै.

इति संक्षेपतो वेदोक्तो गर्भाधानविधिः सम्पूर्णः

## ॥ अथ पुंसवनम् २ ॥

इसके अनेक विकल्प हैं, जिस दिवस गर्भ स्थित होय, उससे द्वितीय, तृतीय, वा
चतुर्थ मासमें पुंसवन संस्कार करना. पुरुषत्वका अर्थात् वीर्यत्वका लाभ जिसमें जिस-
करके होय, सो कहावे पुंसवन. सो आश्वलायन गृह्यसूत्रमें प्रथमाध्यायके तेरहवे
[illegible]

अथास्यै मण्डलागारच्छायायां दक्षिणस्यां नासिकायाम-जीतामोषधीं नस्तः करोति ॥५॥ प्रजावज्जीवपुत्राभ्यां हैके. आ ते गर्भो योनिमेतु पुमान्बाण इवेषुधिं ॥ आ वीरो जायतां पुत्रस्ते दशमास्यः ॥ अग्निरेतु प्रथमो देवतानां सोऽस्यै प्रजां मुंचतु मृत्युपाशात् ॥ तदयं राजा वरुणोऽनुमन्यतां यथेयं स्त्री पौत्रमघं न रोदादिति ॥६॥ प्राजापत्यस्य स्थालीपाकस्य हुत्वा हृदयदेशमस्या आलभेत ॥ यत्ते सुसीमे हृदये हितवन्तः प्रजापतौ । मन्येऽहं मां तद्विद्वांसमाह पौत्रमघन्नियाम् इति ॥ ७ ॥

(तथा पारस्कर गृह्यसूत्रेपि)

अथ पुंसवनं पुरास्यन्दत इति मासे द्वितीये तृतीये वा यदहः पुंसा नक्षत्रेण चन्द्रमा युज्येत तदह रुपवास्या प्लाव्याहते वाससी परिधाय न्यग्रोधा वरोहां छुंगांश्च निशायामुदपेषं पिष्ट्वा पूर्ववदासेचनं हिरण्यगर्भोद्भ्यः संभृत इत्येताभ्यां कुशकंटंसोमां शुंचैके कूर्मपित्तं चोपस्थे कृत्वा स यदि कामयेत् वीर्यवांस्स्यादिति विकृत्यैन मभिमन्त्रयते सुपर्णोसीति प्राग्विष्णु क्रमेभ्यः॥१६॥

गोभिल और सौनक गृह्यसूत्रमेंभी इसी प्रकारसे पुंसवन विधान है; इसे नही लिखते क्योंकि पुनरुक्त एक विषय अनेकवार लिखना उचित नहीं.

## तथा सामवेदे मंत्र ब्राह्मणे

पुमां सौ मित्रा वरुणौ पुमां सा वश्विनावुभौ ॥ पुमा नग्निश्च वायु श्च पुमान् गर्भस्तवोदरे ॥ १ ॥ पुमा नग्निः

पुमानिन्द्रः पुमान्देवो बृहस्पतिः ॥ पुमा१ंसं पुत्रं विन्दस्व तं पुमाननु जायताम् ॥ २ ॥

अथर्व॰ काण्ड ६ अनुवा॰ २ प्रपाठ॰ ११ ॥

शमी मश्वत्थ आरूढ स्तत्र पुंसवनं कृतम् ॥
तद्वै पुत्रस्य वेदनं तत्स्त्रीष्वा भरामसि ॥ १ ॥
पुंसि वै रेतो भवति तत्स्त्रियामनु षिच्यते ॥
तद्वै पुत्रस्य वेदनं तत्प्रजापति रब्रवीत् ॥ २ ॥
प्रजापति रनुमतिः सिनीवाल्यचीकृपत् ॥
स्त्रैषु यमन्यत्र दधत्पुमांसमुदध दिह ॥ ३ ॥

अब मंण्ड लागारच्छाया मित्यादि पारस्करसूत्रोंका संक्षेपसे अर्थ लिखता हूं ।क, द्वितीय, वा तृतीय तथा चौथेमहिनेमें पुंसवन संस्कार करै. गर्भवती स्त्रीको घरकी छायामें दूर्वा ओषधीका रसको नाकके दक्षिण पुटसे सुंघावे गर्भ स्थिरताके लिये; इन ऋग्वेदके दो मन्त्रोंसे आशंसा और ईश्वरकी स्तुति करै; उनमन्त्रोंका अर्थ, हे स्त्री ! तुझमें पुमान्–पुत्ररूप गर्भ स्थिर होय; जैसे बाणोंके घरमें बाण प्राप्त होके स्थिर रहते हैं, वैसे तेरे उदरमें गर्भ निवास करै. और दश महिना जब पूरे हो जांय, तब शूरवीरादि, गुणयुक्त तेरा पुत्र उत्पन्न होय. १ देवता विद्वानोंका प्रथम विद्वान् अनन्त विद्यायुक्त अग्नि जो परमेश्वर, सो अपनेको प्राप्त होय. सो प्राप्त होके अपने गर्भ और प्रजाको मृत्यु आदि दुःखोंसे छुडाके आनन्दरूप रक्खें; सो जो वरुण सबसे श्रेष्ठ परमात्मा, अपना राजा अपनी प्रार्थनाको स्वीकार करै; जिससे तूं जो मेरी स्त्री, सो पुत्र विरह दुःखसे रोदन कभी न करै; किन्तु सन्तानोंके सुखसे सदा आनन्दमें तूं और हम दोनों रहैं. ६ प्रजापति जो परमेश्वर तदर्थ पायसादि सुन्दर पाक करके उसका होम करके शेषका भोजन करावे और करै. फिर स्त्रीके हृदय देशको हाथसे स्पर्श करके पति (यत्ते इत्यादि) मन्त्रको पढे.

हे सुसीमे! सौंदर्यादि गुणयुक्ते स्त्री! तेरे हृदयमें हितादि गुणवाले पुत्र स्थिर होय, हे प्रजापति जो सब जगत्का स्वामी परमात्मामें प्रीति करने वाले अपने पुत्र होय,

किंवा मैं जो पुत्रादि प्रजाकापति उसमें पुत्र अत्यन्त हितकारक होंय; ऐसा मैं मानता हूं कि, मेरेको अर्थात् विद्वान्को सो अन्तर्यामी ब्रम्ह उपदेश कर्त्ता है, मैं पुत्रोंके विना दुःख-को प्राप्त कभी न होऊं; ईश्वरानुग्रहसे पुत्र सुख वाले अपने होंय १.

(अथ पुंसवन मित्यादि)—पारस्कर गृह्यसूत्रका विशेषार्थ इतना है कि, *जिस दिन पुष्य, श्रवण, पुनर्वसु, पुंलिंग शब्दवाच्य नक्षत्रयुक्त चन्द्रमा होय; उस दिन* वटवृक्षसे जटा वा कूंपल जलमें पीसके नासिकाका दक्षिण छिद्रसे सूंघे; और पीवे तथा आसेचन करै, इन दो मन्त्रोंसे.

## यजुर्वेद अध्याय १३ मन्त्र ४

हिरण्य गर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आ-
सीत् ॥ स दाधार पृथिवींद्या मुते मां कस्मै देवाय हवि-
षा विधेम ॥ य० अ० ३१ मन्त्र ११ अद्भ्यः सम्भृतः
पृथिव्यै रसाच्च विश्वकर्मणः समवर्त्तताग्रे । तस्य त्वष्टा
विदधद्रूपमेति तन्मर्त्यस्यदेवत्वमाऽजान मग्रे॥

इन दोनों मंत्रोंका अर्थ—जब सृष्टि नहीं हुई थी तब हिरण्यगर्भ–(स्वप्रकाश ज्योति स्वरूप) परमात्मा, एकही विद्यमान था; सोही इस जगत्का उत्पन्न करने वाला और पति है. सो पृथिवीसे लेके सूर्यादि दिव्य सृष्टि पर्यन्त सब जगत्को रचके धारण कर्त्ता है. उसी परमात्माकी अपने भक्ति करैं, दूसरेकी नहीं. सो जैसे सब जगत्का धारण और रक्षण कृपा दृष्टिसे कर्त्ता है; वैसे ही, गर्भकाभी धारण और रक्षण अवश्य करेगा १. जल और पृथिवी इस्की ओषधियोंके रससे संभृत–(धारित रस) जो वीर्य उससे यह गर्भ धारण और उत्पन्न होता है. जैसे पृथिव्यादि जगत्, विश्वकर्मा परमात्माके सामर्थ्यसे आदिकालमें उत्पन्न होके वर्त्तमान हो रहा है; वैसे ही वीर्यसे गर्भ धारण और उत्पन्न होता है. जैसे इस जगत्के रूपादि पदार्थोंका विधान त्वष्टा जो सृष्टि करनेवाला परमात्मा विचित्ररूप बनाता है, वैसे ही प्रथम गर्भसेलेके मनुष्यका देवपणा तथा आज्ञान–उत्तम गुण, वीर्य और परमात्माकी कृपासे मनुष्य इस शरीरको शिल्पिवत् बनाता है. सो परमात्मा अत्यन्त करुणा करके इस कर्मकी रक्षा और उत्तम गुण वाला उत्पन्न करै; इन दोनों मंत्रोंसे परमेश्वरकी प्रार्थना करै, जिस्से गर्भ स्थिर रहे

तथा कुश, कंटकारी सोमलता और शुंगनामक आदि औषधियोंका यथायोग्य प्रयोग करे. इसी प्रकार गोभील और शौनक गृह्यसूत्रमेंभी है कुच्छ विशेष नहीं है इससे लिखनेका आवश्यक नही.

अब पुमा॑ं इत्यादि सामवेदस्थ मंत्रोंका अर्थ लिखा जाता है. जैसे प्राण और अपान पुरुष है, तथा अश्विना-पृथिवी और आकाश पुरुष है, जैसे अग्नि और वायु पुरुष है; वैसेही तेरे उदरमें पुरुषरूप गर्भ है. उस्का तू यथावत् संरक्षण कर. १ जैसे जठराग्नि, इन्द्र नाम वायु, बृहस्पति जो सूर्य पुरुष हैं, वैसे पुत्रको तूं प्राप्त हो. तथा इस एक पुत्र उत्पन्न होनेके पीछे अन्य पुत्रोंकोभी प्रादुर्भूत-उत्पन्न कर. २ तथा अथर्ववेद संहितामेंभी ऐसाही है. उन तिनों मंत्रोंका क्रमसे अर्थ-शमी इत्यादि. जैसे शमी वृक्षपर अश्वत्थ (पिप्पलवृक्ष) आरूढ होता है, वैसे शमी स्थानी स्त्री और अश्वत्थ स्थानी पुरुष, इन दोनोंके समागमपूर्वक गर्भ स्थिति करके पुंसवन पुरुषत्वका लाभ किया जाता है. उसमें विपरीतता होनेसे नही होता; किन्तु! यही पुत्रका वेदन (प्राप्तिका) उपाय है अन्य नहीं. सो वीर्य सेचनद्वारा गर्भका धारण पोषण कर्ते हैं. १ पुरुषमें जो रेत (वीर्य) उत्पन्न होता है, उस्को स्त्रीमें सेचन कर्ते हैं. यही उपाय पुत्र प्राप्तिका है, सो प्रजापति परमेश्वर पुत्र प्राप्तिका निश्चित इसी उपायको उपदेश कर चुका है. उस उपदेशको सब मनुष्य यथावत् मानें. २ सो प्रजापति-परमात्मा-सब विद्या और धर्मकी अनुज्ञा-उपदेश करनेवाला है; सो सिनी जो प्रेमादि उत्तम व्यवहारोंसे बन्धनका हेतु है, वाली-जो सुकुमार्यादि गुणयुक्त किंवा उत्तम केशयुक्त स्त्री गर्भधारणमें समर्थ होती है. जिस्में पति पुरुष गर्भको धारण कर्ता है क्यों कि! इस संसारमें सन्तानोत्पत्तिका परमेश्वरनें नियम निर्धारित यही किया है कि, स्त्री क्षेत्ररूप और पुरुष बीजरूप दोनोंके संयोगसे सन्तानोत्पत्ति होना. स्त्रीसे भिन्न अन्यत्र मनुष्योत्पत्ति नही होना, यह साधारण स्त्री और पुरुषका नियम है, सो स्त्री और पुरुष दोनों गर्भ और वीर्य्यकी यथावत् रक्षा करे. ३ इत्यादि पुंसवन संस्कारकाभी वेदादि शास्त्रोंमें यथार्थ विधान है. यह जो दुसरा पुंसवन संस्कार सो संक्षेपसे पुरा हो गया.

## इति पुंसवन संस्कारः पूर्तिप्राप्तः

# ॥ अथ सीमन्तोन्नयन संस्कारारंभः ॥

सीमन्तोन्नयन यह तृतीय संस्कारका विधान इस प्रकार आश्वलायन गृह्यसूत्रमें प्रथमाध्यायके चौदहवे खंडमें लिखा है कि,

चतुर्थे गर्भमासे सीमन्तोन्नयनम् ॥ १ ॥ आपूर्यमाण-पक्षे यदा पुंसा नक्षत्रेण चन्द्रमा युक्तः स्यात् ॥ २ ॥ अथाग्निमुपसमाधाय पश्चादस्याऽऽनडुहं चर्मास्तीर्य प्रागग्रीवमुत्तरलोम तस्मिन्नुपविष्टायां समन्वारब्धा-यां धाता ददातु दाशुष इति द्वाभ्यां राकामहमिति द्वाभ्यां नेजमेष इति तिसृभिः प्रजापते न त्वदेतान्यन्य इति च ॥ ३ ॥ अथास्यै युग्मेन शलाटुग्लप्सेन त्र्येण्या च शलल्या त्रिभिश्च कुशपिञ्जूलैरूर्ध्वं सीमन्तं व्यूहति भूर्भुवः स्वरोमिति त्रिः ॥ ४ ॥ चतुर्वा ॥ ५ ॥ वीणा-गाथिनौ संशास्ति सोमं राजानं संगायेतामिति ॥ ६ ॥ सोमो नो राजाऽवतु मानुषीः प्रजा निविष्टचक्राऽसा-विमां नदीमुपवासिथा भवन्ति ॥ ७ ॥ इति.

तथा यजुर्वेदका पारस्कर गृह्यसूत्रमेंभी ऐसा लिखा है कि,

पुंसवनवत्प्रथम गर्भे मासे षष्ठेऽष्टमे वा तिल मुद्ग मिश्रं स्थालीपाकं श्रपयित्वा प्रजापतेर्हुत्वा पश्चा दग्नेर्भद्रपीठ उपविष्टायां युग्मेन सटालुग्रप्सेनौदुंबरेण त्रिभिश्च दर्भ पिंजुलैः त्र्येण्या शलल्या वीरतर शंकुना पूर्ण चात्रेण च सीमन्त मूर्द्ध विनयति भूर्भुवः स्वरिति प्रति महा व्याहृतिभिर्वा त्रिवृत्तमा बध्नात्यय मूर्ज्जावतो वृक्ष

ऊर्ज्जीव फलिनी भवेत्यथाह वीणा गाथिनौ राजान ं संगायेतां यो वाप्यन्यो वीरतर इति नियुक्ता मप्येके गाथा मुपोदा हरंति सोम एव नो राजे मा मानुषी प्रजाः। अविमुक्त चक्र आसीरं स्तीरे तुभ्य मसाविति यां नदी मुपावसिता भवति तस्या नाम गृण्हाति ततो ब्राह्मण भोजनं ॥ १७ ॥

वैसेही गोभिल और सौनक गृह्यसूत्रमें समान बात है; इसे उनका पाठ नहीं लिखते, किन्तु चारों वेदोंके मन्त्र किंवा सूत्र जिसमें विशेष बात होगी सो वचन लिखा जायगा. गोभिल गृह्यका द्वितीय प्रपाठकका सातहवे खंडमें विशेष विधान यह है.

अथ सीमन्त करणम् प्रथम गर्भे ॥ १ ॥ चतुर्थे मासि षष्ठेऽष्टमेवा ॥ २ ॥ प्रातः सशिरस्काऽऽप्लुतोदगग्रेषु दर्भेषु, पश्चादग्ने रुदग्रेषु दर्भेषु प्राच्युप विशति ॥ ३ ॥ पश्चात् पति रवस्थाय युग्मन्तमौदुम्बरं शालटु ग्रन्थ मावध्नाति अय मूर्ज्जवतो वृक्ष इति ॥ ४ ॥ अथ सीमन्त मूर्द्धमुन्न-यति भूरिति दर्भ पिञ्जुलीभिरेव प्रथमं, भुवरिति द्वितीयं, स्वरिति तृतीयम् ॥ ५ ॥ अथ वीरतरेण येनादि ते रित्येत-यर्चा ॥ ६ ॥ अथ पूर्णचात्रेण राकामह मित्येतयर्चा ॥७॥ त्रिश्वेतया च शलल्या यास्ते राके सुमतय इति ॥ ८ ॥ कृसरः स्थाली पाक उत्तर घृत स्तमवेक्षयेत् ॥ ९ ॥ किं पश्यसीत्युक्त्वा प्रजामिति वाचयेत् ॥ १० ॥ त ं सा स्वयं भुंजीत ॥ ११ ॥ वीरसू जीवसू जीवपत्नीति ब्राह्मण्यो मंगल्याभिर्वाग्भि रुपासीरन् ॥ १२ ॥

ऋग्वेदके मन्त्रोंसेभी सीमन्तोन्नयन विधान है, सो यह है कि,

ॐ धाता ददातु दाशुषे प्राचीं जीवातु मक्षितं वयं देवस्य धीमहि । सुमतिं वाजिनीवति स्वाहा ॥१॥ धाता प्रजाना मुतराय ऽईशे धात्रेदं विश्वं भुवनं जजान । धाता कृष्टी रनिमिषा भिचष्टे धात्र ऽइद्धव्यं घृतवज्जुहोत स्वाहा इति ऋग्द्वयं ॥ २ ॥ राकामहं सुहवां सुष्टुती हुवे शृणोतु नः सुभगा बोधतु त्मना । सीव्यत्वपः सूच्याच्छिद्यमानया ददातु वीरं शतदायमुक्थ्यं ॥३॥ यास्ते राके सुमतयः सुपेशसो याभिर्ददासि दाशुषे वसूनि । ताभिर्नो अद्य सुमना उपागहि सहस्रपोषं सुभगे रराणा । नेजमेषेति तिस्रः॥४॥ प्रजापतेस्येकः ॥ १ ॥

अथ यजुर्वेद मन्त्राः

भूर्भुवःस्वः ॥ भूःस्वाहा ॥ भुवःस्वाहा ॥ स्वःस्वाहा ॥ १ ॥ सुमित्रियान ऽ आप ओषधयः सन्तु दुर्मित्रिया स्तस्मै सन्तु यो ऽ स्मान्द्वेष्टि यं च वयं द्विष्मः ॥२॥ मूर्द्धानन्दिवो अरतिं पृथिव्या वैश्वा नरमृत आ जातमग्निं । कविꣳ सम्राजमतिथिं जनाना मासन्ना पात्रं जनयन्त देवाः ॥ ३ ॥ त्र्यायुषं जमदग्नेः कश्यपस्य त्र्यायुषं । यद्देवेषु त्र्यायुषं तं नो ऽअस्तु त्र्यायुषं ॥४॥

। सामवेदका मंत्रब्राह्मणके मन्त्रोंसेभी सीमन्तोन्नयन विधान है, सो यह है कि

अय मूर्जा वतो वृक्ष उर्जीव फलिनी भव ॥ पर्ण वनस्पते नुत्वा नुत्वा सूयताꣳरयिः ॥ १ ॥ येनादितेः सी-

मानं नयति प्रजापति र्महते सौभगाय ॥ ते नाह मस्यै सीमानं नयामि प्रजामस्यै जर दष्टिं कृणोमि ॥२॥ राका मह ँ सुहवा ँ सुष्टुती हुवे शृणोतु नः सुभगा बोधतु। उपागहि सहस्र पोष ँ सुभगे रराणा ॥ ३ ॥ किं पत्मना सीम्यत्वपः सूच्या च्छिद्यमानया ददातु वीर ँ शतदायु मुख्यम् ॥ ४ ॥ यास्ते राके सुमतयः सुपेशसो याभिर्ददा सि दाशुषे वसूनि॥ताभिर्नो अद्यसुमना इयासि प्रजां पशुं-न्त्सौभाग्यं मह्यं दीर्घायुष्ट्वं पत्युः ॥५॥ या तिरश्ची निपद्यते अहं वि धरणी इति। तां त्वा घृतस्य धारया यजे स ँ राधनी महं ॥ स ँ राधन्यै देव्यै देष्ट्र्ये ॥ ६॥ विपश्चित्पुच्छमभ-रत्तद्धाता पुनराहरत्। परे हि त्वं विपश्चित् पुमानयं ज-निष्यते सौ नाम ॥ ७ ॥

वैसे अथर्ववेदस्थ मन्त्रसेभी सीमन्तोन्नयन विधान है सो यह है.

अ० कां० २ प्र० २ अघोर चक्षुरपतिघ्नी स्योना शग्मा सुशेवा सुयमा गृहेभ्यः। वीर सूर्देवृका मा सं त्वयैधिषीम-हि सुमनस्य माना ॥ १ ॥

आश्वलायन, पारस्कर, गोभिल और सौनकादि गृह्यसूत्रकारोंका यह मत है कि, चौथे, छठे और आठवे महिनेमें सीमन्तोन्नयन संस्कार करै, विकल्प ए हैं कि, जिस महिनेमें जिसको सुगम पड़े उसमें करै.

चतुर्थेमासीत्यादि सूत्रोंका संक्षेपार्थः;— शुक्लपक्षमें पूर्ण चन्द्रमा पुष्यादि पुलिंग वाचक नक्षत्रसे युक्त होय, उस दिन यथावत् उत्तम उत्तम पदार्थोंका होम धातादद्दातु दाशुषे इत्यादि मन्त्रोंके अन्तमें स्वाहा शब्द करके करना. अनन्तर सुगंधित सुंदर जलसे स्त्री स्नान करै, तथा पतिर्भा स्त्रीके पीछे बैठे. उदुम्बर किंवा साही जनावरके कांटेसे वा कंगीसे सुगंधादि तैलयुक्त करके शिरके बालोंको सुधारके (उ-

परको करके) पश्चात् अयमूर्जावतो वृक्ष इसमन्त्र पढके येनादितेः इसमन्त्रसे मार्जन करे, तथा भोजन, पान, औषधादि सेवन युक्तिपूर्वक करे और विशेष सूत्राक्षरोंसे, जानलेना, सूत्रकारोंका यह आशय है. और वेद मन्त्रोंकाभी अभिप्राय इस संस्कारमें ऐसा है कि, धाता जो परमात्मा सो वृध्यादि गुण युक्त, जीवन सहित पुत्रको पूर्ण कृपासे धारण करे और देवै, हे वाजिनी वती स्त्री अन्नादिगुणयुक्ते! अपनें मिलके परमेश्वरका ध्यान करें; वह परमात्मा शोभन मती युक्त पुत्रको देवै, जिससे अपनें सुखी होंय. १ सो सब जगत्का धारण करने वाला ईश्वर, धनाका ईश-(उत्पत्ति करनेवाला) उससे धारित यह सब भुवन (जगत्) उत्पन्न हुआ है; सो धाता मनुष्योंको नित्य उपदेश कर्ता है कि, ईश्वरकेलिये घृतादि युक्त उत्तम पदार्थ जो ग्रहण करनेके योग्य सो समर्पण करो. २ सो सर्वाधार पूजनेके योग्य परमात्माको मैं पूजूं, उसकाही सत्कार करूं, सो हमारी स्तुतीको सुनै, आत्मसे श्रेष्ठबोधयुक्त करै, और गर्भके प्राणादिका शरीरके साथ सन्धान करै. जैसे संगीन सूईसे कपडाको सांधते हैं वैसेही असंख्यात विद्यादि दायभागके लेने वाला तथा स्तुती करनेके योग्य वीर पुत्रको कृपासे हमको दे. ३ हे राके—परमात्मन्! जो सुंदर रूप और उत्तम मती वाले सन्तानोंको जिस सु मतीसे देते हो, तथा उत्तम उत्तम धनभी आप देते हो, उसी सुमतीसे आप हमको आज कृपासे प्राप्त हो, और हजारह प्रकारकी पुष्टी हमको देओ. हे सुभगे—सत् पत्नी! उसी परमात्माकी कृपासे अपनी प्रजा सुख पूर्वक रमण युक्त विराजमान रहेगी. ४

यजुर्वेदके मन्त्रोंका संक्षेपसे अर्थ कर्त्ते हैं. भूर्भुवः और स्वःए परमेश्वरके स्तुतिवाचक नाम हैं. हे परमेश्वर! आपकी कृपासे प्राण, जल और सब औषधी हम लोगोंकेलिये सुमित्र अर्थात् सुखदायक होय, तथा जे हमारे शत्रु (दुष्ट लोग) जो हमारा द्वेषी जन जिस्का हम द्वेष कर्ते हैं उनकेलिये सब औषधी, जगत्के जलादि सब पदार्थ तथा उनी दुष्टोंके प्राणभी उनके दुर्मित्र अर्थात् शत्रु होंय, जिससे उनका बल कधी न बढै. २ जो तेजस्वी सूर्यादि पदार्थोंका मूर्द्धा—सबसे उत्कृष्ट पृथिवीका रक्षक और दाता, विश्वका राजा और सबका आधार सर्वत्र प्रसिद्ध, सबका प्रकाशक, सर्वज्ञ, सब राजाओंका राजा, सबका पूजनीय, सबके निकट, और प्राप्तीके योग्य जिस्को देव जे विद्वान लोग, विज्ञानसे हृदयमें जानते हैं, वह परमात्मा इस गर्भकी रक्षा करै, अथवा गर्भके मूर्द्धादि विशेषण कर देना. ३ जमदग्नि चक्षुका नाम कश्यप जीवका नाम देव विद्वानोंका नाम है, तथा जमदग्नि अग्निका नाम कश्यप सूर्यका नाम देव इन्द्रियोंका नाम है, सो उक्त जमदग्नि, कश्यप, और देव इनका जो त्रिगुण आयु

अर्थात् तीन सौ वर्ष तक होय, सो ईश्वरकी कृपासे हमारेलिये त्रिगुण आयु होय. ४

सामवेदके मंत्र ब्राम्हणस्थ मन्त्रोंका अर्थ.—अय मूर्जा० इसका अर्थ कर चुके. २ येनादितेरिति. प्रजापति—परमात्मा अदिति—पृथिवीके सीमाको जिस सामर्थ्यसे करता और जानता है, उस परमात्माके सामर्थ्यसे स्त्रीकी सीमा केशकी अवधीको बडे सौभाग्य पुत्रपौत्र धनधान्यादि ऐश्वर्यकेलिये मैं यथायोग्य कर्ता हूं, तथा इस मेरी पत्नीकी प्रजाको वृद्धावस्था पर्यन्त सुखसे स्थिर ईश्वरानुग्रहसे कर्ता हूं. २ राकेति, किं पत्मनेति इन दोनों मन्त्रोका अर्थ कर दिया है. ३ जो स्त्री तूं गर्भधारणकेलिये अभस्थ होती है, उस तुझको घृतकी धारासे सत्कृत कर्ता हूं. स्त्री पुरुषसे कहती है कि, मैं गर्भकी सम्यक् सिद्धि करनेवाली हूं, उस विद्यावाली सब सुखको देखानेवालीकेलिये आप सदा अनुकूल रहना.६ विपश्चित्—पण्डित—गर्भविद्या जानने वाला जो पति, सो पुरुष जो गर्भ उसको स्त्रीमें निषिक्त कर्ता है; तथा गर्भका यथावत् पालन करके जन्म समयमें जातकर्मसे आहरण कर्ता है. जन्म समयमें, हे विपश्चित पते! त्वं परेहि —जिसस्थानमें पुत्रका जन्म होता होय, उससे दूर रहो; क्यों कि! यह स्त्री पुत्रको इस वक्त जनेगी. ७

अथर्ववेदस्थ मन्त्रका अर्थ.—हे स्त्री! तूं प्रेमयुक्त दृष्टी वाली, पतिकी रक्षक, सुख स्वरूप, मंगल कारिणी, श्रेष्ठ, निधिरूप, जितेन्द्रिय, गृह और गर्भादि रक्षाकेलिये तत्पर हो; तथा वीर पुत्रको उत्पन्न करने वाली, देवरसे नियोग करने वाली, सुविचार युक्त तेरे साथ हमलोग सदा आनन्द मंगलमें रहें, और ईश्वरकी सदा भक्ति करें. १ इति सीमन्तोन्नयनं समाप्तं.

## ॥ अथ जातकर्म ४ ॥

यह जातकर्म बालकके जन्म समयमें जो किया जाता है, सो चतुर्थ संस्कार जानना. इसमें आश्वलायन गृह्यसूत्रका प्रथमाध्यायके १५ हवे खंडका प्रमाण.

कुमारं जातं पुराऽन्यैरालंभात् सर्पिर्मधुनी हिरण्यनिकाषं हिरण्येन प्राशयेत्. प्र ते ददामि मधुनो घृतस्य वेदं सवि-

त्रा प्रसूतं मघोनां । आयुष्मान् गुप्तो देवताभिः शतं जीव शरदो लोके अस्मिन्निति ॥ १ ॥ कर्णयोरुपनिधाय मेधाजननं जपति ॥ मेधान्ते देवः सविता मेधां देवी सरस्वती । मेधान्ते अश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजौ इति ॥ २ ॥ अंसावभिमृशति. अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमस्तृतं भव । वेदो वै पुत्रनामासि स जीव शरदः शतं इति । इन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणानि धेह्यस्मे प्रयन्धि मघवन्नृजीषिन्निति च ॥ ३ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रेपि.

सोष्यन्तीमद्भि रभ्युक्षत्येजतु दशमास्य इति प्राग्यस्यैत इत्यथावरावपतनमवैतु पृश्निशे बल ं शुने जरायवत्तवेनैवमा ं सेन पीवरीं न कस्मिंश्चनायतन मवजरायु पद्यतामिति जातस्य कुमारस्याच्छिन्नायां नाड्यां मेधा जननायुष्ये करोत्यनामिकया सुवर्णांतर्हि तया मधु घृते प्राशयति घृतं वा भूस्त्वयि दधामि भुवस्त्वयि दधामि स्वस्त्वयि दधामि भूर्भुवः स्वः सर्वंत्वयि दधामीत्यथास्या युष्यंकरोति नाभ्यां दक्षिणे वा कर्णे जपत्यग्नि रायुष्मान् सवनस्पतिभि रायुष्मांस्तेनत्वा युषायुष्मन्तं करोमि सोम आयुष्मान्स ओषधी भिरायुष्मांस्तेन॰ ब्रह्मा युष्मत्तद्ब्राह्मणै रायुष्मत्तेन॰ देवा आयुष्मंतस्तेऽमृते नायुष्मन्तस्तेन॰ ऋषय आयुष्मंतस्ते व्रतैरायुष्मंन्तस्तेन॰ पितर आयुष्मन्तस्ते स्वधाभिरायुष्मन्तस्तेन॰ यज्ञ आयुष्मान् स दक्षिणाभिरायुष्मांस्तेन॰ समुद्र आयुष्मान्

स त्रवंतीभिरायुष्मांस्तेनत्वायुष्मन्तं करोमीति त्रिष्वा॰ युष मिति॰ स यस्मिन्देशे जातो भवति त मभिमन्त्रयते वेदते भूमि हृदयं दिविचन्द्रमसिश्रितं। वेदाहं तन्मात॰ द्वियात् पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शत ऽशृणुयाम शरदः शतमित्यथैनमभिमृश्यत्यश्मा भव परशुर्भव हिरण्य मस्तृतं भव॥ आत्मावै पुत्र नामासि स जीव शरदः शत-मित्यथास्य मातर मभिमन्त्रयत इडासि मैत्रा वरुणी वीरे वीर मजीजनथाः सा त्वं वीरवती भव यास्मान् वीरवतो करदित्यथास्यै दक्षिण ऽस्तनंप्रक्षाल्य प्रयच्छती म ऽस्तनमिति यस्ते स्तन इत्युत्तर मेताभ्या मुदपात्र ऽशिरसो निदध्यात्यापो देवेषु जाग्रथ यथा देवेषु जाग्रथ। एव मस्या ऽसूतिकाया ऽसपुत्रिकायां जाग्रथेति द्वारदेशे सूतिकाग्नि मुपसमाधायोत्थानान्सन्धिवेलयोः फली-करण मिश्रान्सर्षपानग्नावा वपति शण्डा मर्का उपवीरः शौण्डिकेय उलूखलः। मलिम्लुचो द्रोणा सच्यवनो नश्य-तादितः स्वाहा। आलिपन्ननिमिषः किं वदन्त उपश्रुति र्हर्यक्षः कुंभी शत्रुः पात्र पाणि नृमणिर्हन्त्री मुखः सर्ष-पारुण श्चवनो नश्यतादितः स्वाहेति॰

तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रे,

अथ सोष्यन्तीहोमः ॥ १३ ॥ प्रतिष्ठिते वस्तौ परिस्ती र्याग्निमाज्याहुती जुहोति॥ या तिरश्चीत्येतयर्चा विपश्चित् पुच्छमभवदितिच ॥ १४ ॥ पुमानयं जनिष्यतेऽसौ नामेति नामधेयं गृण्हाति ॥१५॥ यत्तद् गुह्यमेव भवति

॥ १६ ॥ यदाऽस्मै कुमारं आतमाचक्षीरन्नथ ब्रूयात्;— काङ्क्षत नाभिकृन्तनेन स्तनप्रतिधानेनचेति ॥ १७ ॥ व्रीहियवौ पेषये त्तथैवाऽऽवृता यथा शुद्धाम् ॥१८॥ दक्षिणस्य पाणे रंगुष्ठेनोपकनिष्ठिकया चांगुल्याऽभिसंगृह्य कुमारस्य जिव्हायां निमार्ष्टीयमाझेति ॥ १९ ॥ तथैव मेधाजननं सर्पिः प्राशयेत् ॥२०॥ जातरूपेण वाऽऽदाय कुमारस्य मुखे जुहोति,- मेधांते मित्रा वरुणा विस्यतयत्रां सदसस्पतिमद्भुतमितिच ॥२१॥ एवमेव शौनक सूत्रेस्स्येवातो न लिख्यते ॥ ॥ अथ चतुर्वेद मन्त्राः ॥

अथ ऋग्वेद मन्त्राः

प्रते ददामि मधुनो घृतस्य वेद सवित्रा प्रसूतं मघोनाम् । आयुष्मान् गुतो देवताभिः शतं जीव शरदो लोकेऽअस्मिन् ॥ मेधांते देवः सविता मेधां देवी सरस्वती । मेधान्ते अश्विनौ देवावाधत्तां पुष्करस्रजा । अश्मा भव परशुर्भव हिरण्यमस्तृतं भव। वेदो वैपुत्र नामासि सजीव शरदः शतमिति । इन्द्र श्रेष्ठानि० । अस्मे प्रयंधिमघवन्नृजीषिन्निन्द्ररायो विश्ववारस्य सूरेः । अस्मे शतं शरदो जीवसेधाऽअस्मे वीरां अश्वतऽइन्द्र शिप्रिन् । इमां कुमारो जरां धयतु दीर्घंतु मायुः प्रजीवसे । अस्यै तनूप्रयुंजा ना मायुर्वर्चोयशो बलं ॥ तमर्वन्तं नसानसि मरुषन्न० दिवः शिशुं । ममृज्यन्ते दिवे दिवे बोधयन्सा हरिभ्यां कुमारः साहदेव्यः । अच्छा नहूतऽउदरं उतस्यायजता हरीकुमारात्साह देव्यात् । प्रयता सद्यऽआददे । एष वां

देवा वश्विनाकुमारः सहदेव्यः । दीर्घायुरस्त सोमकः तं युवं देवा वश्विनकुमारं साहदेव्यं दीर्घायुषं कृणोत न.

अथ यजुर्वेद मन्त्राः सूत्रस्था विज्ञेयाद्वावशिष्टौच लिख्यते.

इमं स्तनमूर्ज्जस्वंतं धयायां प्रतीमग्ने शरीरस्यमध्ये उत्सं जुषस्व मधुमन्त मर्वन्त्समुद्रिय ं सदनमा विशस्व ॥ यस्तेस्तनः शशायो यो मयो भूर्यो रत्नधाव सुविद्यः सुदत्रः येनविश्वा पुष्यसि वीर्याणि सरस्वतितमिह धातवेकः

अथ साममन्त्राः

इयमाज्ञे दमन्न मिद मायु रिदममृतम् ॥ ८ ॥ मेधां ते मित्रावरुणौ मेधा मग्निर्दधातु ते ॥ मेधां ते अश्विनौ देवा वाधत्तां पुष्कर स्रजौ ॥ ९ ॥ यत्ते सुसीमेहृदय ं हित-मन्तः प्रजापतौ ॥ वेदाहं मन्ये तद् ब्रह्म माहं पौत्र मघं निगाम् ॥ १० ॥ यत्पृथिव्या अनामृतं दिविचन्द्रमसि-श्रितं । वेदामृतस्याह नाममाहं पौत्रमघ ं रिषम् ॥ ११ ॥ इन्द्राग्नी शर्म यच्छतं प्रजापती । यथा यन्नप्रमीयते पुत्रो जनित्र्य अधि ॥ १२ ॥ यददश्चन्द्रमसि कृष्णं पृथिव्या हृदय ं श्रितं ॥ तदहं विद्वा ं स्तत्पश्यन् माहं पौत्र मघ ं रुदम् ॥ १३ ॥ कोसि कतमोस्येषोस्य मृतोसि आह-स्पत्यं सासं प्रविशासौ ॥ १४ ॥ सत्वाह्ने परिददात्व-हस्त्वारात्र्यै परिददातु रात्रिस्त्वाहोरात्राभ्यां परिददात्व हो रात्रौत्वार्द्धमासेभ्यः परिदत्ता मर्द्धमासास्त्वामासेभ्यः परिददतु मासास्त्वर्त्तुभ्यः परिददत्वृतवस्त्वा संवत्सराय परिददतु संवत्सरस्त्वायुषे जरायै परिददात्वसौ ॥ १५ ॥

अंगादंगात्स २ंभवसिहृदयादधि जायसे ॥ प्राणन्ते प्राणेन सन्दधामि जीय में या बद्रायुषम् ॥ १६ ॥ अंगा दंगात् सम्भवसि हृदया दधि जायसे ॥ वेदो वै पुत्र नामासि स जीव शरदः शतम् ॥१७॥ अश्माभव पर शुर्भव हिरण्य मस्तृतं भव ॥ आत्मासि पुत्रमामृथाः स जीव शरदः शतम् ॥१८॥ पशूनां त्वा हिंकारेणा-भिजिघ्राम्यसौ ॥ १९ ॥

## अथाथर्वमन्त्राः अ० कां० ६ अनुवाक ४

मनसे चेतसे धिय आकूतय उतचित्तय । मत्यैश्रुताय चक्षसे विधेमं हविषां वयम् ॥ १ ॥ अपानायं व्याना-यं प्राणाय भूरिधायसे । सरस्वत्या उरुव्यचे विधेमं ह-विषांवयम् ॥ २ ॥ मानो हासिषु ऋषयो दैव्याये त-नूपा येनेस्तन्वंस्तनूजाः ॥ अमर्त्या मर्त्यां अभिनः सचध्व मायुधत्त प्रतरं जीवासे नः ॥ ३ ॥ अ०कां० १२ प्रपा० ६ २६ अनुवाक २ ॥ परंमृत्यो अनुपेरंहि पन्थां यस्तंएष इतरो देवयानात् ॥ चक्षष्मते शृण्वते ते ब्रवीमीहे मे वीरा बहवो भवन्तु ॥ २१ ॥ इमे जीवा विमृते रावंवृत्रन्न भूद्भद्रारिव हूति नों अद्य॥ प्राञ्चवो अगाम नृतये हसाय सुवी-रासो विदथमा वदेम ॥ २२ ॥ इमं जीवेभ्यः परिधिं द-धामि मैषां नुगादपरो अर्थमेतम् शतं जीवन्तः शरदः पुरूचीस्तिरो मृत्युं दधातां वर्वतेन ॥ २३ ॥ आरोहतायु-र्जरसं वृणाना अनुपूर्वं यतमाना यतिस्थ ॥ तान्वस्त्वष्टा

सुजानिमा सजोषाः सर्वमायुर्नयतु जीवनाय ॥ २४ ॥
यथा हान्यनुपूर्वं भवन्ति यथर्तव ऋतुभिर्यन्ति साकम् ।
यथानुपूर्वमपरो जहात्येवा धातरायूंषि कल्पयैषाम्
॥ २५ ॥ अ॰ कां॰ १८ प्र॰ ३४ अनु॰ ३ विवस्वान्नो
अभयं कृणोतु यः सुत्रामा जीरदानुः सुदानुः ॥ इहे मे
वीरा बहवो भवन्तु गोमद् अश्ववन्मय्यस्तु पुष्टम् ॥६१॥

अब इन सब वचनोंका संक्षेपसे अर्थ–कुमारं जातमित्यादि, आश्वलायन गृह्यसूत्रोंका अर्थ–जिसवक्त बालकका जन्मसमय किंवा जन्म होय, उसवक्त बालकको स्नानादि औषधीयुक्त किंचित् उष्ण जलसे स्नान करावे, पश्चात् उसके शरीरको कोमल वस्त्रसे पुंछे, तदनन्तर घी, और मधु अर्थात् सेत इन दोनोंको मिलाके सोनेकी शलाकासे बालकको जीभसे उसके मुखमें (प्रतेददामी त्यादि) मन्त्रसे चटावे. हे बालक! तुझको मधु और घृतका प्राशन प्रथम मैं भोजनार्थ देताहूं; तथा सविता सब जगत्का उत्पादक परमात्माकी कृपासे सर्वोत्तम द्रव्यादि पदार्थोंका तूं भोग करनेवाला हो; जो तू मेरा पुत्ररूप उत्पन्न हुआ है, तुझको मैं वेदका दान कर्ताहूं कि, तूं ईश्वरानुग्रहसे पण्डित हो, उस तुझको सविता भगवान् तथा सब इंद्रिय और विद्वान् इनसे रक्षित होता भया, सो वर्षतक इसलोकमें जीव. १ तदनन्तर बालकका पिता बालकके दक्षिण कानके समीप मुख करके मेधा जननके(बुद्धि वृद्धिके) लिये परमेश्वरकी प्रार्थना (मेधामित्यादि) मन्त्रसे करे. हे पुत्र! (वा पुत्री!) तुझको सविता देव–परमेश्वर मेधा,–शीघ्र शास्त्राध्ययन करनेवाली बुद्धिको देवे, तथा सरस्वती परमेश्वरकी वाक् तुझको बुद्धि देवे, तथा सूर्यचंद्रादि मालावत् धारण करनेवाले दो प्रकारके वायु जिनसे सब लोकलोकान्तर धारित हो रहे हैं वे अश्विनदेव तुझमें मेधाको धारण करें. २ (अंसावामित्यादि) तदनन्तर बालकका पिता बालकके दोनों स्कन्धोंको कोमल हाथसे स्पर्श करके (अश्मा भवेत्यादि) मन्त्रको पढे. हे पुत्र! ईश्वरानुग्रहसे अश्म परशु–अर्थात् दृढेन्द्रिय, बुद्धि, शरीर युक्त तूं हो, तथा हिरण्य–सौन्दर्यगुणयुक्त तेजस्वी, जिसका कधी वियोग न होय वैसा तूं हो. हे पुत्र (वा पुत्री)! प्रथम तेरा नाम वेद है कि, ज्ञानस्वरूप विद्वान् नाम तेरा मैं रखता हूं, तथा परमेश्वरनेभी तेरा नाम वेद रक्खा है, उसनामवाला तूं है, सो तूं सौ वर्षतक इस लोकमें जीव, ३ हे इन्द्र! परमैश्वर्यगुणयुक्त परमेश्वर! आप इस बालकके लिये उत्तम

उत्तम द्रव्य धारण करो; तथा हे मघवन्! ऋजीषिन्! परम धनयुक्त आप इस बालकको दानादि गुणोंमें प्रयत्नयुक्त करो, इति. ४ (तथा पारस्कर गृह्यसूत्रं) सोष्यन्तीत्यादिमें इतना विशेष है कि, बालककी नाडी छेदनके अनन्तर मेधाजनन और आयुष्मान्करण करै. भूस्त्वयि इत्यादि इन मन्त्रोंसे हे बालक! भूलोक, अन्तरिक्षलोक और स्वर्लोक अर्थात् तीन लोकोंका जो ऐश्वर्य सो तुझमें मैं धारण कर्ता हूं: तथा बालकके कानमें अग्निरायुष्मान् इत्यादि मन्त्रोंकाभी जप करै.| हे बालक! वनस्पतिसे अग्नि, औषधियोंसे चन्द्रमा, ब्राह्मणोंसे वेद अमृत, सत्यविद्यासे विद्वान्, सत्यव्रतोंसे ऋषी, सत्यज्ञानसे पितृ, दक्षिणासे यज्ञ, जलसे चलनेवाली नदीयोंसे समुद्र, ए सब जैसे इनसे आयुष्मान्–दीर्घायु हैं वैसेही तुझको मैं दीर्घायुयुक्त कर्त्ता हूं.|तदनन्तर भ्यायुषं अयदग्नेरिति० इसमन्त्रका तीनवार पाठ करै, तथा जिस ठिकाने बालकका जन्म हुआ होय, उसमें इसमन्त्रको पढे. (वेदते भूमीत्यादि) इन मन्त्रोंका अर्थ पूर्व कर चूके. हे पुत्र! तूं आत्मसंज्ञक अर्थात् आत्मवत् मेरेको प्रिय हो, तदनन्तर प्रसूत स्त्रीको अभिमंत्रित करै. (इडेत्यादि) हे स्त्रि! प्रशंसित मित्र और श्रेष्ठ गुणयुक्त तूं है, हे वीर स्त्रि! वीरगुणयुक्ते! इस वीरगुणयुक्त बालकको तूं जनी सो तूं वीरपुत्र और पतियुक्त सदैव हो, जो तूं हमको वीरपुत्रयुक्त करनेवाली है, सो तूं सदैव ईश्वरके कृपासे सुखयुक्त हो. तदनन्तर स्त्रीके स्तनको जलसे प्रक्षालन करके (इमं स्तन मिति–यस्ते स्तन इत्यादि) इन दोनो मन्त्रोंसे अभिमंत्रित करके बालकको दूध पिलावै. तदनन्तर यथा लिखित मन्त्रोंसे घरके दरवाजेके बीचमें (शण्डेत्यादि) दोनों मन्त्रोंसे होम करै, इति तथा गोभिल सूत्रमेंभी अधिक विशेष नहीं है इससे अर्थ नहीं लिखते. यथालिखित विशेष किया कर लेना, तथा ऋक् और यजु: और साम वेदके यथा लिखित मन्त्रोंके प्राय: अर्थ कर चूके हैं, किन्तु! कोमीत्यादि विशेष मन्त्रोंका अर्थ किया जाता है, हे बालक! तूं कौन और कौनसा है! सो तूं यही है, अमृत स्वरूप है, सो तूं सूर्य निर्मित महिनोंमें प्रवेश कर, और पूर्ण आयु भोग. १४|सो तुझको दिवसको देताहूं. सविता भगवान् ईश्वर दिवसको देवै, दिवसरात्रिको, रात्री अहोरात्रको, अहोरात्र अर्धमासोंको, अर्धमास महिनोंको, महिने ऋतुओंको, ऋतु संवत्सरोंको, संवत्सर आयु और जरा अर्थात् पूर्ण आयुवाले समयको प्राप्त करै. |१५ हे पुत्र! तूं अंगअंगसे संश्रवित होता है तथा हृदयसे उत्पन्न होता है, सो तेरे प्राणको मैं अपने प्राणसे युक्त करता हूं, सो जबतक मैं जीऊं तबतक तूंभी जीव, तथा जैसे मैं पूर्ण आयु भोग करनेवाला हूं, वैसे तूंभी पूर्ण आयु भोग करनेवाला हो इति.

अब अथर्ववेद मन्त्रोंका संक्षेपसे अर्थ किया जाता है—हे परमेश्वर ! मन, चेतनता, बुद्धि, संकल्प, चित्त, मनन, श्रवण, कथन इत्यादि श्रेष्ठ गुण हमारे सन्तानोंमें होंग इसकेलिये हमलोग होम तथा प्रेमसे आपकी भक्तिका विधान् करते हैं. १ तथा इस बालकमें अपान, व्यान, प्राण, सरस्वती बहुविद्यायुक्त अनन्त स्थिर होंय इसलिये पूर्ववत्. २ तिसरा मन्त्रका अर्थ सुगम है. हे मृत्यो ! तू हमलोगोंसे अलग जा, जो कि विद्वानोंका मार्ग, उससे अलग जा, मूढ तथा पापी, दुष्ट उनका जो मार्ग उसमें गमन कर, तथा उन्हींको मारनेमें तत्पर हो; जो तूं देखने और सुननेवाला, उससे मैं कहता और देखलाता हूं कि, तूं हम लोगोंके बीचमें पूर्णायु जबतक न होय तबतक मत आ. किन्तु ! हमारे कुलमें श्रेष्ठ गुण और चक्रवर्ती राज्यभोगादियुक्त बहुत वीरपुरुष होंय.२१,२२, २३. ए दोनों मन्त्रोंका अर्थ सुगम है. हे यतिरथ अंतकालस्थ परमेश्वर ! हम लोग, पूर्ण आयुको स्वीकारपूर्वक अनुक्रमसे यथावत् भोग करें, तथा फल अर्थात् परम पुरुषार्थयुक्त सदा होंय. हे पुत्रादयः! तुमको त्वष्टा सब जगत्का रचक, श्रेष्ठ जन्मका करनेवाला, और परस्पर प्रीतिका देनेवाला परमात्मा जीनेकेलिये सर्वायुको प्राप्त करो. २४. जैसे अनुपूर्व दिवस आते और जाते हैं, जैसे ऋतुओंकेसाथ ऋतुभोक्ते हैं, तथा एक कामको छोडके किंवा एक मनुष्यको छोडके दूसरा दूसरेमें प्राप्त होता है, वैसेही हे धातः! परमात्मन्! इन सन्तानादि हम लोगोंको सब आयु समर्पित सिद्ध कृपासे कर. ६१ वा मन्त्र सुगम है. इस सब जातकर्म करणानन्तर प्रसूत स्त्री और बालककी माताका दूध बालकको बहुत दिन न पीने देवे, तथा बालककी माताभी न पिलावे, क्यों कि! प्रसूत स्त्रीका शरीर निर्बल उस समय होता है, दूधभी निर्बल होता है, इससे अन्य स्त्री किंवा गाय आदिका दूध बालकको युक्तिसे पिलावे, जो स्त्री अपना दूध बालकको सब दिन पिलाती है वह स्त्री और बालक दोनों निर्बल, क्षीण और रोगी हो जाते हैं, तथा स्त्री तो एक प्रसवसेही वृद्ध हो जाती है और उसका दूसरा सन्तान तो अत्यंत निर्बलादि दोषयुक्त होता है; इससे बहुत पिलावे तो दश दिनके आगे कधी भूलसेभी अपना दूध न पिलावे. किन्तु ! दूध आनेके स्तनके छिद्रोंको वट दुग्धादिसे बंध करें, जिससे एक बिन्दुभी दूधका बाहर न जाय, किन्तु ! शरीरमेंही रहे जिससे पुनः स्त्रीका शरीर बलादि गुणयुक्त होके यौवनस्थ हो जाय, जब बालकके जन्मसेलेके दो महिने व्यतीत हो जांय तब पुनः स्त्री और पुरुष दोनों गर्भाधानकी क्रिया पूर्ववत् करें तथा जो बालक उत्पन्न हुआ उसकी यथायोग्य रक्षा करें.

## इति जातकर्मविधिः सम्पूर्णः

## ॥ अथ नामकरण संस्कार प्रारम्भः ५ ॥

जन्म दिनसे लेके दशवी बारहवी रात्री, महिने, किंवा एक संवत्सरमें बालकका नाम धरे, उसमें आश्वलायन गृह्यसूत्रका यह मत हे कि,

नाम चास्मै दद्युः ॥ ४ ॥ घोषवदाद्यन्तरन्तस्थमभिनिष्टानान्तं द्व्यक्षरम् ॥ ५ ॥ चतुरक्षरं वा ॥ ६ ॥ द्व्यक्षरं प्रतिष्ठाकामश्चतुरक्षरं ब्रह्मवर्चसकामः ॥ ७ ॥ युग्मानि त्वेव पुंसाम् ॥ ८ ॥ अयुजानि स्त्रीणाम् ॥ ९ ॥ अभिवादनीयं च समीक्षेत तन्मातापितरौ विद्यातामोपनयनात् ॥ १० ॥ प्रवासादेत्य पुत्रस्य शिरः परिगृह्य जपति. अंगादंगात्संभवसि हृदयादधिजायसे । आत्मा वै पुत्रनामाऽसि स जीव शरदः शतमिति मूर्द्धनि त्रिरव घ्राय ॥ ११ ॥ आवृत्तैव कुमार्यै ॥ १२ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रेपि

दशम्यामुत्थाप्य पिता नामकरोति द्व्यक्षरं चतुरक्षरं वा घोषवदाद्यन्तरंतस्थं दीर्घाभिनिष्टानं कृतं कुर्यान्नतद्धित मयुजाक्षर माकारांतं स्त्रियै तद्धितं शर्म ब्राह्मणस्य वर्म क्षत्रियस्य गुप्तेति वैश्यस्य ॥

तथा गोभिलीय गृह्य सूत्रेपि

जननाद् य स्तृतीयो ज्यौत्स्न स्तस्य तृतीयायां प्रातः सशिरस्कं कुमारमाप्लाव्यास्तमिते बीते लोहितिम्न्यञ्जलिकृतः पितोपतिष्ठते ॥ १ ॥ अथ माता शुचिना वसनेन कुमारमाच्छाद्य दक्षिणत उदञ्चं पित्रे प्रदाय—

दक्शिरसम् ॥ २ ॥ अनुपृष्ठं परिक्रम्योत्तरतोऽवतिष्ठते ॥ ३ ॥ अथ जपति,—यत्ते सुसीमे इति; यथाऽयन्नप्रमीयेत पुत्रो जनित्र्या अधीति ॥ ४ ॥ उदञ्चं मात्रे प्रदाय यथार्थम् ॥ ७ ॥ जननाद्दशरात्रे व्युष्टे शतरात्रे संवत्सरे वा नामधेयकरणम् ॥ ८ ॥ अथ य स्तत् करिष्यन् भवति पश्चादग्ने रुदगग्रेषु दर्भेषु प्राङुपविशति ॥९॥ अथ माता शुचिना वसनेन कुमारमाच्छाद्य दक्षिणत उदञ्चं कर्त्रे प्रयच्छत्युदकशिरसम ॥१०॥ अनुपृष्ठं परिक्रम्योत्तरत उपविशत्युदगग्रेषु दर्भेषु ॥११॥ अथ जुहोति प्रजापतये तिथये नक्षत्राय देवताया इति ॥ १२ ॥ तस्य मुख्यान् प्राणान् संमृशन् कोऽसि कतमोऽसीत्येतं मन्त्रं जपति ॥ १३ ॥ आहस्पत्यं मासं प्रविशासाविसन्ते च मन्त्रस्य घोषवदाद्यन्तरन्तस्थं दीर्घाभिनिष्ठानान्तं कृतं नाम दध्यात् ॥१४॥ एत दताद्धितम् ॥१५॥ अयुग्दान्तं स्त्रीणाम् ॥ १६ ॥ मात्रे चैव प्रथमं नामधेयमाख्याय यथार्थम् ॥ १७ ॥

अंगादंगात्संभवसि इति चतुर्षु वेदेषु समानो मन्त्रो नामकरणार्थः तथा यत्ते सुसीम इति यथायन्न प्रमीयत इति मन्त्रद्वयं प्राग्लिखितं यददश्चन्द्रमसीतित्येवत्यादि.

अर्थ—नाम इस प्रकारका धरना चाहिये कि, ककारादि वर्गोंका प्रथम और द्वितीय वर्ण किंवा चतुर्थ वर्ण; य, र, ल, व, ए बीचमें आवे और अन्तमें ४,५ न्हस्व स्वर उसके अन्तमें विसर्जनीय आवे. नाममें दो वा चार अक्षर आवें, उदाहरण—भद्रः, देवः, देवदत्तः, यज्ञदत्तः, इत्यादि. ६ प्रतिष्ठाकी इच्छाके लिये दो अक्षरका नाम रक्खै; तथा विद्याकामना वाला चार अक्षरका नाम् रक्खे. ७ पुरुषके नाममें द्वित्त अ-

स्वर मिला भया आवे, जैसे द्र और त्त ८ तथा कन्याके नामके आदिमें मिला भया अक्षर आदि न आवे; तथा अन्तमें दीर्घ स्वर आवे, जैसे—सुखदा, सुभद्रा, वसुदा, सत्यदा, यशोदा, सावित्री, सुमंगली, कल्याणी इत्यादि. ९ ऐसा सुन्दर नाम रक्खे, किन्तु भयंकर नाम न रक्खे; जिसका अर्थ सुन्दर और सुननेमें बहुत अच्छा होय सो माता और पिता विचारसे उक्त प्रकार नाम सन्तानोंका रक्खे. १० परदेशमें पिता गया होय, तो वहांसे जब आवे, तब अंगा दंगात्संभवसीति मन्त्र पढके पुत्रका शिरको सूंघे. ११ कन्याकाभी इसी प्रकारसे किया नामकरणको करे, किन्तु मन्त्रको छोडके. पारस्कर गृह्यसूत्रमें इतना विशेष है कि, पुरुषका नाम तद्धितान्त न धरे, देवदांत्तः, श्रीरामन्यय: इत्यादि तथा स्त्रीका तद्धितान्त धरे तो कुछ चिन्ता नहीं, जैसे गान्धारी, कैकेयी, कौशल्या, इत्यादि. ब्राह्मणका नामके अन्तमें शर्मन्, क्षत्रियके वर्मन्, वैश्यके गुप्त, और शूद्रके दास, जैसे भद्रशर्मा, देवशर्मा, भद्रवर्मा, मैत्रगुप्त, और रुद्रदास, इस प्रकारसे नाम रक्खे. तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रमें इतना विशेष है, और सब समान है, बालकको शुद्ध वस्त्र पहिराके पत्निके वाम भागमें बैठा के पति उत्संगदे. २ फिर स्त्री पतिके पृष्ठ भागसे परिक्रमा करके पतिसे उत्तर भागमें (वाम) खडी रहे. ३ तदनन्तर यत्ते सुसीमे इस मन्त्रको पति पढे, तथा यथा यत्रप्रमीयेत पुत्रो जनित्र्या अधीति इसकोभी पढके अपनी स्त्रीको बालक देदे. ४,५ तदनन्तर चद्रमाके सन्मुख जल अंजलीमें भरके उपस्थित होके, यददश्चन्द्रमसीत्यादि मन्त्रोंसे परमात्माकी स्तुति प्रार्थना करे, फिर दोवार इस मन्त्रको मौन होके मनसे पढके पुत्रको आशीर्वाद देवे कि, सर्व शक्तिमान् परमात्मा सर्वथा तेरी रक्षा करे, और तूं उत्तम गुण वाला हो.६,७ जन्मसे दशवी सौवी रात्रीमें किंवा बारहवे महिनेमें यथोक्त नाम करे; पश्चात् अग्निका समाधान करके प्रजापतये स्वाहा, अतिथयेस्वाहा, नक्षत्रायस्वाहा, देवतायैस्वाहा, इन मन्त्रोंसे कर्माधिकारी जो पुरुष सो यथोक्त होम करे. १२ तदनन्तर बालकके नासिका द्वारसे प्राण वायुको स्पर्श करके, कोसिकतमोसीति मन्त्रको जपे: तथा आहस्पत्यं मासं प्रविशासा विस्वन्न सूत्रोक्त प्रकारानुसार पागुक्तोदाहरण रूप नाम धरके पिता, माता, उसनामसे बालकको पुकारे इति. सौनक गृह्यसूत्रमें अधिक विशेष नहीं होनेसे नहीं लिखते.

## इति नाम करण संस्कारः समाप्तिमगमत्.

# ॥ अथ निष्क्रमण संस्कार प्रारभः ६ ॥

अब निष्क्रमण संस्कार होना चाहिये: इसमे आश्वलायन गृह्यसूत्रमें कुछ विशेष नहीं. इसमे पारस्कर गृह्यसूत्रका ऐसा मत है कि,

चतुर्थे मासि निष्क्रमणिका सूर्य मुदीक्षयति तच्चक्षुरिति ॥ २२ ॥ प्रोष्येत्य गृहानुपतिष्ठते पूर्ववत् पुत्रं दृष्ट्वा जपत्यंगादंगात्संभवसि हृदया दधि जायसे ॥ आत्मावै पुत्र नामासि सजीव शरदः शत मित्यथास्य मूर्द्धान मवजिघ्रति प्रजापतेष्वा हिंकारेणावजिघ्रामि सहस्रायुषाऽसौ जीव शरदः शतमिति गवां त्वा हिंकारेणेति च त्रिर्दक्षिणेऽस्यकर्णे जपत्यस्मै प्रयंधि मघवन्नृजीषिन्निन्द्र रायो विश्वरायो विश्ववारस्य भूरेः। अस्मैं शत २ शरदो जीवसेधाअस्मे वीरांछश्वत इन्द्र शिप्रिन्निितीन्द्र श्रेष्ठानि द्रविणा निधेहि चित्तिन्दक्षस्य सु भग त्वमस्मे ॥ पोष २ रयीणा मरिष्टि तनुना२ त्वा ध्मानं वाचः सुदिनत्व मन्हामिति सव्ये स्त्रियैतु मूर्द्धानमेवावजिघ्रति तूष्णीम् ॥ २३ ॥

तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रकाभी ऐसा मत है कि,

कुमारस्य मासि मासि सम्वत्सरे साम्वत्सरिकेषु वा पर्वस्वग्नीन्द्रौ द्यावापृथिवी विश्वान्देवा २श्च यजेत ॥ १९ ॥ दैवतमिष्ट्वा तिथिं नक्षत्रञ्च यजेत ॥ २० ॥ विप्रोष्य ज्येष्ठस्य पुत्रस्योभाभ्यां पाणिभ्यां मूर्द्धानं परिगृह्य जपेत्. यदा वा पिताम इति विद्यादपेतस्य वाऽङ्गा दंगात

स ऽश्रवसीति ॥ २१ ॥ पशूनां त्वा हिंकारेणाभिजि॰ घ्रामीत्यभिजिघ्य यथार्थम् ॥ २२ ॥ एवमेवावरेषाम् ॥ २३ ॥ यथाज्येष्ठं यथोपलंभं वा ॥ २४ ॥ स्त्रिया-स्तूष्णीं मूर्द्धन्यभिजिघ्रणं मूर्द्धन्यभिजिघ्रणम् ॥ २५ ॥

एषां संक्षेपतोर्थः—गर्भधारणसे चतुर्थ महिनेमें निष्क्रमण संस्कार करे, किंवा आगे पूर्वभी यथायोग्य देखे तो करे. बालकको वस्त्र पहिराके शुद्ध देशमें फिरावे, जहां अत्यंत शुद्ध होय. प्रथमदिन सूर्यको:—

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् पश्येम शरदः शतम् जीवेम शरदः शतꣳ शृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शत मदीनाःस्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥१॥

यह मन्त्र पढके दिखलावे. इसका अर्थ यह है कि, हे पुत्र! सबका प्रकाशक परमेश्वर तथा उसका रचित जो सूर्य इत्यादि सब विद्वानोंका हितकारी, सनातन, सब जगत्-का करनेवाला, उसको अपने सौ वर्षतक देखें, जीवें, सुनें, कहें और आधीन रहें; इनसे अधिकभी अपना जीवनादि होय. १ पूर्वोक्त देशमें नित्य भ्रमण करावे, तथा जब पर-देशसे पिता आवे, तब अंगादंगात्संभवसि इस मन्त्रका पाठ करके पुत्रके मस्तकका आलिंगन तथा आघ्राण (श्वासलेना) करे; और दक्षिण (सव्य) कानमें अस्मे प्रयन्धि इत्यादि या लिखित मन्त्रोंको पढें, तथा वामपार्श्वमें(वामभाग) स्थितजो स्त्री उसकाभी मस्तकका स्पर्श करे.—गोभिलीय गृह्यसूत्रमें कुछ विशेष अर्थ करने योग्य नहीं, एकही बात है, तथा शौनककर्मेंभी विशेष नहीं.

इति निष्क्रमण संस्कार विधिः समाप्तः

## ॥ अथान्नप्राशन संस्कार प्रारंभः ७ ॥

यह सातवा अन्न प्राशन अर्थात् भोजन करानेका आरंभ छःठे महिनेमें करावे, इसका विचार आश्वलायन गृह्यसूत्रमें इस प्रकारका है कि,

षष्ठे मास्यन्नप्राशनं ॥ १ ॥ आजमन्नाद्यकामः ॥ २ ॥ तैत्तिरं ब्रह्मवर्चसकामः ॥ ३ ॥ घृतौदनं तेजस्कामः ॥ ४ ॥ दधिमधुघृतमिश्रमन्नं प्राशयेत्. अन्नपतेऽन्नस्य नो देह्यनमीवस्य शुष्मिणः ॥ प्रप्र दातारन्तारिष ऊर्जं नो धेहि द्विपदे चतुष्पदे इति ॥५॥ आवृतैव कुमार्य्यै ॥ ६ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रमेंभी,

षष्ठे मासेन्नप्राशनं ँ स्थालीपाकं ँ श्रपयित्वाज्यभागाविष्ट्वाज्याहुतीर्जुहोति देवीं वाचमजनयंत देवास्तां विश्वरूपाः पशवो वदन्ति ॥ सा नो मन्द्रेषमूर्ज्जं दुहाना धेनुर्वागस्मानुप सुष्टुतैतु स्वाहेति वाजोनोअद्येति च द्वितीयां ँ स्थालीपाकस्य जुहोति प्राणेनान्नमशीय स्वाहापानेन गन्धानशीय स्वाहा चक्षुषा रूपाण्यशीय स्वाहा श्रोत्रेण यशोयशीयस्वाहेति प्राशनान्ते सर्वान्रसां त्सर्वमन्नमेकतउद्धृत्याथैनं प्राशयेत्तूष्णीं ँ हन्तेति वा हन्तकारं मनुष्या इतिश्रुतेः ॥

उक्तसूत्रोंका संक्षेपसे अर्थ—छःठे मासमें अन्नप्राशन(अन्नभोजनका) आरंभ करावै. १ अजाके मांसका भोजन अन्नादिकी इच्छा करनेवाला. २ तथा विद्या कामनाकेलिये तितिरका मांस भोजन करावै; यह बात मांसहारी तथा एकदेशीय लोगोंकेलिये है. ३ घृतके साथ ओदनका (अन्न) भोजन करावै, जिसको तेजस्वी होनेकी कामना होय. ४ दही, मधु और घृत इनसेयुक्त अन्नका प्राशन बालकको (अन्नपते०) इस मन्त्रसे, कराना यह सर्वदेशी मत है हे अन्नपते परमेश्वर ! निरोगकारक (रोगोंको शोषण और नाश करनेवाला) अन्न हमको सदैव पुष्कल दे. सब दुःखोंसे उद्धार करनेवाला अन्नका दाता यह हमारा सन्तान होय, तथा पराक्रमयुक्त अन्न हमको दे, द्विपद मनुष्य, चतुष्पद पशु, इनके हितकेलिये. ५ तथा कन्याकोभी पूर्वोक्त रीतिसे अन्न प्राशन करावै. ६ यह आश्वलायन ऋषीका मत है, तथा

पारस्कर गृह्यसूत्रकारका ऐसा मत है कि, पायसादि सुगंधयुक्त पाक करके देवींवाचेत्यादि यथालिखित मन्त्रोंसे होम करके तदनन्तर बालकको अन्नप्राशन करावै; मौन करके और कराके मुखप्रक्षालनादि करावै. गोभिल तथा शौनक गृह्यसूत्रोंमें कुछ विशेष नहीं होनेसे नहीं लिखा गया.

इत्यन्नप्राशन संस्कारविधिः पूर्तिं जगाम.

---

## ॥ अथ चूडाकरण संस्कार प्रारम्भः ८ ॥

यह आठवा चूडाकरण अर्थात् केशच्छेदन संस्कार कहाता है सो आश्वलायन गृह्यसूत्रमें इस विधिसे है कि,

तृतीये वर्षे चौलं. यथा कुलधर्म वा ॥ १ ॥ उत्तरतोऽग्ने व्रीहि यवमाष तिलानां पृथक् पूर्ण शरावाणि निदधाति ॥ २ ॥ पश्चात्कारयिष्यमाणो मातुरुपस्थ आनडुहं गोमयं नवे शरावे शमी पर्णानिचोपनिहितानि भवन्ति ॥ ३ ॥ मातुः पिता दक्षिणत एक विंशतिकुशपिंजूलान्यादाय ॥ ४ ॥ ब्रह्मा वैतानि धारयेत् ॥ ५ ॥ पश्चात्कारयिष्यमाणस्यावस्थाय शीतोष्णा अपः समानीयोष्णेन वा. य उदके नेहीति ॥ ६ ॥ तासां गृहीत्वा नवनीतं दधिद्रप्सान् वा प्रदक्षिणं शिरस्त्रिरुन्दति. अदितिः केशान्वपत्वाप उन्दन्तु वर्चस इति ॥ ७ ॥ दक्षिणे केशपक्षे त्रीणि त्रीणि कुश पिंजूलान्यभ्यात्माग्राणि निदधाति. ओषधे त्रायस्वैनमिति ॥ ८ ॥ स्वधिते मैनं हिंसीरिति लौहेन क्षुरेण ॥ ९ ॥ प्रछिनत्ति. येना वपत्सविता क्षुरेण सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् ॥ तेन ब्रह्माणो वपतेदमस्यायुष्माञ्जरदष्टिर्यथासदिति॥ १०॥

प्रच्छिद्यं प्रच्छिद्य प्रागग्रान्छमीपर्णैः सह मात्रे प्रयच्छति तानानडुहे गोमये निदधाति ॥ ११ ॥ येन धाता बृहस्पते॰ रग्नेरिन्द्रस्य चायुषेऽवपत् । तेन ते आयुषे वपामि सु-श्लोक्याय स्वस्तय इति द्वितीयं । येन भूयश्चरात्र्यं ज्योक् च पश्याति सूर्यं । तेन ते आयुषे वपामि सु श्लोक्याय स्वस्तय इति तृतीयं ॥ १२ ॥ सर्वैर्मन्त्रैश्चतुर्थं ॥ १३ ॥ एव मुत्तरतस्त्रिः ॥ १४ ॥ क्षुरतेजो निमृजेत्. यत् क्षुरेण मर्चयता सुपेशसा वप्ता वपसि केशान् । शुन्धि शिरो मास्यायुः प्रमोषीरिति ॥१५॥ नापितं शिष्याच्छीतोष्णा॰ भिरद्भिरवर्थं कुर्वाणोऽक्षुण्वन् कुशलीकुर्विति ॥ १६ ॥ यथा कुलधर्मं केशवेशान् कारयेत् ॥ १७ ॥ आवृतैव कुमार्य्यै ॥ १८ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रका वचन.

सांवत्सरिकस्य चूडाकरणम् ॥ तृतीये वा प्रतिहिते षोड॰ शवर्षस्य केशांतो यथा मंगलं वा सर्वेषां ब्राह्मणान् भो-जयित्वा माता कुमार मादाया ऽऽव्याहतेवाससी परिधा-प्यांकआधाय पश्चादग्ने रुपविशत्यन्वारब्ध आज्याहुती-र्हुत्वा प्राशनान्ते शीतास्वप्सूष्णाऽआसिंचत्युष्णेन वायु उदकेने ह्यदिते केशान् वपेति केशश्मश्र्विति च केशान्ते थात्रनवनीत पिण्डं घृतपिण्डं दध्नो वा प्रास्यति तत आ-दायदक्षिणं गोदानमुन्दति सविचा प्रसूता दैव्या आप उन्दन्तुते तनूं दीर्घायुत्वाय वर्चस इति । त्रेण्या शलल्या विनीय त्रीणिकुशतरुणान्यन्तर्दधात्योषधइति ॥ शिवोनामे-

ति लोहंक्षुरमादाय त्रिवर्तयामीति प्रवपति येनावपत्स-
विता क्षुरेण सोमस्य राज्ञो वरुणस्य विद्वान् ॥ तेन
ब्रह्माणा वपते दमस्यायुषं जरदष्टिर्यथासदिति स केशा-
नि प्रच्छिद्यानडुहे गोमय पिण्डे प्रास्य त्युत्तरतो ध्रीयमाण
एवं द्विरपरं तूष्णीमितरयोश्चोदनाद्यथ पश्चात्त्र्यायुषमित्य-
थोत्तरतो येन भूरिश्चरादिवं ज्योक्रपश्चाद्धिसूर्य्यतेन तेव-
वपामि ब्रह्मणाजीवातवे जीवनाय सुश्लोक्यायस्वस्तय-
इति त्रिः क्षुरेण शिरः प्रदक्षिणं परिहरति सं मुखं केशान्ते
यत्क्षुरेणमज्जायिता सुपेशसा वप्तावावपति केशांछिन्धिशि-
रो मास्यायुः प्रमोषिर्मुखमिति च केशान्तेताभिरद्भिः शिरः
समुद्यनापिताय क्षुरं प्रयच्छत्यक्षण्वं परिवपेति यथा मंगलं
केशशेष करण मनुगुप्तमेतंसकेशं गोमयपिण्डं निधाय
गोष्ठे पल्वल उदकान्ते वा चाप्यायिवरं ददाति गांकेशांते
संवत्सरं ब्रह्मचर्यमवपनं च केशान्ते द्वादशरात्रंषड्रात्रं
त्रिरात्रमन्ततः ॥ १ ॥

तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रकाभी प्रमाणं.

अथातस्तृतीये वर्षे चूडाकरणम् ॥ १ ॥ पुरस्ताच्छालाया
उपालिप्तेऽग्निरुपसमाहितो भवति ॥ २ ॥ तत्रैतान्युप-
कॢप्तानि भवन्ति ॥३॥ एकविंशतिर्दर्भपिंजल्य उष्णो-
दककंस औदुम्बरः क्षुर आदर्शो वा क्षुरपाणि र्नापित
इति दक्षिणत. ॥ ४ ॥ आनडुहो गोमयः कृसरः स्था-
लीपाको वृथापक इत्युत्तरतः ॥ ५ ॥ व्रीहियवैस्तिल-
माषैरिति पृथक् पात्राणि पूरयित्वा पुरस्तादुपनिदध्युः

॥ ६ ॥ कृसरो नापिताय सर्वबीजानि चेति ॥ ७ ॥ अथ माता शुचिना वसनेन कुमारमाच्छाद्य पश्चादग्नेरुदगग्रेषु दर्भेषु प्राच्युपविशति ॥ ८ ॥ अथ य एतत्करिष्यन् भवति, पश्चात् प्राङ्वतिष्ठते ॥ ९ ॥ अथ जपत्यायमगात् सविता क्षुरेणेति सवितारं मनसाध्यायन् नापितं प्रेक्षमाणः ॥ १० ॥ उष्णेन वाय उदकेनैधीति वायुं मनसा ध्यायन्नुष्णोदककंसं प्रेक्षमाणः ॥ ११ ॥ दक्षिणेन पाणिनाऽप आदाय दक्षिणां कपुष्णिकामुन्दत्याप उन्दन्तु जीवस इति ॥ १२ ॥ विष्णोर्दंष्ट्रोऽसीत्यौदुम्बरं क्षुरं प्रेक्षत आदर्शं वा ॥ १३ ॥ ओषधे त्रायस्वैनमिति सप्त दर्भ पिंजलीर्दक्षिणायां कपुष्णिकायामभिशिरोग्रा निदधाति ॥ १४ ॥ ता वामेन पाणिना निगृह्य दक्षिणेन पाणिनौदुम्बरं क्षुरं गृहीत्वाऽऽदर्शं वाऽभिनिदधाति स्वधिते मैनꣳ हिꣳसीरिति ॥ १५ ॥ येन पूषा बृहस्पतेरिति त्रिः प्रांचं प्रोहत्यप्रच्छिन्दन् सकृद्यजुषा द्वि स्तूष्णीम् ॥ १६ ॥ अथायसेन प्रच्छिद्यानडुहे गोमये निदधाति ॥ १७ ॥ एतयैवावृता कपुच्छलम् ॥ १८ ॥ एतयोत्तरां कपुष्णिकाम् ॥ १९ ॥ उन्दनप्रभृति त्वेवाभिनिवर्त्तयेत् ॥ २० ॥ उभाभ्यां पाणिभ्यां मूर्द्धानं परिगृह्य जपेत् त्र्यायुषं जमदग्नेरिति ॥ २१ ॥ एतयैवावृता स्त्रियाः ॥२२॥ तूष्णीम् ॥२३॥ मन्त्रेण तु होमः ॥ २४ ॥ उदगग्नेस्तूत्सृप्य कुशलीकारयन्ति यथागोत्रकुलकल्पम् ॥ २५ ॥ आनडुहे गोमये केशान् कृत्वाऽरण्यꣳ हृत्वा निखनन्ति ॥२६॥ स्तम्बे हैके निदधति ॥२७॥ यथार्थम् ॥ २८ ॥

इन सब सूत्रोंका संक्षेपसे अर्थ—आश्वलायन गृह्यसूत्रका ऐसा मत है कि, तृतीयवर्षमें यह संस्कार करना. १ अग्निके उत्तरभागमें यव, उड़द और तिल शरावोंमें (कोंड़ियों) भरके धरै. २ जिसवक्त क्षौर कराने लगे उस वक्त बालककी माताकेपास नवीन एक शरावमें बैलका गोबर, खीजड़ा और शमीवृक्षके पत्र भर दे. ३ माताके दक्षिणभागमें बालकका पिता एकविंश (२१) कुश (दर्भ) समूलको लेके बैठे. ४ वा ब्रह्मा (ब्रह्मस्थानका ब्राह्मण) उनको धारण करे. ५ पश्चात् क्षौर करनेकेलिये शीतोष्ण (गरम और ठंढा) जल मिलाके (यउदकेनेहेतीति०) इस मन्त्रसे बालकके केशको भिजावे. ६ नवनीत (माखण) आदि भी वहां रक्खे, उस जलसे अच्छी तरहसे भिजाके अदितिकेशान्०इस मन्त्रसे काटे—अदिति, विनाशरहित ईश्वरकी शक्ति तेरे केशोंको वपन (छेदन) करे, तथा जल कोमलताको करे तेज और विद्याके लिये. ७ दहिना शिरका भागस्थ जो केश उनको तीन तीन कुशोंसह काटै और उन केशोंको लेके शरावमें धरे, कोई बाल उड़े उसको गोबरसे उठाके एकत्र धरै. (औषधे त्रायस्वैनमिति०) हे औषधे! इस बालककी तूं रक्षा कर. ८ अथवा जो भी युक्तिसिद्ध बात होय सो सो करे. लोहके छुरासे युक्तिपूर्वक प्रच्छेदन करे. हे स्वधिते! इस बालकको हिंसित मतकर. ९ जैसे सविता (सूर्य) किरणोंसे रसोंको तथा जलको वृष्टिद्वारा पृथिवीमें डालता है वैसे शनैः शनैः (धीरे) केशोंका छेदन करे. सोम जो सब जगत्का सर्वोत्तम परमात्मा उसकी कृपासे यह बालक विद्वान् होय उसी हेतुसे विद्वान् लोग केशोंका वपन करें जिससे इसको सुख होय यह बालक आयुष्मान् सौ वर्षतक सुखपूर्वक जीवनयुक्त होय. १० बालोंको (केशोंको) काट काटके कुशा और शमीके पत्तासहित केशोंको वह बालककी माताको दे, वह गोबरके बीचमें धरै. यह बात एकदेशी है जो उसवखत योग्य देखे सो करै. ११ जिस सामर्थ्यसे धाता परमेश्वरने बृहस्पति, ब्रह्मांड किंवा वायु, अग्नि और इन्द्र जो सूर्य इनकी आयुकेलिये नियम स्थापित किया है, उस परमात्माके सामर्थ्यसे हे बालक! तेरे लिये आयु, उत्तम विद्या और स्वस्तिकेवास्ते तेरे केशोंको छेदन करता हूं. दूसरे मन्त्रकाभी अर्थ इसमें आगया. एक एक मन्त्रसे शिरमें एक एक वार छुरा फिराना. १२ तीनों मन्त्रोंसे चौथीवार छुरा फिराना. १३ ऐसे शिरका जो उत्तर (वाम) भाग उसकोभी इसी प्रकार केशोंको छेदन करै. १४।१५ वा सूत्रका अर्थ सुगम है. नापीतको शिक्षा करे कि, कुशलतासे क्षौर करो. १६।१७ इसी प्रकारसे कन्याकाभी संस्कार करे. १८ तथा पारस्कर गृह्यसूत्रका इतना विशेष है कि, प्रथम एक वर्षका बालक होय अथवा तीन वर्षका १ तब चूडाकर्म यथोक्त रीतिसे करै और विशेष नहीं, कुछ होम करे, तथा

गोभिलीय गृह्यसूत्रमें इतना विशेष है कि, तृतीय वर्षमें चूडाकर्म करै. १ अग्निमें स्थ होम करै. २ इतनी चीज उसवखत चाहिये. ३ समूल दर्भ २१, उष्णोदकपात्रमें, उदुम्बर काष्ठका कंसपात्र, छुरा, आदर्श (दर्पण) और क्षौर करनेके सब साधन तथा नापित, दक्षिणभागमें रक्खै. ४ तथा बालकका वामभागमें बैलका गोवर, कृसर (खिचडी) स्था लीमें पकाके इतना अग्निके उत्तरमें रक्खैं. ५ तथा सामने चावल, यव, तिल, उडद, शरावोंमें भरके पृथक् पृथक् रक्खै. ६ क्षौर होनेके पीछे नापितको ए सब चीज देदे. ७ बालकको माता शुद्ध वस्त्र पहिरे तथा बालककोंभी पहिरावे बालकके सामने बैठे. ८।९।१०।११।१२।१३।१४।१५।१६।१७।१८।१९।२०।२१।२२।२३।२४।२५।२६।२७।२८ इनमें इतना विशेष है कि, क्षौर होनेके पीछे बालकको औषधीयुक्त शीतोष्ण जलसे स्नान कराके सुन्दर वस्त्र पहिरावे.।शिरके पश्चात्‌भागमें एक जटा मात्र केश रक्खै, तथा चारों पार्श्वमें चार जटा रक्खै. और एक उपर रक्खै ऐसे पंच शिखा किंवा एक शिखा अथवा एकभी नही रक्खै, इनमें जैसी इच्छा वैसा करै। तथा सुगंध पदार्थोंका होम करै और बालकके शिरपर हाथ रखके (त्र्यायुषं जमदग्ने०) इस मन्त्रसे परमेश्वरकी प्रार्थना करके संस्कारकी समाप्ति करै.

इति चूडाकरण संस्कारविधिः समाप्तिं नीतः

---

## ॥ अथ कर्णवेध संस्कारारम्भः ९ ॥

यह तृतीय वा पांचवे वर्षमें कर्णवेध अलंकार धारणकेलिये कानको विंधना इसमें क पारस्कर गृह्यसूत्रकाही विधान है अन्यका नहीं.

अथ कर्णवेधो वर्षे तृतीये पंचमे वा पुष्येन्दु चित्रा हरि रेवतीषु पूर्वाण्हे कुमारस्य मधुरं दत्वा प्राङ्मुखायोपविष्टाय दक्षिणं कर्णमभि मन्त्रयते भद्रं कर्णेभिरितिसव्यं वक्ष्यन्ती वेदितिचाथाभिंद्यात्ततो ब्राह्मण भोजनम् ॥ २ ॥

भद्रं कर्णेभिः शृणुयाम देवा भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ॥

स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवांसस्तनूभिर्व्यशेमहि देवहितं यदायुः

॥१॥ ॐ वक्ष्यन्ती वेदागनीगन्ति कर्णम्प्रियंसखायम् परिषस्व जाना ॥ योषेवशिंक्त वितताधिधन्व ज्यायं समने पारयन्त ॥ २ ॥

अर्थ—जब कानको विंधना होय १ तब सुश्रुत नामक वैद्यक ग्रन्थकी रीतसे सुन्दर तीक्ष्ण शस्त्रसे नाडीको बचाके यथावत् विंधे, और बालकको स्नान कराके प्रातःकाल सूर्योदयके पीछे दश बजे तक विंधन करे, बालकको पूर्वाभिमुख करके दक्षिण कर्णको भद्रं कर्णे भिरिति, इस मन्त्रसे तथा वाम कर्णको वेधन वक्ष्यन्ती वेदीति इस मन्त्रसे, यह दोनों मन्त्रोंमें इतना मुख्यार्थ है कि, हे परमेश्वर! हम लोग कानोंसे भद्र (कल्याणको) नित्य सुनें, तथा आंखोंसे कल्याण (आनन्दको) देखें, यजन स्थिर अंगोंसे परमेश्वरका करें तथा उसीकी स्तुती करें, और देव परमेश्वर तथा विद्वान् लोग उनके हितकारक आयुको प्राप्त होंय. १ तथा वेदादिक विद्याओंको अच्छी प्रकार प्राप्त होंय, और उनका सब लोगोंको सत्य उपदेश सदा करें; तथा सर्व शक्तिमान् अज, व्यापी, निराकार, दयालू परमात्माकी सदा भक्ति करें; कानको पकने न दे तथा छिद्र बंध न होय ऐसा उपाय करे.

इति कर्णवेध संस्कारविधिः समाप्तः

---

## ॥ अथोपनयन संस्कार प्रारम्भः १० ॥

यह दशवा उपनयन संस्कार कर्त्तव्य है, सो जो बुद्धिमान् आरोग्य शरीरसे समर्थ बालक होय, तो ब्राम्हणको पांचवे, क्षत्रियको छःठे और वैश्यको आठवे वर्षमें उपनयन करना. शूद्रको बिना उपनयनसे विद्यारंभ होना. इसमें सुश्रुतका प्रमाण.

कुलगुण सम्पन्नमनुपनीय शूद्र मध्यापयेत्.

कुलीन, गुणसम्पन्न, बुद्धिमान् जो शूद्रका बालक उसकोभी व्याकरणादि विद्या यथावत् पढावे.

ब्रह्मवर्चसकामस्य कार्यं विप्रस्य पञ्चमे ॥ राज्ञो बला॰
र्थिनः षष्ठे वैश्यस्येहार्थिनोऽष्टमे ॥ १ ॥ इति मनुः

इसका यही अर्थ है कि, पांचवे आदि वर्षोंमें तीनों वर्णोंको यज्ञोपवीत होना. इस्में आश्वलायनादि गृह्यसूत्रोंका ऐसा मत है कि,

अष्टमे वर्षे ब्राह्मणमुपनयेत् ॥ १ ॥ गर्भाष्टमे वा ॥ २ ॥ एकादशे क्षत्रियम् ॥ ३ ॥ द्वादशे वैश्यम् ॥ ४ ॥ आषोडशात् ब्राह्मणस्यानतीतः कालः ॥ ५ ॥ आद्वाविंशात् क्षत्रियस्य. आचतुर्विंशात् वैश्यस्य. अत ऊर्ध्वं पतितसावित्रीका भवन्ति ॥ ६ ॥ नैनानुपनयेन्नाध्यापयेन्न याजयेन्नैभिर्व्यवहरेयुः ॥ ७ ॥ अलंकृतं कुमारं कुशलीकृतशिरसमहतेन वाससा संवीतं मैणेयेन वाऽजिनेन ब्राह्मणं रौरवेण क्षत्रियमाजेन वैश्यम् ॥ ८ ॥ यदि वासांसि वसीरन् रक्तानि वसीरन्, काषायं ब्राह्मणो मांजिष्ठं क्षत्रियो हारिद्रं वैश्यः ॥ ९ ॥ तेषां मेखलाः ॥ १० ॥ मौंजी ब्राह्मणस्य. धनुर्ज्या क्षत्रियस्य. आवी वैश्यस्य ॥ ११ ॥ तेषां दण्डाः ॥ १२ ॥ पालाशो ब्राह्मणस्य. औदुम्बरः क्षत्रियस्य. बैल्वो वैश्यस्य ॥ केशसंमितो ब्राह्मणस्य. ललाट संमितः क्षत्रियस्य. प्राण संमितो वैश्यस्य ॥ १३ ॥ सर्वे वा सर्वेषां ॥ १ ॥ समन्वारब्धे हुत्वोत्तरतोऽग्नेः प्राङ्मुख आचार्योऽवतिष्ठते ॥ २ ॥ पुरस्तात् प्रत्यङ्मुख इतरः ॥ ३ ॥ अपामंजली पूरयित्वा. तत् सवितुर्वृणीमह इति पूर्णेनास्य पूर्णामवक्षारयत्यासिच्य. देवस्य त्वा सवितुः प्रसवेऽश्विनोर्बाहुभ्यां पूष्णो हस्ताभ्यां हस्तं गृ-

ध्यसाविति तस्य पाणिना पाणिं सांगुष्ठं गृह्णीयात् ॥ ४ ॥ सविता ते हस्तमग्रभीदसाविति द्वितीयम् ॥ अ-ग्निराचार्यस्तवासाविति तृतीयम् ॥ ५ ॥ आदित्य मीक्ष-येत्. देव सवितरेप ते ब्रह्मचारी तं गोपाय स मामृते-त्याचार्यः ॥ ६ ॥ कस्य ब्रह्मचार्यसि प्राणस्य ब्रह्मचार्यसि कस्त्वाकमुपनयते काय त्वा परिददामीति ॥ ७ ॥ यु-वा सुवासाः परिवीत आगादित्यर्द्धर्चेनेनंप्रदक्षिणमाव-र्तयेत् ॥ ८ ॥ तस्याध्यंसौ पाणी कृत्वा हृदयदेशमालभे-तोत्तरेण ॥ ९ ॥ अग्निं परिसमूह्य ब्रह्मचारी तूष्णीं समि-धमादध्यात् तूष्णीं वै प्राजापत्यं प्राजापत्यो ब्रह्मचारी भवतीति विज्ञायते ॥ ११ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रका प्रमाण.

अष्ट वर्ष ब्राह्मणमुपनयेत् गर्भाष्टमे वैकादश वर्ष ठं रा-जन्यं. द्वादश वर्ष वैश्यं यथा मंगलं वा सर्वेषां ब्राह्मणान् भोजयेत्तंचपर्युप्त शिर समलंकृतमानयन्ति ॥ पश्चादग्ने रवस्थाप्य ब्रह्मचर्यमागामिति वाचयति ॥ ब्रह्मचार्यसा-नीतिचार्येनं वासः परिधापयति येनेन्द्राय बृहस्पतिर्वासः पर्यदधादमृतं । तेन त्वा परिदधाम्यायुषे दीर्घायुत्वाय बलाय वर्चस इति मेखलां बध्नीत इयं दुरुक्तं परिबाध-मानावर्णं पवित्रं पुनती म आगात् ॥ प्राणापानाभ्यां बलमादधाना स्वसा देवी सुभगा मेखलेयमिति युवा सु-वासाः परिवीत आगात् स उश्रेयान् भवति जायमानः ॥ तं धीरासः कवय उन्नयन्ति स्वाध्यो मनसा देव यन्त इ-

ति वा तूष्णीं वात्र यज्ञोपवीत परिधानं यज्ञोपवीतं परमं पवित्रं प्रजापतेर्यत्सहजं पुरस्तात् ॥ आयुष्यमग्र्यं प्रतिमुञ्च शुभ्रं यज्ञोपवीतं बलमस्तु तेजः । यज्ञोपवीत मसि यज्ञस्य त्वा यज्ञोपवीतेनोपनह्यामीत्यथाजिनं प्रयच्छति मित्रस्य चक्षु र्द्धरुणं बलीयस्तेजो यशस्वि स्थविरꣳसमिद्धं। अनाहनस्यं वसनं जरिष्णुः परीदं वा ज्यजिनं दधेहमिति तूष्णीं वा दण्डं प्रयच्छति तं प्रति गृह्णाति यो मे दण्डः परापतद्वै हायसोधिभूम्यां। तमहं पुनरादद आयुषे ब्रह्मणे ब्रह्मवर्चसायेति दीक्षावदेके दीर्घसत्र मुपैतीतिवचनादथास्याद्भिरञ्जलिनांजलिंपूरयत्यापोहिष्ठेतितिसृभिरथैनꣳ सूर्यमुदीक्षयति तच्चक्षुरित्यथास्य दक्षिणाꣳसमधिहृदयमालभते मम व्रते हृदयं दधामि मम चित्तमनुचित्तं-ते अस्तु। मम वाच मेकमना जुषस्व बृहस्पतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यमित्यथास्य दक्षिणꣳ हस्तं गृहीत्वाह कोनामासीत्यसाहंभो ॥३॥ इति प्रत्याहाथैनमाह कस्य ब्रह्मचार्यसीति भवत इत्युच्यमान इन्द्रस्य ब्रह्मचार्यस्यग्निराचार्यस्तवाहमाचार्यस्तवासावित्य थैनं भूतेभ्यः परिददाति प्रजापतये त्वा परिददामि देवाय त्वा सवित्रे परिददाम्यद्भ्यस्त्वौषधीभ्यः परिददामि द्यावापृथिवीभ्यां त्वा परिददामि विश्वेभ्यस्त्वाभूतेः परिददामि सर्वेभ्यस्त्वाभूतेभ्यः परिददाम्यरिष्ट्या इति ॥ ३ ॥

तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रभी प्रमाण.

यदह रुपैष्यन्माणवको भवति प्रग एवैनं तदहर्भोजयन्ति

कुशलीकारयन्त्याञ्जावयन्त्यलंकुर्वन्त्यहतेन वाससाऽऽच्छादयन्ति ॥ ७ ॥ क्षौमशाणकार्पासौर्णान्येषां वसनानि ॥ ८ ॥ ऐणेयरौरवाजान्यजिनानि ॥ ९ ॥ मुंजकाश तांवल्यो रशनाः ॥ १० ॥ पार्णबैल्वाश्वत्थादण्डाः ॥ ११ ॥ क्षौमं शाणं वा वसनं ब्राह्मणस्य. कार्पासं क्षत्रियस्याविकं वैश्यस्य ॥ १२ ॥ एते नैवेतराणि द्रव्याणि व्याख्यातानि ॥ १३ ॥ अलाभे वा सर्वाणि सर्वेषाम्" इति ॥ १४ ॥

इन सब सूत्रोंका संक्षेपसे अर्थ—अष्टम इत्यादि आश्वलायन गृह्यसूत्रोंका यह अभिप्राय है कि, जन्मसे आठवे वर्षमे ब्राम्हणका, अग्यारहवे क्षत्रियका और बारहवे वर्षमें वैश्यका उपनयन करे. १ अथवा गर्भसे ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य यथोक्त आठवे वर्षकी गणना करले. २ ॥ ३ ॥ ४ सोलहवे वर्षसे पूर्व ब्राह्मण. ॥ ५ ॥ बाईसवे वर्षसे पूर्व क्षत्रिय, चोवीसवे वर्षसे पूर्व वैश्य, इन तीनोंको यज्ञोपवीत करनेका काल है. इस समयके पश्चात् पतित सावित्रीक अर्थात् गायत्री मन्त्रादिसे ईश्वरोपासना जो करनी उससे रहित होनेसे पतित गिनेजाते हैं; इससे यथोक्त कालमें यज्ञोपवीत अवश्य करना चाहिये. ६ जो ब्राह्मणादि तीन वर्ण यथाकालमें यज्ञोपवीत, वेदारंभादि न करे तो उनसे उपनयन अध्यापन याजनादि व्यवहार न करे. यह केवल भय दिखलाया है, जिससे सब लोग यज्ञोपवीत वेदारंभादि संस्कार यथावत् करे. ७ बालकको अलंकृत करके शिरके केशादि छेदन अर्थात् वपन कराके सुस्नात करे पीछे नवीन वस्त्रसे आच्छादित ऐसा शोभायुक्त शरीर करके शालामें ले आवे. ब्राम्हण, क्षत्रिय, वैश्य, मृगचर्म, रोझका चर्म, तथा अजाका, इन चर्मोंको वस्त्रके अभावमें धारण करें. ८ ब्राम्हण जो वस्त्र धारण करें सो रक्त वा काषाय (गेरू आदिसे रंगील) वस्त्रोंको धारण करें; मंजिष्ठको क्षत्रिय, हारिद अर्थात् पीले वस्त्र वैश्यधारण करें. ९ तथा इनकी मेखला—१० मुंज। जो घास किंवा दर्भकी ब्राम्हण, धनुष (तांत) की क्षत्रिय, और [illegible] मेखला (कटिबंधन, जिसमें कोपीन पहरी जाती है उनको) वैश्य धारण करे. ११ इन कुमार (ब्रह्मचारी) लोगोंके दण्ड—१२ ललाटके केशपर्यन्त खडा होके नापके [illegible]का दण्ड ब्राम्हण, भ्रूपर्यन्त गुलरका क्षत्रिय तथा नासिकाछिद्रपर्यन्त बिल्व

वृक्षका दण्डको वैश्य धारण करै. १३ अथवा सब दण्ड सबकेलिये अर्थात् जिसको जहां मिल सके उसका धारण करै. १ तदनन्तर मन्त्रोंसे होम करके अग्निको सन्मुख रखके आचार्य पूर्वाभिमुख बैठै. २ अग्निसे पूर्वमें पश्चिमाभिमुख करके अग्नि और आचार्यके सन्मुख कुमार बैठै. ३ तदनन्तर जलकी अंजली भरके तत्सवितुर्वृणीमहे इस मन्त्रसे कुमारकी अंजलीको आचार्य भरदे, तदनन्तर देवस्यत्वेति मन्त्रसे सूर्यके सन्मुख अंगुष्ठसहित हाथको ग्रहण करके छोडादे. ४ फिर दूसरी बार अपनी अंजलीसे उसकी अंजली जलसे भरै उसी प्रकार (सविता ते हस्त मग्रभी दसाविति) दूसरी बार छोडादे उसी प्रकार फिर अञ्जलीको भरके अग्नि राचार्य स्तवासाविति मन्त्रसे छोडादे. ५ तदनन्तर सूर्यका दर्शन करावे. हे देव! सविता, परमेश्वर आपके बाहुसे (सब पुष्टि करनेवाले जो अन्न वस आपका पराक्रम, रूप हस्तोंसे) इसका ग्रहण मैं कर्ताहूं, तथा हे कुमार! तेरा हाथ परमात्माने ग्रहण किया है, उसकी हम प्रार्थना कर्ते हैं कि, हे परमेश्वर यह कुमार तेरा ब्रह्मचारी है इसकी तूं रक्षा कर, सो मेरी रक्षा करै, ऐसा आचार्य वचन बोलै. ६ और तूं प्रजापतिका तथा प्राणका अर्थात् परमेश्वरका ब्रह्मचारी है सो सुखरूपजो कः नाम प्रजापति सो सुखके लिये तुझको उपनयन कर्ता है, उस कः प्रजापतिको तुझको मैं समर्पित कर्ताहूं. ७ सो तूं युवावस्था जबतक पूर्ण होय तबतक सब वेदादि विद्याओंको पढके सुन्दर वस्त्रभूषण धारण करके (परि वीत) आच्छादित विद्यादिगुणोंसे युक्त मुझको प्राप्त हो. तदनन्तर आचार्यकी परिक्रमा करके सन्मुख बैठै. ८ उस ब्रह्मचारीके स्कन्धके ऊपर हाथ धरके हृदय देशका स्पर्श आचार्य करै, उत्तर देशसे. ९ तदनन्तर अग्निको प्रदीप्त करके तथा मौन होके ब्रह्मचारी समिदाधान अग्निमें करै, क्यों कि? मौन व्रत अर्थात् प्रमित भाषण और सत्य भाषण यही प्रजापति परमेश्वरसे उपदिष्ट व्रत है. इससे ब्रह्मचारी प्राजापत्य अर्थात् प्रजापति परमेश्वरका उपासक होता है यहनिश्चित् विचार है, तथा पारस्कर गृह्यसूत्रका इतनाविशेष है कि, कुमारका क्षौर कराके अलंकृत करके वेदीके पश्चिम भागमें बैठाके (ब्रम्हचार्य मागामिति) मैं ब्रह्मचर्याश्रमको प्राप्त होऊं; (ब्रम्हचार्यसानीति) मैं ब्रह्मचारी होऊं; ऐसा आचार्यसे कहै. तदनन्तर इसको वस्त्रधारण करावे. (येनेन्द्राय) इस मन्त्रसे, हे कुमार! इन्द्र जो सूर्य उसको तेजोरूप वस्त्र, बृहस्पति परमात्मा जिस सामर्थ्यसे धारण कर चुकाहै, तथा अमृत मोक्ष सब जगत्‌में मनुष्योंके लिये धारण किया है, उस सामर्थ्यसे तुझको

वस्त्रधारण मैं जो तेरा पिता–आचार्य–सो धारण कराता हूं, दीर्घ आयु दीर्घ बल और बडी विद्या होनेके लिये परमेश्वरकी प्रार्थना कर्ता हू, तदनन्तर कटीमें मेखलाको बांधे (इयमिति) मन्त्रसे, यह मेखला ब्रह्मचर्य और सुशिक्षा तथा सर्व विद्याका लाभके लिये धारण करी जाती है. सब दुष्टता कुशिक्षा छोडानेके लिये, आजसे लेके मैं पवित्रासे मेखलाको धारण कर्ता हूं सो मुझको यह मेखला प्राप्त हुई; सो प्राण और अपानके पूर्ण अवस्थासे बलको धारण करनेके लिये भगिनिनाई सौभाग्य बढानेवाली मेखलाको धारणं कीई है. अथवा (युवासुवासा) इस मन्त्रसेभी मेखला की प्रतिज्ञा करके बांधनी. क्यों कि ! विद्यामें जो प्रादुर्भूत होता है सो अपना और सब मनुष्योंके कल्याण कारक पुरुष होता है, उसको अच्छे अच्छे विचार पूर्वक कवि (पण्डित) लोग मान्य कर्ते हैं और संगमें बैठाके प्रतिज्ञा करके उससे मनसे प्रीति कर्ते हैं. पश्चात् यज्ञोपवीतमिति मन्त्रसे यज्ञोपवीतको धारण करावें. (यज्ञोपवीतं० इत्यादि); जो प्रजापति परमेश्वरका सहज सच्चिदानन्द स्वरूप परमपवित्र यज्ञमें सत्कृत है उसकी प्रथम प्रार्थना करके इस यज्ञोपवीतको यज्ञ परमेश्वरकी भक्ति तथा यज्ञका अनुष्ठान करनेके लिये धारण कर्ता हूं. सो ईश्वरानुग्रहसे दीर्घायु श्रेष्ठगुण बल और तेज इत्यादि श्रेष्ठगुणोंका चिन्हनिमित्त यज्ञोपवीत होय. जब प्रथम सूत्र मलीन हो जाय तब उसको छोडदे और दूसरा शुभ्र, शुद्ध, नवीनको धारण करै. १ हे परमेश्वर ! तूं यज्ञमें समीप विविध सुखके देनेके लिये प्राप्त हो. हे शिष्य ! उसमें प्रेमभक्ति तथा होमादि द्रव्य यज्ञकेलिये तथा ज्ञान विद्या यज्ञकी प्राप्तिकेलि[illegible] तुझको यज्ञोपवीतसे युक्त कर्ता हूं, ऐसा आचार्य बोलके यज्ञोपवीतको धारण क[illegible], तदनन्तर अजिन–(मृगचर्मादि) कुमारको देवै,(मित्रस्यचक्षुर्द्दरुणमिति)मन्त्र पढके[illegible]था मौन होके ब्रह्मचारीको दण्ड देवे और वह उसको ग्रहण करै (योमे दण्ड) इस मन्त्रसे. सोभी विद्यादि सद्गुण प्राप्तिकेलिये इनको प्रतिज्ञा पूर्वक धारण करै कि मैं अवश्य विद्यादि सद्गुणोंको ईश्वरानुग्रहसे प्राप्त होऊं. अञ्जलीसे अञ्जली भरना इसका अर्थ पूर्व आगया. (आपोहिष्ठे आदि तीन मन्त्रोंसे

आपोहिष्ठा मयोभुवस्था नऊर्ज्जे दधात ना महे रणाय चक्षसे ॥ १ ॥ योवः शिवतमा रसस्तस्य भाजयते हनः ॥ उशतीरिव मातरः ॥ २ ॥ तस्माऽअरंगमामवो यस्य क्षयाय जिन्वथ ॥ आपो जनयथाच नः ॥ ३ ॥

इन मन्त्रोंसे अंजली विधान करै, तथा तच्चक्षुर्देव० इस मन्त्रसे सूर्यका उप-स्थान करे, तदनन्तर आचार्य ब्रह्मचारीके दक्षिण हृदयपर हाथ रखके परस्पर प्रतिज्ञा करैं. हे शिष्य ! तेरा विद्या ग्रहणका चित्त मेरे चित्तके अनुकूल सदा रहो, शिष्य कहे कि, सर्वदिन आपके अनुकूल रहूंगा; तथा आचार्य कहै कि, मेरे नियममें तेरा हृदय-को मैं धारण कर्त्ता हूं कि,तूं मेरेसे विरुद्ध न होय, तथा मैं भी तुझको विद्या और श्रेष्ठ शिक्षा देनेमें अनुकूल रहूंगा. सो तूं एकाग्र मन करके मेरा उपदेशको सेवन कर, परमेश्वर बृहस्पति जो सबसे बडा सो मेरेपास तुझको नियुक्त कर दे; तदनन्तर ब्रह्म-चारीका दक्षिण हाथको ग्रहण करके बोले कि, तूं कौन है ? तेरा नाम क्या ? ब्रह्म-चारी प्रत्युत्तर दे, कि मैं आपका विद्यार्थी शिष्य हूं; किसका तूं ब्रह्मचारी है ? आपका; तूं इन्द्र जो परमात्मा उस्का ब्रह्मचारी है, तथा अग्नि जो सर्वज्ञ परमेश्वर वह तेरा आ-चार्य है; और मैंभी तेरा आचार्य हूं, सो तुझको सब भूतोंके सुखके लिये विद्या ग्रहण करनेको तथा मेरे लिये तुझको परमात्मा देता है. मैं प्रजापति परमात्माको तुझको देता हूं, सब जगत्का उत्पादक जो सविता देव उस्केलिये तुझको मैं देता हूं, तथा जल, ओषधी, स्वर्ग, पृथिवी, विश्वेदेव अर्थात् ये विद्वान् सब प्राणिमात्र इनके गुण लेने, इ-नका ज्ञान करने तथा भोग करने और दुःख छोडानेके लिये तुझको मैं देता हूं इति. तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रमें कुछ विशेष नहीं किन्तु ? इतना है कि, प्रथम तीन तीन दिवस उपवास करैं.—दूध पीके ब्राह्मण, यव और गुडको पतला पकाके क्षत्रिय, दूध दहीं और सक्कर इन तिनोंको मिलाके वैश्य, तीन तीन उपवास करैं, इसमें यह शतपथका प्रमाण है,

पयो व्रतो ब्राह्मणः यवागु व्रतो राजन्यः । अभिक्षा व्रतो वैश्यः ॥ वसन्ते ब्राह्मण मुपनयेत् ग्रीष्मे राजन्यं शर-दि वैश्यम् ॥

वसंत, ग्रीष्म, और शरद इन ऋतूओंमें यथा क्रमसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, और, वैश्य, ये उपनयन करावै, तीनों संस्कारका होम एक ठिकाने लिख देंगे सो तीनों—उपन-यन वेदारंभ और समावर्तन—संस्कारमें जान लेना.

ओं प्रजापतये स्वाहा । ओं इन्द्राय स्वाहाः ओं अ-

ग्नयेस्वाहा । ओं सोमायस्वाहा । ओं भूः स्वाहा ।
ओं भुवः स्वाहा । ओंस्वः स्वाहा इति ।

ए सब ईश्वरके नाम है, इन मन्त्रोंसेभी होम करै.

इति उपनयन संस्कारविधिः समाप्तः ॥

## ॥ अथ वेदारंभसंस्कार प्रारभ्यते ११ ॥

ग्यारहवा संस्कार वेदारंभ नाम कहाता है. गायत्री मन्त्रसे आरंभ करके व्याकरणादि वेद पर्यन्त सर्व शास्त्रोंके पढनेकेलिये नियम धारण करना इसका नाम वेदारंभसंस्कार है. सो आगे आगे सब नियम देखाये जायेंगे, प्रथम आश्वलायन गृह्यसूत्रका लेख लिखा जाता है.

मन्त्रेण हैके. अग्नये समिधमाहार्षं बृहते जातवेदसे तया त्वमग्ने वर्द्धस्व समिधा ब्रह्मणा वयं स्वाहेति ॥ १ ॥ स समिधमाधायाग्निमुपस्पृश्य मुखं निमार्ष्टि त्रिः तेजसा मा समनज्मीति ॥ २ ॥ तेजसा ह्येवात्मानं समनक्तीति विज्ञायते ॥ ३ ॥ मयि मेधां मयि प्रजां मय्यग्निस्तेजो दधातु. मयि मेधां मयि प्रजां मयीन्द्र इन्द्रियं दधातु. मयि मेधां मयि प्रजां मयि सूर्य्यो भ्राजो दधातु । यत्ते अग्ने तेजस्तेनाहं तेजस्वी भूयासं. यत्ते अग्ने वर्चस्तेनाहं वर्चस्वी भूयासं. यत्ते अग्ने हरस्तेनाहं हरस्वी भूयासं. इत्युपस्थाय जान्वाच्योपसंगृह्य ब्रूयात्. अधीहि भूः सावित्रीं भो अनु ब्रूहीति ॥ ४ ॥ तस्य वाससा पाणिभ्यां च पाणी संगृह्य सावित्रीमन्वाह पच्छोऽर्द्धर्चशः

सर्वां ॥ ५ ॥ यथाशक्ति वाचयीत ॥ ६ ॥ हृदयदेशेऽस्योर्ध्वांगुलि पाणिमुपदधाति. मम व्रते हृदयन्ते दधामि मम चित्तमनु चित्तं ते अस्तु । मम वाचमेकमना जुषस्व बृहस्पतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यमिति ॥ ७ ॥ मेखलामाबध्य दण्डं प्रदाय ब्रह्मचर्यमादिशेत् ॥ १ ॥ ब्रह्मचार्यस्यपोऽशान कर्म कुरु दिवा मा स्वाप्सीराचार्याधीनो वेदमधीष्वेति ॥ २ ॥ द्वादश वर्षाणि वेद ब्रह्मचर्यम् ॥ ३ ॥ ग्रहणान्तं वा ॥ ४ ॥ सायं प्रातर्भिक्षेत ॥ ५ ॥ सायं प्रातः समिधमादध्यात् ॥ ६ ॥ अप्रत्याख्यायिनमग्रे भिक्षेत. अप्रत्याख्यायिनीं वा ॥ ७ ॥ भवान् भिक्षां ददात्विति. अनुप्रवचनीयमिति वा ॥ ८ ॥ तदाचार्याय वेदयीत. तिष्ठेदहः शेषम् ॥ ९ ॥ अस्तमिते ब्रह्मौदनमनुप्रवचनीयं श्रपयित्वाऽऽचार्याय वेदयीत ॥ १० ॥ आचार्यः समन्वारब्धे जुहुयात्. सदसस्पतिमद्भुतमिति ॥ ११ ॥ सावित्र्या द्वितीयम् ॥ १२ ॥ यद्यन् किञ्चात ऊर्ध्वमनूक्तं स्यात् ॥ १३ ॥ ऋषिभ्यस्तृतीयम् ॥ १४ ॥ सौविष्टकृतं चतुर्थम् ॥ १५ ॥

तथा पारस्कर गृह्यसूत्रका प्रमाण ॥

प्रदक्षिणमग्निं परीत्योपविशत्यन्वारब्ध आज्याहुतीर्हुत्वा ॥ प्राशनान्ते थैन ँ स ँ शास्ति । ब्रह्मचार्यस्यपोऽशान कर्म कुरु मा दिवा सुषुप्था वाचं समिधमाधेह्यपोऽशानेत्यथास्मै सावित्रीमन्वाहोत्तरतोऽग्नेः प्रत्यङ्मुखायोपविष्टायोपशन्नाय समीक्षमाणाय समीक्षिताय दक्षिणतस्तिष्ठत आ-

ति निष्क्रमणं प्रभृत्युदकुंभ ठं. स्कन्धे कृत्वा दक्षिणतोग्नेर्वा-
ग्यतः स्थितोभवत्युत्तरतएकेषां तत एनां मूर्द्धन्यभिषिं-
चत्यापः शिवाः शिवतमाः शान्ताःशान्ततमास्ता स्तेकृ-
ण्वन्तुभेषजमित्यापोहिष्ठेतिचातिसृभिरथैना ठं. सूर्यं मुदी
क्षयति तच्चक्षुरित्यथास्यै दक्षिणा ठं. समधि हृदयमाल-
भेत ममव्रते ते हृदयन्दधामि ममचित्तमनुचित्तं ते अस्तु ।
मम वाच मेकमना जुषस्व प्रजापतिष्ट्वा नियुनक्तु मह्यमित्य-

धेनामभिमन्त्रयते सुमङ्गलीरियं वधूरिमा ठं. समेत प-
श्यत । सौभाग्य मस्यै दत्वायाथास्तं विपरेतनेति तां
दृढ पुरुषोन्मथ्यप्राग्वोदग्वानुगुप्तागार आनडुहे रोहि-
ते चर्मण्युपवेशयतीहगावोनिषीदंत्विहाश्वा इह पू-
रुषाः ॥ इहो सहस्रदक्षिणो यज्ञ इह पूषा निषीदंत्विति
ग्राम वचनञ्चे कुर्युर्विवाह श्मशानयोर्ग्रामं प्राविशतादि-
ति वचनात् तस्मात्तयोर्ग्राम प्रमाणमितिश्रुतेराचार्याय
वरं ददाति गौर्ब्राह्मणस्य वरो ग्रामो राजन्यस्याश्वो वैश्य
स्याधिरथ ठं. शतं दुहितृमतेस्तमितेध्रुवं दर्शयीत ध्रुवमसि
ध्रुवं त्वापश्यामि ध्रुवैधिपोष्ये मयि मह्यं त्वादाद्बृहस्प-
तिर्मयापत्या प्रजावतीसंजीव शरदः शतमिति सायदि-
पपश्येत्पश्यामीत्येवब्रूया त्रिरात्रमक्षारालवणाशिनौस्या-
तामधः शय्या ता ठं. संवत्सरञ्च मिथुनमुपेयातां द्वादः
शरात्र ठं. षड्रात्रं त्रिरात्रमन्ततः ॥ ८ ॥

तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रका प्रमाण.

पुण्ये नक्षत्रे दारान् कुर्वीत ॥ १ ॥ लक्षण प्रशस्तान्कु-
शलेन ॥ २ ॥ पाणिग्रहणे पुरस्ता च्छालाया अग्निरुप
समाहितो भवति ॥ १३ ॥ अथ जन्यानामेको ध्रुवा-
णामपां कलसं पूरयित्वा सहोदकुंभः प्रावृतो वाग्य-
तोऽग्रेणाग्नि. परिक्रम्य दक्षिणत उदङ्मुखोऽवतिष्ठते ॥१३॥
प्राजनेनान्यः ॥ १४ ॥ शमी पलाशमिश्रांश्च लाजांश्चतुर
ञ्जलिमात्रान् शूर्पेणोप सादयन्ति पश्चादग्नेः ॥१५॥ दृ-
शत पचश्च ॥ १६ ॥ अथ यस्याः पाणिं ग्रहीष्यन भव॰

ति सशिरस्का साऽऽप्लुता भवति ॥१७॥ अहतेन वस-
नेन पतिः परिदध्याद्,- या अकृन्तन्नित्येतयर्चा, परिधत्त
धत्त वाससेति च ॥१८॥ प्रावृतां यज्ञोपवीतिनीमभ्युदान-
यन् जपेत्-सोमोऽददद्गन्धर्वायेति ॥ १९ ॥ पश्चादग्नेः
संवेष्टितं कटमेवं जातीयं वाऽन्यत् पदा प्रवर्त्तयन्तीं
वाचयेत्-प्र मे पतियानः पन्थाः कल्पतामिति ॥ २० ॥
हुत्वोपोत्तिष्ठतः ॥ १ ॥ अनुपृष्ठं पतिः परिक्रम्य दक्षिणत
उदङ्मुखोऽवतिष्ठते वध्वञ्जलिं गृहीत्वा ॥२॥ पाणिग्र-
हो जपति,- इममश्मानमारोहेति ॥४॥ तस्योपस्तीर्णाभि-
घारित मग्नौ जुहोत्यविच्छिन्दत्यञ्जलिम् -इयं नार्युपब्रूते
इति ॥६॥ अर्यमणं नु देवं पूषणमित्युत्तरयोः ॥७॥ हुते
पति यथेतं परिव्रज्य प्रदक्षिणमग्निं परिणयति मन्त्रवान्
वा ब्राह्मणः-कन्यलापितृभ्यः-इति ॥ परिणीता तथैवा-
वतिष्ठते तथाऽऽक्रामति, तथा जपति; तथाऽऽवपति, तथा
जुहोति ॥९॥ एवं त्रिः ॥ १० ॥ दक्षिणेन प्रक्रम्य सव्ये-
नानुक्रामेत् ॥ १२ ॥ मा सव्येन दक्षिणमतिक्रामेति
ब्रूयात् ॥ १३ ॥ ईक्षकान् प्रतिमन्त्रयेत सुमङ्गलीरियं व-
धूरिति ॥ १४ ॥ अपरेणाग्निमौदकोऽनुसंव्रज्य पाणिग्राहं
मूर्द्धदेशेऽवसिञ्चति तथेतरां समञ्जन्त्वित्यतयर्चा ॥१५॥
समामासूद्वहन्ति ॥ १७ ॥ अरुन्धतीञ्च ॥१०॥ रुद्वाह-
मस्मीत्येवमेव ॥ ११ ॥ अथैनामनुमन्त्रयते ध्रुवाद्यौरि-
त्येतयर्चा ॥ १२ ॥ अनुमंत्रिता गुरुं गोत्रेणाभिवादयते
॥ १३ ॥ सोऽस्या वाग्विसर्गः ॥१४॥ तावुभौ तत् प्रभृति

त्रिरात्रमक्षारलवणाशिनौ ब्रह्मचारिणौ भूमौ सह शयीयाताम् ॥ १५ ॥ हविष्यमन्नं प्रथमं परिजपितं भुञ्जीत ॥ १८ ॥ तस्य देवता अग्निः प्रजापति विश्वेदेवा अनुमतिरिति ॥२०॥ भुक्तोच्छिष्टं वध्वै प्रदाय यथार्थम् ॥२२॥

शौनक गृह्यसूत्रमें कुछ विशेष नहीं इससे नहीं लिखते.

अथ चतुर्वेदमन्त्राः—ऋ० अ० ८ अ० ३ व० २५.
पूषा त्वेतो नयतु हस्तगृह्याश्विना त्वा प्रवहतां रथेन ॥ गृहान् गच्छ गृहपत्नी यथासो वशिनी त्वं विदथमा वदासि ॥ २६ ॥ इह प्रियं प्रजाया ते समृध्यतामस्मिन् गृहे गार्हपत्याय जागृहि । एना पत्या तन्वं सं सृजस्वाधा जिव्री विदथमा वदाथः ॥ २७ ॥ सुमङ्गलीरियं वधूरिमां समेत पश्यत । सौभाग्यमस्यै दत्वायाथास्तं वि परेतन ॥ ३३ ॥ वर्ग ॥ २७ ॥ गृभ्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः । भगो अर्यमा सविता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः ॥ ३६ ॥ तां पूषञ्छिवतमामेरयस्व यस्यां बीजं मनुष्या३ वपन्ति । या न ऊरू उशती विश्रयाते यस्यामुशन्तः प्रहराम शेपं ॥ ३७ ॥ तुभ्यमग्रे पर्यवहन्त्सूर्यां वहतुना सह । पुनः पतिभ्यो जायां दा अग्ने प्रजया सह ॥ ३८ ॥ पुनः पत्नीमग्निरदादायुषा सह वर्चसा । दीर्घायुरस्या यः पतिर्जीवाति शरदः श-

तम् ॥ ३९ ॥ सोमः प्रथमो विविदे गन्धर्वो विविद उत्तरः । तृतीयो अग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजाः ॥ ४० ॥ सोमो ददद्गन्धर्वाय गन्धर्वो दददग्नये । रयिं च पुत्रांश्चादादग्निर्मह्यमथो इमां ॥ ४१ ॥ इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतं । क्रीळन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वे गृहे ॥ ४२ ॥ आ नः प्रजां जनयतु प्रजापतिराजरसाय समनक्त्वर्यमा । अदुर्मङ्गलीः पति लोकमा विश शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥ ४३ ॥ अघोर चक्षुरपतिघ्न्येधि शिवा पशुभ्यः सुमनाः सुवर्चाः । वीरसूर्देवकामा स्योना शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥ ४४ ॥ इमां त्वमिन्द्र मीढ्वः सुपुत्रां सुभगां कृणु । दशास्यां पुत्राना धेहि पतिमेकादशं कृधि ॥ ४५ ॥ सम्राज्ञी श्वशुरे भव सम्राज्ञी श्वश्र्वां भव । ननान्दरि सम्राज्ञी भव सम्राज्ञी अधि देवृषु ॥ ४६ ॥ समञ्जन्तु विश्वे देवाः समापो हृदयानि नौ । सं मातरिश्वा सं धाता समु देष्ट्री दधातु नौ ॥ ४७ ॥ अ० ८ अ० ४ वर्ग. २॥ नमत्स्त्री सुभसत्तरा न सुयाशुतरा भुवत् । न मत्प्रतिच्य वीयसी न सक्थ्युद्यमीयसी विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ ६ ॥ उवे अम्ब सुलाभिके यथेवाङ्ग भविष्यति । भसन्मे अंब सक्थि मे शिरो मे वीव हृष्यति विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ ७ ॥ अ० ८ अ० ४ वर्ग ३ इन्द्राणीमासु नारिषु सुभगामहमश्रवं ॥ नह्यस्या अपरं चन जरसा मरते पतिर्विश्वस्मादिन्द्र उत्तरः ॥ ११ ॥

यजु: और सामके मन्त्र सूत्रमें आगये हैं इससे नहीं लिखते.

अथ अथर्ववेद मन्त्राः ॥ कां० १४ अनु० १.

सोमो वधूयुरभवदश्विनास्तामुभा वरा ॥ सूर्यां यत्पत्ये शंसन्तीं मनसा सविता ददात् ॥ ९ ॥ शुची ते चक्रे यात्या व्यानो अक्ष आहतः । अनो मनस्मयं सूर्यारोहत्प्रयती पतिम् ॥ १२ ॥ भगस्त्वेतो नयतु हस्तगृह्याश्विना त्वा प्रवहतां रथेन । गृहान्गच्छ गृहपत्नी यथासो वशिनी त्वं विदथमा वदासि ॥ २० ॥ इहैव स्तं मा वि यौष्टं विश्वमायुर्व्यश्नुतम् । क्रीडन्तौ पुत्रैर्नप्तृभिर्मोदमानौ स्वस्तकौ ॥ २२ ॥ नवोनवो भवसि जायमानोऽह्नांकेतुरुषसामेष्यग्रम् । भागं देवेभ्यो विदधास्यायन्प्र चन्द्र मस्तिरसे दीर्घमायुः ॥ २४ ॥ येनाग्निरस्या भूम्या हस्तं जग्राह दक्षिणम् । तेन गृह्णामि ते हस्तं मा व्यथिष्ठा मया सह प्रजया च धनेन च ॥ ४८ ॥ देवस्ते सविता हस्तं गृह्णातु सोमो राजा सुप्रजसं कृणोतु । अग्निः सुभगां जातवेदाः पत्ये पत्नीं जरदष्टिं कृणोतु ॥ ४९ ॥ गृह्णामि ते सौभगत्वाय हस्तं मया पत्या जरदष्टिर्यथासः । भगो अर्यमा सविता पुरंधिर्मह्यं त्वादुर्गार्हपत्याय देवाः ॥ ५० ॥ भगस्ते हस्तमग्रहीत्सविता हस्तमग्रहीत् । पत्नी त्वमसि धर्मणाहं गृहपतिस्तव ॥ ५१ ॥ ममेयमस्तु पोष्या मह्यं त्वादाद् बृहस्पतिः । मया पत्या प्रजावति संजीव शरदः शतम् ॥ ५२ ॥ त्वष्टा वा-

सो व्यदधा च्छुभे के बृहस्पतेः प्रशिषा कवीनाम्। तेनेमां नारीं सविता भगश्च सूर्यामिव परि धत्तां प्रजया ॥ ६३ ॥ इन्द्राग्नी द्यावापृथिवी मातरिश्वा मित्रावरुणा भगो अश्विनो भा। बृहस्पतिर्मरुतो ब्रह्म सोम इमां नारीं प्रजया वर्द्धयन्तु ॥ ५४ ॥ अहं वि ष्यामि मयि रूपमस्या वेददित्पश्यन्मनसः कुलायम् । न स्तेयमद्मि मनसोदमुच्ये स्वयं श्रन्थानो वरुणस्य पाशान् ॥ ५७ ॥ अनु० २ ॥ सोमस्य जाया प्रथमं गन्धर्वस्तेऽपरः पतिः। तृतीयो अग्निष्टे पतिस्तुरीयस्ते मनुष्यजाः ॥ ३ ॥ सोमो ददद् गन्धर्वाय गन्धर्वो ददद्ग्नये। रयिं च पुत्रांश्चादादग्निर्मह्य मथो इमाम् ॥ ४ ॥ इदं सुमे नरः शृणुत ययाशिषा दम्पती वाममश्नुतः । ये गन्धर्वा अप्सरसश्च देवीरेषु वानस्पत्येषु येऽधि तस्थुः । स्योनास्ते अस्यै वध्वै भवन्तु मा हिंसिषुर्वहतु मुह्य मानम् ॥ ९ ॥ संकाशयामि वहतुं ब्रह्मणा गृहै रघोरेण चक्षुषा मित्रियेण ॥ पर्याणद्ध विश्वरूपं यदस्ति स्योनं पतिभ्यः सविता तत्कृणोतु ॥ १२ ॥ शिवा नारी यमस्तमागन्निमं धाता लोक मस्यै दिदेश । ता मर्यमा भगो अश्विनो भा प्रजापतिः प्रजया वर्द्धयन्तु ॥ १३ ॥ अघोर चक्षुरपतिघ्नी स्योना शग्मा सुशेवा सुयमा गृहेभ्यः । वीरसूर्देवृकामा सन्त्वयेधिषी महि सुमनस्यमाना ॥ १७ ॥ अदेवृघ्यपतिघ्नीहैधि शिवा पशुभ्यः सुयमा सुवर्चाः।

प्रजावती वीरसूर्देवृकामा स्योने ममग्निं गार्हं
पत्यं सपर्य ॥ १८ ॥ उत्तिष्ठतः किमिच्छन्तीदमागा अ-
हन्त्वेडे अभिभूःस्वाद्गृहात् । शून्यैषी निर्ऋते याजगन्थो-
त्तिष्ठाराते प्र पत मेह रंस्थाः ॥१९॥ सुमङ्गली प्रतरणी गृ-
हाणां सुशेवापत्ये श्वशुराय शम्भूः । स्योनाश्वश्र्वै प्रगृहा-
हान्विशेमान् ॥ २६ ॥ स्योना भव श्वशुरेभ्यः स्योना
पत्ये गृहेभ्यः । स्योना स्यै सर्वस्यै विशे स्योना पुष्टा-
यैषां भव ॥ २७ ॥ सुमङ्गलीरियं वधूरिमां समेत पश्यत ।
सौभाग्यमस्यै दत्वा दौर्भाग्यैर्विपरेतन ॥ २८ ॥ यादुर्हा
र्दा युवतयो याश्चेह जरतीरपि । वर्चोन्वस्यै सन्दत्ता-
थास्तं विपरेतन ॥ २९ ॥ रुक्म प्रस्तरणं वह्यं विश्वा-
रूपाणि बिभ्रतं । आरोहत्सूर्य्यासावित्री बृहते सौ भ-
गायकम् ॥ ३० ॥ आरोह तल्पं सुमनस्यमानेह प्रजां
जनय पत्ये अस्मै । इन्द्राणीवं सुबुधा बुध्यमाना ज्यो-
तिरग्रा उषसः प्रति जागरासि ॥३१॥ देवा अग्ने न्यप-
द्यन्त पत्नीः समस्पृशन्त तन्वं स्तनूभिः । सूर्य्येव नारि
विश्वरूपा महित्वा प्रजावती पत्या सं भवेह ॥ ३२ ॥
नमो गन्धर्वस्य नमसे नमो भामाय चक्षुषे च कृण्मः ।
विश्वावसो ब्रह्मणा ते नमोऽभिजाया अप्सरस परेहि ३५
राया वयं सुमनसः स्यामोदितो गन्धर्वमावीवृताम्
आगन्स देवः परमं सधस्यमगन्म यत्र प्रतिरन्त आयुः
॥ ३६ ॥ सं पितरा वृत्विये सृजेयां माता पिता च रे-

तसो भवाथः । मर्य इव योषामधि रोह यैना प्रजाकृ- ण्वा थामिह पुंष्यतं रयिम् ॥ ३७ ॥ ताम्पूषञ्छिवतमा मे रयस्व यस्यां बीजं मनुष्या ३ वपन्ति । या न ऊरू उशती विश्रयाति यस्यामुशन्तः प्रहरेम शेपः ॥ ३८ ॥ आ रो होरुमुप धत्स्व हस्तं परि ष्वजस्व जायां सुम- नस्यमानः । प्रजां कृण्वाथामिह मोदमानौ दीर्घं वामायु सविता कृणोतु ॥ ३९ ॥ आ वां प्रजां जनयतु प्रजा- पति रहो रात्राभ्यां समनक्त्वर्यमा । अदुर्मंगली पतिलोक मा विशेमं शं नो भव द्विपदे शं चतुष्पदे ॥ ४० ॥ स्योना योनेरधिबुध्यमानौ हसामुदौ महसा मोदमानौ । सुगू सुपुत्री सुगृही तराथो जीवा वुषसो विभातीः ॥ ४२ ॥ या मे प्रियतमा तनू सा मे बिभाय वाससः तस्याऽग्रे त्वं वनस्पते नीविं कृ- णुष्व मा वयं रिषाम ॥ ५० ॥ ये अन्ता यावतीः सिचो य ओतवो ये च तन्तवः । वासो यत्पत्नी भिरुतं तं नः स्योन मुप स्पृशात् ॥ ५१ ॥ उशतीः कन्यला इमाः पितृ लोकात् पतिं यतीः । अव दीक्षामसृक्षत स्वाहा ॥ ५ ॥ बृहस्पतिना वसृष्टां विश्वे देवा अधारयन् । वर्चो- गोषु प्रविष्टं यत्तेनेमां सं सृजामसि ॥ ५३ ॥ बृहस्पतिना० । तेजोगोषु प्रविष्टं यत्तेनेमां० ॥ ५४ ॥ बृहस्पतिना० । भगोगोषु प्रविष्टो यस्तेनेमां० ॥ ५५ ॥ बृहस्पतिना० । यशोगोषु प्रविष्टं यत्तेनेमां० ॥ ५६ ॥ बृहस्पतिना० । पयो गोषु प्रविष्टं यत्तेनेमां ॥ ५७ ॥ बृहस्पतीनावसृष्टां

विश्वे देवा अधारयन् । रसो गोषु प्रविष्टो यस्तेनेमां सं सृजामसि ॥ ५८ ॥ इयं नार्युपब्रूते पूल्यान्यावपन्तिका । दीर्घायुरस्तु मे पतिर्जीवाति शरदः शतम् ॥ ६३ ॥ इहेमाविन्द्र सं नुद चक्रवाकेव दम्पती प्रजयैनौ स्वस्तकौ विश्वमायुर्व्यश्नुताम् ॥ ६४ ॥ सं त्वा नह्यामि पयसा पृथिव्याः सं त्वा नह्यामि पयसौषधीनाम् । सं त्वां नह्यामि प्रजया धनेन सा सन्नद्धा सनुहि वाजमेनम् ॥ ६५ ॥ अमोहमस्मि सा त्वम् सामाहमस्म्यृक् द्यौरहं पृथिवी त्वं । ताविह सं भवाव प्रजामा जनयावहै ॥ ७१ ॥ जनियन्ति नावग्रवः पुत्रियन्ति सुदानवः । अरिष्टासू सचेवहि बृहते वाजसातये ॥ ७२ ॥ ये पितरो वधूदर्शा इमं वहतु मागमन् । ते अस्यै वध्वै सं पत्न्यै प्रजावच्छर्म यच्छन्तु ॥ ७३ ॥ येदं पूर्वागन्नशनायमाना प्रजामस्यै द्रविणं चेह दत्वा । तां वहन्त्वगतस्यानु पन्थां विराडियं सुप्रजा अत्यजैषीत् ॥ ७४ ॥ प्र बुध्यस्व सुबुधा बुध्यमाना दीर्घायुत्वाय शतशारदाय । गृहान्गच्छ गृहपत्नी यथासो दीर्घं त आयुः सविता कृणोतु ॥ ७५ ॥ इति द्वितीयोनुवाकः ॥ एकोनत्रिंशः प्रपाठकः ॥ चतुर्दशकाण्डं समाप्तम् ॥

अथैतेषां संक्षेपतोर्थाः— समावर्तन करके पुरुष वा कन्या वरको जब आनेकी इच्छा करै, तब सोलह वर्षसे ऊपर २४ वर्षतककी उमरवाली स्त्री होय और २५ पचीसवें वर्षसे लेके ४८ अड़तालीसवें वर्षतक उमरवाला पुरुष होय; स्त्रीसे पुरुषका आयु दो गुणा, अढ़ाई गुणा या ड्योढा उमरवाला पुरुष होय तो उसकेसाथ विवाह करै, अर्थात् १६ सोलह वर्षकी कन्या

होय तो ३२ बत्तीस वर्षका पुरुष, १८ वर्षकी कन्या होय तो ३६ वर्षका पुरुष, २० बीस वर्षकी कन्या होय तो ४० वर्षका पुरुष, एवं २४ वर्षकी कन्या होय तो ४८ वर्षका पुरुष इसी प्रकार अढाई गुणा और डेढाभी समझ लेना. अत्रमनु:—

गुरुणानुमत:स्नात्वा समावृत्तो यथाविधि । उद्वहेत द्विजो भार्या सवर्णा लक्षणान्वितां ॥ १ ॥ असपिण्डा च या मातु रसगोत्रा च या पितुः । सा प्रशस्ता द्विजातीनां दारकर्मणि मैथुने ॥ २ ॥ महान्त्यपि समृद्धानि गोजाविधन धान्यतः । स्त्री संबंधे दशैतानि कुलानि परिवर्जयेत् ॥३॥ हीन क्रियं निष्पुरुषं निश्छन्दो रोम शार्शसम् । क्षय्यामया व्यपस्मारि श्वित्रि कुष्ठि कुलानि च ॥ ४ ॥ नोद्वहेत्कपिलां कन्यां नाधिकांगीं न रोगिणीम् । नालोमिकां नातिलोमां न वाचाटान्नपिङ्गलाम ॥ ५ ॥ अव्यङ्गाङ्गीं सौम्य नाम्नीं हंस वारणगामिनीम् । तनु लोम केशादशनां मृदंगीमुद्वहेत् स्त्रियम् ॥ ६ ॥

अर्थ- पाठशालामें पठनसमये जब समावर्तन निकट (ब्रह्मचर्याश्रम पूरा) होने आवें तब कन्या और पुरुष अर्थात् ब्रम्हचारिणी और ब्रम्हचारी इन सबकी प्रतिकृति-(प्रतिबिंब) अर्थात् जिस्को फोटोग्राफ कहते है, सो उतारके पुरुषोंकी और स्त्रियोंकी अर्थात् कन्याओंकी पाठशालामें भेजें, उसके नीचे विद्या, स्वभाव, बल, पराक्रमभी लिख दे. उससे गुणकर्म देखके वर्णव्यवस्था कर लेना जैसा कि, वेद और मन्वादिने लिखा है,—

ब्राह्मणोस्य मुखमासी द्वाहू राजन्यः कृतः । ऊरू तदस्ययद्वैश्यः पद्भ्यां शूद्रो अजायत ॥ १ ॥ यजु० शूद्रो ब्राह्मणतामेति ब्राह्मणश्चैति शूद्रताम् । क्षत्रियाज्जातमेवन्तु विद्याद्वैश्यात्तथैवच ॥ इतिमनुः ॥ अधर्मचर्यया पूर्वो वर्णो जघन्यं जघन्यं वर्णमापद्यते जातिपरिवृत्तौ ॥११॥

धर्मचर्यया जघन्यो वर्णः पूर्वं पूर्वं वर्णमापद्यते जातिपरिवृत्तौ ॥१०॥ इत्यापस्तम्बसूत्रे ॥

इनका यह अभिप्राय है कि, जो विद्यादि उत्तम गुणवाला सो ब्राह्मण और ब्राह्मणी, जो विद्यायुक्त बाहुबल शौर्यादियुक्त सो क्षत्रिय और क्षत्रिया, तथा स्वल्पविद्या, देशभाषावित्, व्यवहारमें चतुर सो वैश्य और वैश्या, जो मूर्खत्वादियुक्त (विद्याहीन) होय, सो शूद्र और शूद्रा; अर्थात् अधर्माचरणसे ब्राह्मण, क्षत्रिय, और वैश्य, ए तीनोंभी शूद्र हो जाते हैं और धर्माचरणसे नीच वर्ण, उत्तम वर्णको प्राप्त होता है, (जातिपरिवृत्तौ). व्यवहार, परमार्थ अर्थात् सब प्रकारसे उस उस वर्णका वह वह अधिकारी यथावत् हो जाता है. इस प्रकारसे वर्णव्यवस्था करके ब्राह्मणका ब्राह्मणीके साथ, क्षत्रियका क्षत्रियाके साथ, वैश्यका वैश्याके साथ और शूद्रका शूद्राके साथ विवाह करै. क्योंकि! तुल्य गुण स्वभावरूपादि होनेसे गृहाश्रममें आनंद होता है, अन्यथा दुःखका भोग करना पड़ेगा. समावर्तन समय गुणकर्म परीक्षा करके जिस वर्णका जिसमें गुणकर्म घटै वही ब्राह्मणादि वर्णयुक्त करना. मन्द और पक्षपातसे न करना. कोई मनुने लिखा है कि, गुरुकी आज्ञालेके विद्या और ब्रह्मचर्याश्रम पूर्ण करके सुलक्षणयुक्त कन्यासे विवाह करै; तथा कन्याभी सुलक्षणयुक्त पुरुषसे विवाह करै. तत्राहमनुः—

उत्कृष्टायाभिरूपाय वराय सदृशायचेति

उत्कृष्टगुणयुक्त कन्याके सदृश (तुल्य रूपवाले) केसाथ विवाह करना. सवर्ण पूर्वोक्त प्रकारसे लेना, अन्यथा विवाह करनेमें सुख नहीं होगा. १ माताके छः पेढीमें न होय; तथा पिताके गोत्रवालीभी न होय, सो द्विजाती जे कि, कर्मगुणमेंभी द्विज (ब्राह्मण, क्षत्रिय और वैश्य) है उनको विवाहकेलिये यह कन्या योग्य है. इसका प्रयोजन यह है कि, दूर देशमें कन्याका विवाह होना और दूर देशमेंसे कन्याको ग्रहण करना इसमें निरुक्तका प्रमाण है.

दुहिता दुर्हिता दूरेहिता भवतीति

जितना दूर विवाहसंम्बन्ध होय; इतनाही आनन्द अधिक, और जितना निकट, इतना दुःख अधिक. दूर देशमें विवाह करनेसे बहुत व्यवहारसिद्धि और प्रीत्यादि गुण होते हैं. २ विवाहमें दश कुलोंको छोडदे; यद्यपि धान्य, धन, और पशु आदि समृद्धीसे बडेभी होय, तोभी विवाहसम्बन्धमें इनको वर्जित करदेना चाहिये, अन्यथा दोष और रोग

विवाह करनेवालेके कुलमें हो जांयगे; इससे इनसे सम्बन्ध न करना. ३ एक हीनक्रिया, जिस्के कुलमें पुरुषार्थी पुरुष न होंय, दूसरा जिस्के कुलमें उत्तम पुरुष न होय, तिसरा जिस्के कुलमें वेदविद्या न होय, चौथा जिस्के कुलमें सबके शरीरपर बडे बडे लोम होय, पांचवा जिस्के कुलमें बवासीर रोग होय, छठा जिस्के कुलमें क्षय, दमका रोग होय, सातवा जिस्के कुलमें आमवातका रोग होय, आठवा जिस्के कुलमें मृगी रोग होय, नवमा जिस्के कुलमें श्वेतकुष्ठ होय और १०वा जिस्के कुलमें गलितकुष्ठ होय, ए दश दोष जिस कुलमें होय उसका त्याग करना. दूसरी पेढीसे लेके यावत्, अर्थात् जिनके माता, पिता इन रोगोंसे युक्त होय, उनका त्याग करना. ४ जो कपिला–श्वेतवर्ण, श्वेत केशवाली कन्या वा वर तथा जो अधिकांगी–(वरसे) लंबी, चौडी, रोगग्रस्त, शरीरके ऊपर अत्यन्त लोमवाली, तथा अत्यन्त लोमरहित, अत्यन्त बकवाद करनेवाली, तथा पीले नेत्रवाली, कन्यासे विवाह न करना चाहिये जिस्से सन्तानोंमेंभी वे दोष न आजाय. ५ जो कन्या सुन्दर सम–सूधे अंगवाली, सुन्दर जिस्का नाम, हंस और हाथीकीनाई श्रेष्ठ जिस्का गमन, शरीरपर सूक्ष्म लोम, शिरपर बारीक केश, मुखमें बारीक जिस्के दान्त तथा कोमल जिस्के बारीक अंग, ऐसी स्त्रीसे विवाह करें. विपरीतसे नहीं. ६ इसमें छान्दोग्योपनिषदके पांचवे प्रपाठक खण्ड १६ सोलहवाका प्रमाण—

पुरुषो वा व यज्ञस्तस्य यानि चतुर्वि ᳪ शति वंर्षाणि तत्प्रातः सवनं चतुर्विंशत्यक्षरा गायत्री गायत्रं प्रातः सवनं तदस्य वसवो न्वायत्ताः प्राणा वाव वसव एते हीद ᳪ. सर्व वा सयान्ति ॥ १ ॥ तंचेदेतस्मिन्वयसि किञ्चिदुपतपेत्सब्रूया त्प्राणा वसव इदंमे प्रातः सवनं माध्यन्दिन ᳪ. सवन मनु सन्तनुतेतिमाहम्प्राणानां वसूनां म ध्ये यज्ञो विलप्सीयेत्युद्धैव तत एत्य गदोह भवाति ॥ २ ॥ अथ यानि चतुश्चत्वारि ᳪ. शद्वर्षाणि तन्माध्यंदिन ᳪ. सवनं चतुश्चत्वारि ᳪ. शदक्षरा त्रिष्टुप् त्रैष्टुभं माध्यान्दिन ᳪ. सवनं तदस्य रुद्राः अन्वायत्ताः प्राणावा व रुद्रा एते हीद ᳪ. सर्व ᳪ. रोदयन्ति ॥ ३ ॥ तंचेदेतस्मिन्व-

यसि किञ्चिदुप तपेत्सब्रूया त्प्राणारुद्रा इदं मे माध्यान्दि-न ठं. सवनं तृतीय सवन मनुसन्तनुतेति माहं प्राणाना ठं. रुद्राणां मध्ये यज्ञो विलोप्सीयेत्युद्धैव तत एत्यग-दोंह भवति ॥ ४ ॥ अथयान्यष्टा चत्वारि ठं. शद्वर्षाणि तत्तृतीय सवनमष्टा चत्त्वारि ठं. शदक्षरा जगती जागतं तृतीय सवनं तदस्यादित्या अन्वायत्ताःप्राणावा वादित्या एते हीद ठं. सर्वमा ददते ॥ ५ ॥ तञ्चेदेतस्मिन्वयसि किञ्चिदुपतपेत्सब्रूयात्प्राणा आदित्याइदं मे तृतीय सवन मायुरनुसन्तनुतेति माहम्प्राणा नामादित्यानां मध्ये यज्ञोपविलोप्सीयेत्युद्धैव तत एत्यगदो हैव भवति ॥६॥ एतद्धस्म वैतद्विद्वानाहमहिदासमैतरेयः स किम एतदुपत-पसिपोऽहमनेन नप्रेष्यामीति सह षोडशं वर्षशतमजीवत्प्र-ह्षोडशं वर्षं शतं जीवति यएवं वेद ॥ ७ ॥

इसका यह अभिप्राय है की, पुरुष, जीव और शरीरका जो संयोग सो यज्ञ है अर्थात् पूजनीय (सत्कर्तव्य) है; जैसे यज्ञमें तीन सवन जे यज्ञसिद्धिकरनेके कर्मोंका अनुष्ठान होते हैं. एक प्रातःसवन दूसरा मध्यसवन और तीसरा सायंसवन इसी प्रकार आत्मा और देहकी पुष्टी और सुखकेलिये तीन सवन अवश्य करना चाहिये, अन्यथा आत्मा और शरीर ए दोनों दुःखकारक ही होते हैं, जिनको परमसुखकी इच्छा होय, सो इस अनुष्ठानको करै, और जिस्को दुःखसागरमें डूबना होय, उस्कीबात नहीं करते, जन्मसे लेके २० बीश वर्षतक जितेन्द्रियतासे वीर्यादि धातुका संरक्षण तथा शिक्षा और विद्याका संग्रहण करै, उस्कानाम प्रातःसवन है. इस सवनके अनुष्ठानसे प्राण व-सुसंज्ञक होते है. और सब उत्तम गुण, शौर्य, धैर्य, विद्यादि आत्मा और शरीरमें स्थिरनिवास करानेमें समर्थ होते हैं, सब सुखकावास इस पुरुषमें होताहै. १ जो कोई २४ वर्षके बीचमें विवाह वा विषय सेवादि करनेको कहै उसको उत्तर देके कहै कि, मेरे यज्ञरूप प्रथम सवन निमित्तनेसे दूसरा मध्यसवन विनाश पाय, वसुसंज्ञक मेरे

कि बीचमें वज्ररूप जो वीर्य सो विलुप्त (नष्ट) हो जावे, जो मैं गृहस्थाश्रम
विषयसेवा करूं, तो महारोगोंसे पीड़ित होके दुःखी हो जाऊं; इससे मैं ब्रह्मचर्याश्रम
से कभी न छोडूंगा, इससे मैं सर्वसामर्थ्ययुक्त अर्थात् नाम नीरोगी होऊंगा २४ व-
र्षो ४४ वर्ष ब्रह्मचर्य यथोक्त रीतिसे कर्ताहै उसके प्राण रुद्र–सब दुष्टोंको वीर्य
बलादि गुणोंसे रोवानेवाले होते हैं, और श्रेष्ठोंको पालक होतेहैं, प्रथम सवनके
ने वालेसे द्वितीय कक्षा करनेवाले ब्रह्मचारी में सौगुणे वीर्य और सार्द्रशादि सद्गुण
ते हैं. और सब प्रथमवत् अर्थ जानलेना, और जो ४८ वर्षतक ब्रह्मचर्याश्रमानुष्ठान
ाहै, उसका नाम तृतीयसवन है. इसके करनेसे प्राण और वीर्य तथा अस्थ्यादि धातु
आदित्यवत् प्रकाशित होतेहैं अर्थात् शरीर और आत्मा सबल और सूर्यके बीचमें
के तुल्य कीर्तिमान् होतेहैं, जो कोई इसप्रकार ब्रह्मचर्याश्रम कर्ताहै, वही नीरोगादि-
प्राप्त होताहै अन्य नहीं. तथा सौ वर्षसे उसकी उमर न्यून नहीं होती कोई प्रकारकी
लता और अपत्काल नहीं प्राप्त होता सदा सुखमें ही रहताहै. तथा "सुश्रुत" जो
वन्तरि मुनिकृत वैद्यकका ग्रन्थ उसमें निश्चित हेतुसे लिखाहै कि;

चतस्रोऽवस्थाः शरीरस्य वृद्धिर्यौवनं सम्पूर्णता किञ्चित् परि
हाणिश्चेति ॥ तत्रा षोडशाद्वृद्धिः॥ आपञ्चविंशतेर्यौवन-
माचत्वारिंशतः सम्पूर्णता। ततःकिञ्चित्परि हाणिश्चेति ॥

इसका अर्थ. मनुष्यके शरीरकी चार अवस्था होती हैं, १ एक वृद्धि, २ दू-
ी यौवन, ३ तीसरी सम्पूर्णता, ४ चौथी किंचित् हानी, सो सोलहवे वर्षसे लेके
९ पचीसवे वर्षतक वृद्धि अवस्था, अर्थात् नव वर्षोंमें सब धातु बढ़ती हैं, इस अव-
ामें जो वीर्य एक वक्तभी नष्ट करे, सो जन्मभर मानो खराब हो चूका, फिर उ-
ा जन्म ही निष्फल हो जाता है. और २५ वें वर्षमें युवावस्थाका आरंभ होता है, सो
५ वे वर्षसे लेके ४० वे वर्षतक धातु पुष्ट होती अर्थात् १५ पंदरह वर्षतक धातु
ट होती है. तीसरी अवस्था चालीसवे वर्षसम्पूर्ण पुष्टी होती है, उसके पीछे कुछ कुछ
तुकी हानी होने लागती है; इससे ४० वे वर्ष पुरुषकी युवावस्था पूर्ण होती है और
की २४ वे वर्ष, क्यों कि? पुरुषसे स्त्रीका बल न्यून चाहिये विवाहका काल कनिष्ठ
ध्य और उत्तम भेदसे त्रिविध होता है सो २५वे वर्षसे ३० वर्षतक कनिष्ठ ३०
४० वर्षतक मध्यम, और ४० से ४८ वर्षतक उत्तम, तथा स्त्रीका १६ वर्षसे १८

वर्षतक कनिष्ठ १८ से २१ तक मध्य २१ से २४ तक उत्तम, इससे पूर्व विवाहका करना जो है सो मानो दु:खसागरमें डूबना है, और जो उक्त प्रकार ब्रह्मचर्याश्रम करके विवाह करते हैं उनके सन्तान सब उत्तम होते हैं. और आपभी सदा आनन्दमें रहते हैं, सो जिस देशमें शीत (ठंडी) अधिक है; उस देशमें पुष्टी शीघ्र होती है धातुके जमनसे. और जो देश उष्ण प्रधान है उसमें युवावस्थादेरमें होती है, धातुओंके नहीं जमनेसे. इससे सर्वत्र पूर्ण युवावस्था होनेके पश्चात् विवाह करना सब मनुष्योंको उचित् है. आश्वलायनादि गृह्यसूत्रोंमें भी यही विधान हैं, उदगयन इत्यादि. चौलकर्म उपनयन गोदान अच्छे पात्र और अच्छे समयमें करना चाहिये १ विवाह तो सब कालमें करना चाहिये ऐसा कितनेक ऋषियोंका मत है. २ तदनन्तर प्रथम चार आज्य (घीकी) आहुती करै. ३ (अग्न आयूंषि पवस इत्यादि) तीनमन्त्र तथा (प्रजापते नत्वदेता०) इस चौथे मन्त्रसे अथवा—

ओं भूःस्वाहा ॥ १ ॥ ओं भुवःस्वाहा ॥२॥ ओं स्वःस्वाहा ॥ ३ ॥ ओं भुर्भूवःस्वःस्वाहा ॥ ४ ॥

इन चार मन्त्रोंसे घीकी चार आहुती दे. ४ कोई ऋषि ऐसे मानते है कि पूर्वोक्त मन्त्र और व्याहृति इन दोनोंसे आहुती करै. ५ कोई ऋषिका मत ऐसा है कि, इस स्थानमें एकभी आहुती न करै. ६ विवाहमें (त्वमर्यमा०) इस मन्त्रसे चौथी करै. ७ मातृपक्ष और पितृपक्षसे प्रथम कहे प्रमाणे कुलकी परिक्षा अवश्य करै. १ बुद्धिमती कन्या बुद्धिमान् पुरुषको देवै, अर्थात् पूर्वोक्त रीतसे परिक्षा करकेही विवाह करै. दोनोंकी प्रसन्नतासे. २ बुद्धि, रूप, शील, श्रेष्ठाचार और सुलक्षणयुक्त कन्याकेसाथ तादृशपुरुष विवाह करै. पशुकीनाई नहीं. जैसे की, बकरी वा बकराको पकडके दूसरेके आधीन कर देते हैं, ऐसा पराधीन विवाह कधीं न होना चाहिये. ऐसे विवाहसे स्त्री पुरुष दोनों दु:खीही होते हैं सुखी नहीं; इससे स्वतन्त्र परीक्षा पूर्वक स्वयंवर (विहाह) सबका होना चाहिये, जैसा आर्योंमें पूर्व स्वयंवर होता था. ३ विवाह आठ प्रकारके होते हैं एक विद्यादि परिक्षापूर्वक जो विवाह होय, उसका नाम ब्राह्मविवाह मानना १ दूसरा ऋत्विकका वर्ण करके यज्ञानुष्ठान पूर्वक जोकि, विवाहमें आहुती कही है, उनके करणानन्तर कन्याको वस्त्राभूषण युक्त करके देना उसका नाम दैव विवाह मानना. २ तीसरा प्राजापत्यविवाह कहाता है, यो-धर्मसे प्रतिज्ञा करके प्रजोत्पत्तिकेलिये विवाह होवा

३ वरसे दो गोदान लेके कन्यादेना इसका नाम आर्षविवाह सो तृतीय है. ४
स्पर प्रसन्नतासे विवाह होना इसकानाम गान्धर्व विवाह कहना. ५ वरको तथा ज्ञाती-
धन, देके जो विवाह करना सो आसुर विवाह कहाता है. ६ शयनस्थ वा नशा पीके प्रमत्त
ी, कन्याको समागमसे दूषित करना इसकानाम पिशाच विवाह है. ७ लडाई करके
ो मारमारके रोते भये जनोंके बीचमेंसे रोती भयी कन्याको हरलाना इसकानाम रा
स विवाह है. इन आठ विवाहोंमेंसे एक ब्राह्म दूसरा दैव, तीसरा प्राजापत्य
र गान्धर्व ए चार विवाह उत्तम हैं. आर्ष और आसुर ए दो कनिष्ठ हैं पै
ाच और राक्षस ए दो नीच हैं. होमानन्तर पथ्थरकी शिला ऐशान दिशामें धरके
भको स्त्री पर रक्खे तदनन्तर होम करके पश्चिम मुख वर खडा रहै, और पूर्वमुख कन्या
ै.(गृभ्णामिते सौ भगत्वाय०) इस मन्त्रसे हाथको ग्रहण करै, तदनन्तर जलका पात्र लेके
ीन बार अग्निकी परिक्रमा करै, अमोह मस्मि० इस मन्त्रसे वर और कन्या ए दोनों प्रतिज्ञा
रैं कि, मैं सब दिन तेरी और सब वस्तुओंकी रक्षा करनेवाला हूं, तथा स्त्रीभी कहै कि
आपकी सदा रक्षक रहूं गी, तथा दूसरी स्त्रीके साथ कभी मोहसे गमन न करूंगा
ो प्रतिज्ञा करै कि, मैंभी दूसरे पुरुषके साथ मोहित और समागम कभी न करूंगी
मैं द्यौ हूं और तू पृथिवीवत् है. अर्थात् जैसे सूर्यादिको प्रकाश और पृथिवीक
दा संयोग रहता है वैसे अपने दोनोका सदा संयोग रहना. २ पुरुष तीसरी प्रतिज्ञ
रै कि, मैं सामवेदवत् हूं तथा तू ऋग्वेदवत् है, जैसे ऋक्से लेके सामवेदपर्यन्त
व विद्या कार्य सिद्ध होते हैं, वैसे दोनो मिलके गृहाश्रमका सब कृत्य पूर्ण करैं. ३ सं
पने दोनों मिलके विवाह और प्रजाकी उत्पत्ति करैं, तथा सम्यक् परस्पर प्रीति रक्खें
भी द्वेष न करैं, किन्तु ! परस्पर अत्यन्त रुची एक दूसरेकी प्रसन्नताकेलिये करैं. प
पर प्रीति, धर्म, विद्या, सन्तान, परमेश्वरमें भक्ति और सुविचार, इत्यादिकी सिद्धिकेलिये
रेख ग्रहण करैं; वैसे परस्पर सुख संपादन करैं और सौ वर्षतक जीवैं. ६ तदनन्तर
स्त्रीको पाषाणमय पाठके ऊपर आरोहण-खडी करावे, और कहै कि, इस पाषाणके ऊपर
ठ और इस पाषाणकीनाई मेरेसाथ स्थिर दृढ हो. तथा मैंभी स्थिर और दृढ रहूंगा सुख
ौर दुःख ए दोनों संगमें सहैं. ७ तदनन्तर स्त्रीकी अञ्जलीमें लाजा (फुली) आदि
ग्निसे पक धाणीको दो वार भरै सो भरनेवाला उसका भ्राता होय अथवा भ्रातृस्थानीय
८।९।१०।११।१२ फिर उनको शुद्ध करके ( अर्यमणंनुदेवं० ) इत्यादि तीन मन्त्रोंसे
कन्याके हाथसे होम करावे. अर्यमादि परमेश्वरके नाम हैं. १३ पुनः दोनों हाथसे चौथे

पाणुकी होम करके देवे. १७।१९ तदनन्तर स्त्रीके वेणकी शिखा एक छोड़ें, १८ (प्रत्वामुञ्चामि वरुणस्य पाशात्०) इस मन्त्रसे, तदनन्तर उत्तरदेशमें मुख करके सप्तपद उत्तरदिशामें कन्याको चलावे, एक पराक्रमकेलिये, दूसरा धन और पुष्टिके-लिये तिसरा सुख सम्पादनकेलिये, चौथा प्रजोत्पत्तिकेलिये, पांचवा यथायोग्य ऋतुके सुख सम्पादनकेलिये, छ:ठा मित्रताकेलिये, सातवा विवाहके नियमकी पूर्तिकेलिये ऐ स्त्री! तू मेरे अनुकूल सदा हो, तथा स्त्रीभी कहे आपभी मेरे अनुकूल नित्य रहना, अपने दोनों मिलके बहुत पुत्रोंको उत्पन्न करें वे सब वृद्धावस्था पर्यन्त आनन्दमें रहें. १९ तदनन्तर दोनोंके शिरपर जलसे किञ्चित् अभिषेक करें. २०।२१ उस रात्रीमें अरुन्धती, ध्रुव और सप्तऋषियोंका दर्शन करावे (जीवपत्नीप्रजाविन्देयेति०) इस मन्त्रसे इनको देखके बोलै कि, पति और प्रजा चिरंजीव मेरे होंय. २२ पूषा त्वे तो नयतु हस्त गृह्येति० मन्त्रसे श्वशुर गृहसे पतिके स्वगृहको यान (पालखी) आदिपर बैठाके, अथवा नावपर (अश्मन्वती०) इस मन्त्रसे घरको ले आवे. १।२।३।४।५।६ जब गृहप्रवेश करावे तब (सुमङ्गलीरियं वधू०) इस मन्त्रसे सब मिलके स्त्रीको देखें. ७ इस घरमें प्रजादि सुखसे तुमको प्रियता अत्यन्त बढो. ८ तदनन्तर भूमिमें चर्म किंवा वस्त्रादि बिछाके अलग अलग सोवे. (आनः प्रजां जनयतु०) इस मन्त्रसे होम करके समञ्जन्तु विश्वेदेवा० इस मंत्रसे दधिका प्राशन करके पुरुष स्त्री परस्पर प्रजोत्पत्ति करें. ९ सो तीन रात्री, बारह रात्री अथवा संवत्सर एक वर्ष पर्यन्त खारा लूणवाला पदार्थ न खांय, इस प्रकारसे वर्त्तमान करें तथा पूर्वोक्त गर्भाधान विधानसे गर्भस्थापन करें, नित्य मंगलकारी, परस्पर हित, अतिथिकी सेवा, गृहसंबंधी कर्म, नाना विद्याका प्रचार, जगत्का हित इत्यादि श्रेष्ठकर्म दोनों परस्पर मिलके करें. इति. आश्वलायन गृह्यसूत्रका संक्षेपसे अर्थ कर दिया.

तथा संक्षेपसे पारस्कर गृह्यसूत्रका अर्थ किया जाता है. (आव सथ्याधान मित्यादि) इसका अर्थ बहुततो आश्वलायन सूत्रमें आ गया; परन्तु विशेष विशेष करना चाहिये. पाक बनाके घृतादि उसमें मिलाके होम करे, तदनन्तर घीकी आहुती दे. (त्वन्नो अग्ने) इत्यादि आठ मन्त्रोंसे. वे आठ मन्त्र :—

त्वन्नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडो अवयासि-
सीष्ठाः ॥ यजिष्ठो वन्हितमः शोशुचानो विश्वाद्वेषा ठं.
सिप्रमुमुग्ध्यस्मत्स्वाहा ॥ १ ॥ स त्वं नो अग्ने वमो भ-

वीतीनेदिष्ठो यस्या उषसो व्युष्टौ ॥ अवयक्ष्मणो वरु-
ण ं रराणो वीहि मृडीक ठै॰ सुहवो न एधि स्वाहा ॥२॥

इत्यादि मन्त्रोंसे होम करना. छः पुरुष मधुपर्क देनेके योग्य होते हैं;-एक
आचार्य, दूसरा ऋत्विक्, तीसरा जमाई, चौथा राजा, पांचवा मित्र, और छठा
स्नातक इनका सत्कार प्रति संवत्सरमें करना चाहिये. आसन आदि इनको दे; तथा
जमाईको आसन और मधुपर्क दे. वर्ष्मोऽस्मीति मन्त्रसे आसनपर बैठे, तदनन्तर क-
न्याको श्रेष्ठ श्रेष्ठ वस्त्र जरांगच्छ॰ इस मन्त्रसे पहिरावै, तदनन्तर या अकृन्तन्न
इस मन्त्रसे उत्तरीय वस्त्र धारण करै. समञ्जन्तु विश्वेदेवा॰ इस मन्त्रसे अञ्जना-
दि आंजै, सभामण्डपमें यदैषि मनसा॰ इस मन्त्रसे कन्याको ले आवै. तदनन्तर
परस्पर (अघोरचक्षु) एक दूसरेको वर और कन्या देखैं; हे अघोरचक्षु! तू पतिकी रक्षा
और अपतिका त्याग करनेवाली है. कल्याणकारकरीति मन्त्रसे पश्वादिके पालन कर-
नेवाली, श्रेष्ठ जिसका मन, उत्तम जिसकी विद्या और शोभावाली, वीर सन्तानोंको जनने-
वाली, देवरके साथ नियोगसे कामना करनेवाली, सुखरूप, ऐसी जो तू, सो पशू और पत्या-
दिकेलिये सुखकारक हो. १ नियोग दश तक हो सकते हैं; परन्तु विवाहित पति सोम-
संज्ञासे श्रेष्ठ होता है, क्यों कि? वह कुमार होता है तथा स्त्रीभी; जिससे प्रथम नियोग होय,
उसका नाम गन्धर्व, यह दूसरा पति; और जो तीसरा नियोजित होय, सो अग्नि संज्ञक
होता है; चतुर्थसे लेके १० तक सब मनुष्यसंज्ञ नामवाले होते हैं. २ सोम गन्ध-
र्वको देवै, गन्धर्व अग्निको, और अग्नि मुझको इस स्त्रीको देवै, सो तू पुष्टी और
कल्याण करनेवाली हो. तेरेमें हम लोग प्रजाकी उत्पत्ति करते हैं. और बहुत सुख का-
मोंको प्राप्त होते हैं. ३ अग्निकी प्रदक्षिणा कराके उक्त प्रकारसे होम करै. तदन-
न्तर दोनों प्रतिज्ञा करैं कि, मेरा चित्त और चेतनता और संकल्प, विज्ञान और बल,
मन और शक्ति, दर्श और पौर्ण मास, बृहत् बड़ा काम और रथन्तर समुद्रादि तरनेके
नानाप्रकारके) यान, कलाकौशल, ए सब अविरुद्ध (अनुकूल) दोनोंको रखना चाहिये.
स्वाहांतसे आहुती देना; अग्नि भूतोंका अधिपति परमात्मा मेरी रक्षा करै, और बड़ोंके
बीचमें इन्द्र मेरी रक्षा करै, पृथिवीके बीचमें यम, अन्तरिक्षमें वायु, दिव (स्वर्ग,) प्रका-
शमें सूर्य, नक्षत्रोंके बीचमें चन्द्रमा, बृहस्पति (ब्रह्म) वेदके बीचमें, सत्योंके बीचमें मित्र,
जलोंके बीचमें वरुण, चलनेवाली नदियोंके बीचमें समुद्र, साम्राज्योंके बीचमें अन्न,
और अधिपति, ए सब हम दोनोंकी रक्षा करै और अपना अपना गुण देवैं. ओषधियोंके

बीचमें सोम, उत्पन्न करने वालोंके बीचमें सूर्य, पशुओंके बीचमें रुद्र, रूपोंके बीचमें त्वष्टा, पर्वतोंके बीचमें विष्णु, समूहोंके बीचमें वायु, ए सब अधिपति अपनी रक्षा करें; और इनके गुण अपने प्राप्त होंय. जे पर और अपर विद्यामें विशाल ज्ञानवाले पितर वे मेरी और तेरी रक्षा करें. विद्या व्यवहार तथा राज्य व्यवहारमेंभी अपने समर्थ होंय स्वाहेति अवतु ( क्रियाके पीछे ) आहुती देना. तदनन्तर (अग्निरेतु) इस मन्त्रसे (इमा मग्नि स्त्रायतां.) इस मन्त्रसे आहुती दे. तदनन्तर (स्वस्ति नो अग्ने.) इस मन्त्रसे, तदनन्तर (सुगन्नु०) इस मन्त्रसे आहुती देके शेषका प्राशन करे, तदनन्तर (सर्ठ. क्लेन०) इन मन्त्रोंसे लाजाका (फुलीका) होम करे. अन्य सब अर्थ आश्वलायनमें आ गया है, यथोक्त रीतसे.

इषे विष्णुस्त्वा नयतु. ॥ १ ॥ ऊर्ज्जे विष्णुस्त्वा नयतु ॥ २ ॥ रायस्पोषाय विष्णुस्त्वा नयतु ॥ ३ ॥ मायोभवाय विष्णुस्त्वा नयतु ॥ ४ ॥ पशुभ्यो विष्णुस्त्वा नयतु ॥ ५ ॥ ऋतुभ्यो विष्णुस्त्वा नयतु ॥ ६ ॥ सखे सप्तपदी भव ॥ ७ ॥

एक एक मन्त्रसे एक एक पगला उत्तर दिशामें चलावे. तदनन्तर जलपूरित एक पात्र लेके अग्निकी परिक्रमा करके उत्तर दिशामें मौन होके वर खडा रहे. आपः शिवाः इस मन्त्रसे, तथा आपोहिष्ठा० इन तीन मन्त्रोंसेभी स्त्रीके शिरमें किञ्चित् जलसे अभिषेक करे. तदनन्तर तच्चक्षुर्दे० इस मन्त्रसे सूर्यका दर्शन कराके स्त्रीके दक्षिणांश हृदयपर हाथ धरके दोनों प्रतिज्ञा करे कि, हे स्त्री ! मेरा व्रत, शील स्वभाव, गृहाश्रमके बीचमें तेरा हृदयको मैं धारण कर्त्ता हूं, मेरे चित्तके अनुकूल तेरा चित्त सदा स्थिर रहो, मेरी आज्ञाको एकाग्र मनसे सुन और पालन कर, प्रजापति परमेश्वरने तू मेरेलिये समर्पित करी गई है, तथा स्त्रीभी पुरुषसे (उसके हृदयपर हाथ धरके प्रतिज्ञा करे कि, मेरे शील स्वभावादिमें आपके हृदयको मैं स्थिर कर्ता हूं, मेरे चित्तके अनुकूल आपका चित्त सदा रहो, मेरे वचनको एकाग्र मनसे सुनके उसका सेवन करना; क्यों कि ! प्रजापति परमेश्वरने आजसे आप मेरे पति निश्चित किया कि, हे अपने परस्पर यथायोग्य व्यवहार सत्य धर्मसे नित्य करें; व्यभिचार वा अप्रियाचरण कभी न करें. विवाह पूर्ण हो गया सब स्त्रीको अपने घरमें ले जाय; तब (सुमंगलिरियं वधू०) इस मन्त्रसे

अभिमंत्रित करके सब लोग देखैं, यह वधू (स्त्री) मंगलकारिणी है, इसको सौभाग्यका आशीर्वाद देके अपने अपने घरको जाओ. तदनन्तर यथायोग्य शुभागार—एकान्त घरमें दश घण्टा रात्रीके उपरान्त पूर्वोक्त प्रकारसे गर्भाधान करैं. तदनन्तर वर आचार्यको (श्रेष्ठ) पदार्थोंको समर्पण करैं, जिससे विद्या पढी होय; उन उत्तम ब्राह्मणको गोदान इत्यादि उक्त प्रकारसे करै. पारस्करका संक्षेपसे अर्थ हो चूका. तथा गोभिलीय गृह्यसूत्रमें विशेष है उसका अर्थ संक्षिप्तसे किया जाता है; जिस स्त्री और पुरुषका विवाह होनेवाला होय, वे दोनों स्नान और श्रेष्ठ वस्त्र सुगन्धादि धारण करके विवाह शालाके बीचमें आवैं. १७।१८ कन्याभी सुन्दर वस्त्रसे शरीरको आच्छादित और यज्ञोपवीत धारण करके विवाह शालामें आवै. १९ तदनन्तर अग्निके चारोंओर जो शालामें बिछाना उस परसे आती भई, सभाके बीचमें बोले कि, मे ममपति यान: पन्था: प्रकल्पतामिति मेरे पति प्राप्तिके मार्गका प्रकल्प (प्रकाशरीतिसे) समर्थ विधि करो. २० होम करके दोनों उठें, आगे आगे स्त्री चलै पीछे पीछे पति चलै, इस प्रकार तीन वा चार परिक्रमा करके स्त्रीके दक्षिण भागमें उत्तराभिमुख पुरुष स्त्रीकी अंजलीको ग्रहण करके खडा रहै. २ और (इममश्मान मारोहेति) मंत्र बोले, तदनन्तर अग्निमें लाजाका होम करै, अर्यमणं नु देवं इत्यादि पूर्वोक्त मन्त्रोंसे; इस प्रकारसे तीन परिक्रमणमें स्त्रीको दक्षिण भागमें रक्खै; पुन: चौथी प्रदक्षिण करके पत्नीको वामभागमें बैठाके पूर्वोक्त रीतसे विवाहकी क्रिया पूर्ण करै, तदनन्तर :—

**अग्नये स्वाहा, प्रजापतये स्वाहा, विश्वेभ्यो देवेभ्य: स्वाहा, अनुमतये स्वाहा**

इन मन्त्रोंसे होम करके शेषान्न लवण वर्जित दोनों खांय, सो हविष्यान्नको पति पूर्व भोजन कर चूके, तदनन्तर उच्छिष्ट स्त्रीको दे, स्त्री उसका भोजन करै और भूमिपर शयन करैं; जब स्त्री रजोदर्शनसे शुद्ध होय, तब पूर्वोक्त रीतिसे गर्भाधान करैं. संक्षेपसे तीनों सूत्रोंका अर्थ हो चूका, अब वेदमन्त्रोंका संक्षेपसे अर्थ करते हैं.

पूषा त्वेतो० इत्यादि ऋग्मन्त्रोंका अर्थ :–पूषा, पुष्टिकारक परमात्मा सो हे स्त्री! हस्तग्रहणादिसे विवाहित जो तू सो घरको प्राप्त करै, तथा प्राणापान (अश्विनदेव) रथपर बैठाके, जैसे अश्व नाम घोडे रथको चलाते है, वैसे परमात्मा तुझको घरको प्राप्त करै. हे स्त्री! तू घरकी स्वामिनी, घरके सब कार्योंको करनेवाली, जितेंद्रिय, युद्धमें शौर्यादि गुणयुक्त पतिके घरके प्राप्त हो. २६ इस गृहाश्रममें प्रजोत्पत्तिसे

तुझको प्रिय सुख अत्यन्त प्राप्त हो, और गृहाश्रमके कार्य सिद्ध करनेकेलिये तू जागृत अर्थात् निरालस्य हो, इस पतिके साथ संसर्ग कर, तथा शरीरको सुन्दर और शोभायुक्त रख, अत्यन्त सुभाषणयुक्त हो. ३७ हे स्त्री! सौभाग्य होनेकेलिये तेरा हाथ मैं ग्रहण कर्त्ता हूं तथा तूभी मेरा हाथ ग्रहण कर्त्री है, उसकी लज्जा और प्रतिज्ञा वृद्धावस्थामरणपर्यन्त पालन करना चाहिये, और दोनों परस्पर आनन्द भोग पूर्वक वृद्ध होंय, भग (सर्वैश्वर्ययुक्त) अर्यमा (सत्य) न्याय करनेवाला, सविता (सबका उत्पादक), पुरन्धि—सबको धारण करनेवाला परमात्माने तुझको और मुझको गृहाश्रमकेलिये परस्पर दान किया है; तथा देव नाम विद्वान् वेभी अपने दोनोंके परस्पर सत्य नियम कर चूके हैं, उन नियमको कभी न छोडना. ३६ हे पूषन् (परमेश्वर)! इस विवाहित स्त्रीको अत्यन्त मंगलकारिणी सुशीलवती कर, जिसमें मनुष्य बीज धरते हैं, और मनुष्योंको उत्पादन कर्त्ते हैं गर्भाधानादि विधानसे, उसको प्रेमस्वभाववाली तू कर. ३७ हे विवाहित पुरुष! प्रथम तेरेलिये यह सूर्यरूप देदीप्यमान स्त्री विवाहादि क्रमसे प्राप्त की गई है, पुनः नियुक्त पतियोंकेलिये परमात्माने प्रजा सहवर्त्तमान जाया सन्तानोत्पत्तिके अर्थ स्त्री दी गई है, अर्थात् प्रजावती स्त्री होय तोभी नियोग हो सक्ता है ३८ विद्या आयु सहवर्त्तमान; पुनः पत्नी नियोगके योग्य अग्नि परमात्मा दूसरे पतिको देनेकेलिये आज्ञा दे चूका है कि, द्विजोंमें नियोग और शूद्रादिमें पुनर्विवाह होना चाहिये, यही ईश्वरकी आज्ञा है, सो पालन अवश्य करना चाहिये. इस स्त्रीका पति दीर्घायु पर्यन्त जीवे अर्थात् १०० वर्षपर्यन्त दोनों जीवे. ३९।४०।४१ इन मन्त्रोंका अर्थ हो चूका है तथा सुगमभी है. हे स्त्री पुरुषो! तुम दोनों इसी गृहाश्रममें परस्पर संप्रीतिसे वास करो, द्वेषयुक्त वा वियुक्त कभी मत हो; सम्पूर्ण आयुको तुम दोनों प्राप्त हो; अपने घरमें परमानन्दयुक्त पुत्र और पौत्रके सुखसे सहवर्त्तमान धर्मयुक्त होके क्रीडा करो. ४२ प्रजापति परमात्मा हमारे इस गृहाश्रममें प्रजाको दीर्घायुवाले उत्पन्न करै, और सब आनन्द भोगसे सत्कृत करै, जो मंगलकारिणी स्त्री, पति लोक जो गृहाश्रम, उसको प्राप्त हो, सब मनुष्य और पशुओंके सुखकेलिये. ४३।४४ हे इन्द्र! परमात्मन्! इस विवाहित स्त्रीको सुखसे अभिषिक्त कर; श्रेष्ठ पुत्रवाली तथा सौभाग्ययुक्त कर, एवं पतिकोभी सुख्यादि युक्त कर. पुरुषकी प्रति परमात्माकी आज्ञा है कि, हे पुरुष! तू इस विवाहित स्त्रीसे दश पुत्रोंको अर्थात् दश तक उत्पन्न कर अधिक नहीं. तथा स्त्रीकी प्रति ईश्वरकी आज्ञा है कि, हे स्त्री! तू ग्यारहवे पतितक नियोग कर अधिक नहीं कि, पूर्व पूर्वके अभावमें उत्तर उत्तर एक एकका भाव अर्थात् ग्यार-

एव पति यथावत् यह दोनोंकेलिये मर्यादा बांध दीई है, सो सबको मान्य करनेके योग्य है. ४५ हे स्त्री ! तू शुभ स्वभावसे प्रकाशित श्वशुर, सासू, ननन्द, और देवर इनकी सेवासे सदा इनको प्रसन्न रखना यही तेरेलिये तीर्थ है. तथा पतिकेलियेभी यही तीर्थ है. ४६ हे स्त्रीपुरुषो ! जितने विश्वमें विद्वान् हैं वे तुम दोनोंको परस्पर संप्रीतियुक्त करें; तथा जल और प्राण तुम दोनोंके हृदयोंको परस्पर प्रीतिमें सन्नद्ध करें. तथा शरीरस्थ वायु धाता— परमात्मा सम्यग्देष्ट्री हृदयान्तर्यामी तुम दोनोंको परस्पर पति और स्त्रीत्व धर्ममें सन्धान सदा करें, जिससे तुम विद्वेष वा व्यभिचार परस्पर कभी न करो. ४७ मेरी स्त्री जो तू सो अत्यन्त असभ्य तथा शरीरके बिगाड़नेवाली कभी मत हो, तथा अत्यन्त शीघ्र कारिणी त्वरायुक्त कभी मत हो; किन्तु ! सदा धैर्य और विचार पूर्वक काम करना; मेरेसे प्रतिकूल कभी मत हो, तथा युद्ध करनेको मुझसे कभी प्रवृत्त मत हो, तथा मैंभी ऐसा काम तुझसे कभी न करूंगा, इनमें इन्द्र परमैश्वर्ययुक्त सब विश्वसे उत्तरकालमें स्थित जो परमात्मा सर्वान्तर्यामी सो तेरे और मेरे बीचमें साक्षी और जामीन है. जो विवाहित नियमको तोड़े तो ईश्वर और राजा ए दोनोंके चोरवत् दण्ड्य होय. ६ जिस प्रकारसे शरीरके साथ सुख पूर्वक रहते हैं, इसी प्रकार स्त्री और पुरुषको सम्मीलित रहना चाहिये; सुख और दुःख सहित भोगना चाहिये. ७ सब नारियोंके बीचमें इन्द्राणी परम शोभायुक्त सौभाग्यवाली स्त्रीको मैंने कीर्त्तिवाली सुनी थी, उसको मैं प्राप्त हुआ. इस स्त्रीका मैं जो पति सो जरायुक्त होके मरूं, पूर्व न मरूं, जिससे यह स्त्री अपर पतिको प्राप्त न होय अर्थात् दोनों अत्यन्त वृद्ध होके शरीरको छोड़ें. ८

अथाथर्ववेद मन्त्रार्थाः—सोमो वधूरित्यादि जो समावर्त्तनके पश्चात् वधूकी इच्छा करे, उसका नाम सोम है. दोनों विवाह करके पृथिवी और आकाश, प्राण और अपान जैसे परस्पर संयुक्त होते हैं, वैसे दोनों स्त्री पुरुष श्रेष्ठ स्वभावयुक्त होके परस्पर अत्यन्त प्रीतियुक्त होंय, सूर्यका किरण और सूर्य, जैसे परस्पर संयुक्त और शोभाकारक होते हैं, वैसे पति और स्त्री परस्पर मनसे प्रशंसित व्रत जो शीलतायुक्त होंय. द्वेष कभी न करें; किन्तु! एक दूसरेके अनुकूल रहें. यह आज्ञा सविता (सर्व जगदुत्पादक परमेश्वर) ने स्त्री पुरुषकेलिये दी है. २ हे स्त्री ! तू प्रीतिसे पतिको प्राप्त होती है, जैसे किरण सूर्यको प्राप्त है, सो इस रथपर बैठके पतिके घरको प्राप्त हो. रथके चक्रादि अंग सब पवित्र हैं और होने चाहिये. जैसे दो वा चार चक्र-

से रथ चलता है, वैसे तुम्हारा ध्यान अर्थात् चेष्टा तथा मन और सब इन्द्रिय तथा आत्मा सब अविरुद्ध होने चाहियें, जैसे रथके अंग. १२।२० दोनों स्वस्त होंय; २२ जैसे चन्द्रमा नित्य नवीन नवीन कलाओंसे बढता जाता है, तथा सूर्य नवीन नवीन कलाओंसे उष: कालको प्राप्त होता है. विद्वानोंको सब विद्याका हेतुरूप जो भाग सृष्टि क्रममें प्राप्त होता है, तथा हे चन्द्रम: (परमेश्वर)! आपकी कृपासे यह पति तथा जीव नवीन नवीन आनन्दके भोगसे प्रादुर्भूत होता है. जन्म जन्मान्तरमेंभी नवीन नवीन देहादिको प्राप्त होता है. हे जीव ! तू प्रतिक्षण नवीन नवीन बुद्ध्यादि वृत्तिव्यवहारसे प्रकट होता है, विद्वानोंसे विद्या भागका विधान कर्त्ता है, तू दीर्घ आयुको उल्लंघन कर्त्ता है, सो तू यथावत् प्रयत्नसे स्त्री और स्व शरीरकी रक्षा कर. २४ हे स्त्री! मैं तेरा हस्त ग्रहण कर्त्ता हूं, तू मुझसे दु:खको प्राप्त मत हो.किन्तु! मेरे साथ तू प्रजा और धनके सुखयुक्त हो.जैसे अग्नि, सूर्य, इस भूमिका हस्त ग्रहण अर्थात् आकर्षण नित्य कर्त्ता है, इसी प्रकार तेरे और मेरे आत्माका परस्पर आकर्षण सदा रहो.४८सविता देव परमात्मा तेरा हाथको ग्रहण करो, तथा मेरे हाथकोभी ग्रहण करो, जिस्से अपनें दोनों अविरोधी रहैं। तथा सब संसारका राजा सोम—सबको सुख दायक, सो श्रेष्ठ प्रजावाले अपनें दोनोंको करो. अग्नि विज्ञानस्वरूप ईश्वर जातवेदा मेरेलिये पत्नीको वृद्धावस्था पर्यन्त सब सुखयुक्त करो. ४९।५० हे स्त्री ! भग जो ऐश्वर्यस्वरूप सो तेरा हस्त ग्रहण कर चूका है, तथा सविताभी. इस्से (धर्मसे) तू मेरी स्त्री है, और मैंभी धर्मसे गृहपति तेरा स्वामी हूं. ५१ हे परमात्मन् ! मुझको सब सुखोंसे पुष्ट करनेवाली यह विवाहित मेरी स्त्री होय, आपके कृपाकटाक्षसे स्त्रीको मैंभी सर्व सुख देनेवाला होऊं. इस्से हे स्त्री ! बृहस्पति सब ब्रह्मांडका स्वामीने तू मुझको समर्पित कीई है, तथा मैंभी तुझको समर्पित किया हूं, मेरे साथ १०० सौ वर्षतक प्रजावति तू जीय. ५२ हे स्त्री ! तैनें और मैंनें जो ए वस्त्र विवाहमें धारण किये हैं वे सब शुभ और सुखकारक हैं; उस्का विधान त्वष्टानें किया है, जो कि, सब जगत्का विधायक, उस्के और कवि अर्थात् विद्वानोंके आशीर्वादसे धारण किये हैं, सो यह परमात्मा तू जो मेरी स्त्री उस्को सूर्यकी किरणकीनांई प्रजासे सुशोभित करै. ५३ इन्द्र, सूर्य, अग्नि, द्यौ, प्रकाश, पृथिवी, मातरिश्वा, वायु, प्राण, और अपान, भग, भगवान्, व्यान और उदान, बृहस्पति, ईश्वर, मरुत, ४९ वायु, ब्रह्म, वेद, सोम, सुखद ईश्वर ए सब इस मेरी नारीको प्रजासे बढावो. ५४. मैं इस स्त्रीमें प्रविष्ट होता हूं, और इस स्त्रीका रूप मेरेमें प्रविष्ट होता है, सो हम मनसे दोनों एकात्मकी-

नाई देखें और कुलकी वृद्धि करें. इस स्त्रीको छोडके मनसे चोरीसेभी दूसरी स्त्रीसे गमन मैं कभी न करूं तथा स्त्रीभी दूसरे पुरुषसे मनसेभी व्यभिचार कभी न करें, जिससे व्यभिचारजन्य दोषरूप पाशोंको वरुण भगवान् छोडा दे. ५।७।३।४ इनका अर्थ हो चूका है; हे नरः! मनुष्याः! तथा गन्धर्वा गान करनेवाले, अप्सरसः-देवीः-विद्वान् स्त्री, जे ऋषिपत्नी वनादिमें निवास करनेवाली ए सव मेरा वचनको सुनो, मैं इस्का पति यह मेरी स्त्री, तथा स्त्री कहे कि, यह मेरा पति और मैं इस्की स्त्री, हम दोनों स्त्री और पतिभावको प्राप्त होते हैं; ए सव इस स्त्री और मेरेलिये सव सुखरूप होय; और हम दोनों जो विवाहित, उनके हिंसा करनेवाले कोई मत हो, किन्तु! सब सुखदायक हम लोगोंको होय. ९ मैं पुरुष और मैं स्त्री दोनों पतित्व और स्त्रीत्व भावको प्राप्त हुवे हैं; परमात्माकी आज्ञा ब्रह्म जो वेद उस्से प्रकाश करते हैं कि, शान्त दृष्टिसे तथा मित्रतासे गृहसम्बंधी कार्योंके साथ दोनों बद्ध हो वे, विश्वरूप जो सुख है उस सुखको पतियोंकेलिये सविता परमेश्वर सुझको प्राप्त करे. १२ यह कल्याणकारिणी जो मेरी स्त्री सो गुप्त मुझसे कभी न होय, तथा इस स्त्रीको यह जो गृहाश्रमलोक उस्का उपदेश धाता परमेश्वर करे; उस स्त्रीको अर्यमादि, परमेश्वरके गुण प्रजासे वर्द्धित करें. १३ जो प्रसन्न दृष्टि, पतिकी सेवा करनेवाली, सुखरूप, कल्याणकारक, विधिवत् गृहकृत्योंके अर्थ सुसंयमवाली, विद्वान्, मनन (विचार) करनेवाली स्त्री होय, उनको पुरुषलोग तादृश गुणवाले इन तुल्य गुणवालोंके विवाह होय अन्यथा नहीं. १७ इस गार्हपत्य (गृहाश्रम) को सेवन करो. १८ उत्तिष्ठेत इति नियोग विषयक मन्त्र है. १९ स्त्री ऐसी होनी चाहिये कि, मंगलस्वरूप, सब दुःखोंसे तारनेवाली, गृहकृत्योंके निधिस्वरूप, पति और श्वशुरको सुख देनेवाली तथा सासुको सुखकारक ऐसी स्त्रीको गृहस्थ विवाह करके घरमें प्रवेश करावे. २६ हे स्त्री! श्वशुरोंकेलिये तू सदा सुखकारक हो; पति, घर तथा इस सब प्रजाकेलिये अर्थात् सब मनुष्योंके अत्यन्त हितकारक और इनको पुष्टिकेलिये प्रयत्न करनेवाली हो. २७ इस स्त्रीको सब पत्यादि गृहस्थ सौभाग्यका सुख देवें, और दौर्भाग्यसे पृथक् रक्खें अर्थात् सदा सुखी रक्खें. २८ जे युवती स्त्री दुष्ट होय वा वैसीही वृद्ध, वे, इस स्त्रीको सज के अलग रहें अर्थात् दुष्ट स्त्रीका स्व स्त्रीको संग कभी करने न दे, पुरुषकोभी दुष्ट स्त्रीका संग न होने दे. २९ सुवर्णयुक्त चित्ररथमें बैठाके स्त्रीको गृहमें ले आवे. ३० हे स्त्री! तू उदार मन करके प्रजाकेलिये प्रजोत्पत्ति-क्रिया कर, तथा पतिके अर्थ सुखोत्पादन कर; जैसी सूर्यकी किरण सूर्यके साथ प्रकाशमान होता है, वैसे श्रेष्ठज्ञान, सुविचार,

सत्संग, सुविद्या, उत्तमाचरण और परमेश्वरकी भक्तीमें जागृत हो, अर्थात् व्यभिचारादि दुष्ट कामोंको छोड दे. ३१ विद्वान् स्त्रीको विद्वान् पुरुष पतिभावसे प्राप्त होते हैं तथा शरीरसे हस्त ग्रहणादि क्रियाओंसे शरीरोंको स्पर्श करते हैं. हे नारि! विश्वरूप, विश्वके सुखको पतिके साथ तू प्राप्त हो, तथा श्रेष्ठ प्रजावाली पश्वादिके सत्कारसे सर्वदा संयुक्त हो. ३२ गन्धर्व जो परमात्मा उसको मनसे हम नमस्कार करते हैं, तथा उसके क्रोध और दृष्टीकोभी नमस्कार करते हैं. हे विश्वावसो! ब्रह्म, वेदसे तुझको हम लोग नमस्कार करते हैं कि, व्यभिचारिणी स्त्रियोंसे मैं अलग रहूं, और हे जाये! तूभी उन स्त्रियोंसे तथा दुष्ट पुरुषोंसे अलग रह. ३५ हे स्त्री! तथा हे पते! अपने सब श्रेष्ठ मनसे पुरुषार्थसे राज्यादि धनैश्वर्ययुक्त होय. परमात्मा देव अपनी प्रार्थनासे प्रेरित सदा सहायकारक होय, तथा अपने हृदयकमलमें सदा प्रकाशित होय, उसी परमात्मा गंधर्व, जो कि पृथिव्यादि जगत्‌को धारण कर्ता, उसको हम लोग इष्ट भावसे सदा स्वीकार करें, और परम श्रेष्ठ स्थानको प्राप्त होय, तथा आयुकी जो परम सिमा ४०० वर्षतक इस आयुको प्राप्त होय.३६ हे स्त्री! तथा हे पुरुष! अपने दोनों प्रजाको उत्पन्न करके पितर होय. माता तथा पिताका शरीर जैसे वीर्य और धर्मसे उत्पन्न हुवे है, वैसेही स्त्रीका अधिरोहण करके प्रजाको प्राप्त होय, तथा पुरुषार्थसे पुष्टकारक धनको मिलें, तथा सब ऋतुओंमें यथायोग्य पुरुषार्थ करें. ३७।३८ ऊन चालीसके मन्त्रमें वीर्यस्थापनकी क्रिया है तथा परमेश्वरकी प्रार्थना है कि, पति और स्त्रीका दीर्घ आयु परमेश्वर कृपासे करें, तथा चालीसवेंका अर्थ पूर्व हो चूका. ३९।४० स्त्री पुरुष दोनों सुखसे प्रजाकी उत्पत्तिकी विद्याको यथावत् जानें, तथा [illegible]सामुदी नित्य परस्पर प्रसन्नमुख और सदा आनन्दमें रहें; स्त्रीकी पूजा नाम सत्कार पुरुष करे, और पुरुषका स्त्री अर्थात् परस्पर सत्कृत होके सदा आनन्दमें रहें; [illegible]गू अर्थात् श्रेष्ठ चाल, सुशील, सद्गुण, सत्संगादिके प्रचार और ग्रहणमें सदा [illegible]त्पर रहें; सुपुत्री सुशिक्षित अपने सन्तानोंको करें. सु गृही घर, अन्न, वस्त्र, मार्ग, [illegible]न, पात्र और जलादि पदार्थोंको शुद्ध और उत्तम रक्खें, दोनों प्रतिदिन शीवयुक्त सब [illegible]:खोंसे तरें; किन्तु! सदा सुखमें रहें. ४३ जो मेरा प्रियतम तनु शरीर सो वीर्यादि [illegible]तु और वस्त्रादिकोंसे अत्यन्त शोभारूप रहो, हम दोनों आपसमें रोषयुक्त कभी न [illegible]य. ५० मेरी स्त्री उत्तम वस्त्र धारण करे सो मुझको सुखरूप होय. ५१ उशती:—[illegible]तिको प्राप्त होनेकी इच्छासे पिताके घरसे निकलके पतिके घरको प्राप्त होय, तथा [illegible]तिकेसाथ दीर्घायुक्त होय जिससे द्वितीय पुरुषकी आशा न करना पडे. ५२ गृहस्थसि

परमात्माने पृथिव्यादि लोकोंमें जो विद्या, तेज, भग-ऐश्वर्य, यश-कीर्ति, पय दुग्धादि और उत्तम रस, ए प्रविष्ट किये हैं, इनसे इस स्त्रीको सम्यक् संसर्ग सुयुक्त करते हैं, जिसको संसारके विद्वान् विवाहसे धारण करते हैं, सो गृहाश्रम और सन्तानोत्पत्तिका मूल है. ५८ यह विवाहित, लाजाका होम करनेवाली स्त्री कहती है कि, मेरा पति दीर्घायुयुक्त होय तथा सौ वर्षतक जीवै. ६३ हे इंद्र परमात्मन्! इन स्त्री पुरुष दोनोंको प्रेरणा कर, जैसे सारस और चकवा चकवी परस्पर प्रसन्न रहते हैं, वैसेही स्त्री और पुरुष दोनों प्रसन्न रहैं, तथा प्रजासेयुक्त होंय, सदा सुखी रहैं और सम्पूर्ण आयुको प्राप्त होंय. ६४ हे स्त्री! तथा पुरुष! तुमको विवाह करके पृथिवीके रससे सम्यक् बन्धन कर्त्ता हूं, तथा औषधियोंके रससे बन्धन कर्त्ता हूं, एवं प्रजा और धनके साथ बन्धनयुक्त कर्त्ता हूं, सो तुम संबद्ध होके गृहाश्रमरूप यज्ञका यथावत् सेवन करो; यह मैं जो परमेश्वर उसकी आज्ञा है, इसको तुम बराबर पालन करो. ६७ जो विवाहसे पुत्र जन्मादिकी इच्छा करते हैं, वे पुत्रवाले सु दानयुक्त और नौकादि साधनयुक्त होते हैं, वे अत्यन्त अरिष्ट वेलामेंभी इच्छा करते हैं कि, हमलोग बडे युद्धकेलिये संयुक्त होते हैं, वैसे स्त्री और पुरुष सदा संयुक्त रहते हैं. ७२ जे पितर (ज्ञानी लोग) स्त्रीके परिरक्षक इस विवाहको पूर्ण करैं, वे इस स्त्रीको प्रजायुक्त सुखको देवैं. ७३ जो स्त्री पूर्व विवाहसे बद्ध होती है जैसे कि, रज्जुसे; तथा पुरुषभी स्त्रीके साथ संबद्ध होता है; पुरुष इसको सब सुख देवै तथा स्त्री पुरुषको प्रजोत्पत्ति का सुख देके, सब आनन्दित होंय; तथा अत्यन्त सूक्ष्म मार्गको यह स्त्री प्राप्त होय; विविध सुखसे, श्रेष्ठ गुणोंसे, उत्तम प्रजासे प्रकाशित, काम क्रोधादिको जीतनेवाली स्त्री होय, तथा पुरुषभी. ७४ हे स्त्री! तू प्रकृष्ट बोधको प्राप्त हो; उत्तम गृहाश्रम, विद्यासे युक्त, दीर्घ आयु शतवर्षतक गृहाश्रमको प्राप्त हो; गृहपत्नीका जो जो काम सो सो कर; तथा पुरुषकोभी ऐसाही होना चाहिये. तुम दोनोंको सविता जगदुत्पादक परमात्मा दीर्घ आयु युक्त करै, तथा सदा सुखी रक्खैं. ७५ सब सूत्र और वेद मन्त्रोंका यही आशय है कि, स्त्री पुरुषका परस्पर सौहृदभाव, प्रीति, आनन्द, स्व शरीरकी पुष्टी, नैरोग्य, सुख तथा स्व सन्तान सुरूप, सुशिक्षित, सभ्य, शरीरबल और बुद्धिबल युक्त, शौर्य, धैर्य, सुभाषण, विद्यादि सहित होंय. जब जब प्रातःकाल, वा बाहरसे पति, सासु, श्वशुर, देवरादि वा इनकी स्त्रियों, वा ज्येष्ठकी स्त्री लोग और ज्येष्ठ तथा विद्वान् लोग घरमें आवैं वा कहीं मिलैं, तब तब नमस्कार, प्रिय भाषण और सेवामें सदा तत्पर स्त्रीको होना चाहिये; तथा सन्तानोंको और शिष्योंकोभी इसी प्रकार वर्त-

मान करना चाहिये. एवं पत्न्यादि स्त्रीकी प्रसन्नताकेलिये नित्य प्रयत्न करैं, जिस्से गृहाश्रममें परस्पर नित्य आनन्द बढता जाय और द्वेषादिक लेश मात्रभी न होंय, ऐसा प्रयत्न सबको अवश्य करना चाहिये. गृहाश्रममें ऐश्वर्य, सत्य, धर्म, सच्चिदानन्द परमात्माकी नित्य भक्ति आदि सत्य कार्य बढते जांय, ऐसा पुरुषार्थ सब लोग करैं.

सन्तुष्टो भार्यया भर्त्ता भर्त्ता भार्या तथैवच ॥
यस्मिन्नेवकुले नित्यं कल्याणं तत्र वै ध्रुवं ॥ १ ॥

इत्याह मनुः—जिस कुलमें स्त्री और पुरुष परस्पर सु व्यवहारसे नित्य सन्तुष्ट परम सुखी रहते हैं, उसी कुलमें सब सुख वास कर्ते हैं; और जिस कुलमें परस्पर विरोध, व्यभिचार और लडाई आदि होते हैं, उस कुलमें सब दुःख प्रवेश कर्ते हैं; इस्से अपना अधिकारका काम यथायोग्य परम पुरुषार्थसे करना और परस्पर सदा प्रसन्न रहना.

इति विवाह संस्कारविधिः सम्पूर्णः ॥ १३ ॥

## ॥ अथ गृहाश्रम संस्कारविधिरारभ्यते १४ ॥

चौदहवा गृहाश्रम संस्कार कहा जाता है. इसमें आश्वलायनादि गृह्यसूत्रोंका तथा वेदमंत्रोंका प्रमाण लिखा जाता है.

अत्राश्वलायन गृह्यसूत्रस्य प्रमाणम्

हौम्यंच मांस वर्जम् ॥ ६ ॥ अग्नये स्वाहेति सायं जुहुयात् सूर्य्याय स्वाहेति प्रातस्तूष्णीं द्वितीये उभयत्र ॥ ८ ॥ अथ पार्वणस्थाली पाकः ॥ १ ॥ शृतानि हवींष्यभिघार्योदगुद्वास्य बर्हिष्या सायेधमभिघार्याऽयन्त इध्म आत्मा जात वेद स्तेने ध्यस्व वर्द्धस्व चेद्ध वर्द्धय चास्मान् प्रजाया पशुभिर्ब्रह्म वर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहेति ॥ १२ ॥ तूष्णीमा घारावाघार्य्याज्य भागौ जुहुयादग्नये स्वाहा सोमाय स्वाहेति ॥ १३ ॥ यदस्य कर्मणोऽत्यरीरिचं यद्वा न्यून मिहाकरं ॥ अग्निष्टत्स्विष्टकृद् विद्यात् सर्वं स्विष्टं

सुहुतं करोतु मे । अग्नये स्विष्टकृते सुहुत हुते सर्व प्रा-
यश्चित्ता हुतीनां कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान्नः कामान
त्समर्द्धय स्वाहा इति ॥ २२ ॥

अथ पारस्कर गृह्यसूत्र प्रमाणम्

अथातो धर्म जिज्ञासा ॥ पृथिवी द्यौः प्रदिशो
दिशो यस्मै द्युभिरावृताः । तमिहेन्द्रमुप व्हये
शिवा नः सन्तु हेतयः स्वाहा । यन्मे किञ्चिदुपेप्सित म-
स्मिन् कर्माणि वृत्रहन् । तन्मे सर्व ठं. समृध्यतां जीवतः
शरदः शत ठं. स्वाहा । सम्पत्तिर्भूतिर्वृष्टिर्ज्यैष्ठ्य ठं. श्रै-
ष्ठ्य ठं. श्रीः प्रजामिहावतु स्वाहा॥यस्याभावे वैदिक लौ-
किकानां भूतिर्भति कर्मणां । इन्द्रपत्नीमुपव्हये सीता
ठं. सामेत्वपायि तो भूयात्कर्मणि कर्मणि स्वाहा। अश्वा-
वती गोमती सूनृतावृती विभर्त्ति याप्रमाणभृतो अत-
न्द्रिता । खला मालिनी मुर्वरामस्मिन्कर्मण्युपव्हयेध्रुवा
ठं. सामेत्वनपायिनी भूमात् स्वाहेति स्थालीपाकस्य
जुहोति सीतायै प्रजायै शमायै भूत्या इति ॥

अथ चतुर्वेद मन्त्राः

ऋ० अ० २ अ० १ व० १० प्राता रत्नं प्रातरित्वा द-
धाति तं चिकित्वान्प्रति गृह्या नि धत्ते । तेन प्रजां वर्ध-
यं मान आयू रायस्पोषेण सचते सुवीरः ॥ १ ॥ सुगुरस-
त्सुहिरण्यः स्वश्वो बृहदस्मै वय इन्द्रो दधाति यस्त्वा
यंतं वसुना प्रातरित्वो मुक्षीजयेव पदिमुत्सिनाति ॥२॥
आयमद्य सुकृतं प्रातरिच्छन्निष्टेः पुत्रं वसुमता रथेन ।
अंशोः सुतं पायय मत्सरस्य क्षयद्वीरं वर्धय सूनृताभिः

॥ ३ ॥ उप क्षरन्ति सिन्धवो मयोभुव ईजानं च यक्ष्यमाणं च धेनवः । पृणन्तं च पपुरिं च श्रवस्यवो घृतस्य धारा उप यन्ति विश्वतः ॥ ४ ॥ नाकस्य पृष्ठे अधि तिष्ठति श्रितो यः पृणाति स ह देवेषु गच्छति ॥ तस्मा आपो घृतमर्षन्ति सिन्धवस्तस्मा इयं दक्षिणा पिन्वते सदा ॥ ५ ॥ दक्षिणावतामिदिमानि चित्रा दक्षिणावतां दिवि सूर्यासः । दक्षिणावन्तो अमृतं भजन्ते दक्षिणावन्तः प्र तिरन्त आयुः ॥ ६ ॥

यजुः० अ० ३ मन्त्र ३७

भूर्भुवः स्वः सुप्रजाः प्रजाभिः स्या ठं. सुवीरो वीरैः सुपोषः पोषैः । नर्य प्रजां मे पाहि । श ठं. स्यपशून् मे पाहि । अथर्य पितुं मे पाहि ॥ ३० ॥ गृहामा बिभीत मा वेपध्वमूर्ज्जं बिभ्रत एमसि ॥ ऊर्ज्जं बिभ्रद्वः सुमनाः सुमेधा गृहानैमि मनसा मोदमानः ॥ येषामध्येति प्रवसन्येषु सौमनसो बहुः । गृहानुप ह्वयामहे ते नो जानन्तु जानतः ॥ ४२ ॥ उपहूता इह गाव उप हूता अजावयः । अथो अन्नस्य कीलाल उपहूतो गृहेषु नः । क्षेमाय वः शान्त्यै प्रपद्ये शिव ठं. शग्म ठं. शंय्योः शंय्योः ॥ ४३ ॥

सामवेदमें विशेष नहीं इससे नहीं लिखते.

अथाथर्व मन्त्रः—कां० ६ प्र० १३ अनु० ५

अव ज्यामिव धन्वनो मन्युं तनोमि ते हृदः यथा संमनसौ भूत्वा सखायाविव सचावहै ॥ १ ॥ सखाया-

विव सचावहा अवं मन्युं तनोमि ते । अधस्ते अश्मनो मन्युमुपास्यामसि यो गुरुः ॥ २ ॥ अ० काण्ड १२ प्र० १६ अ० १ सत्यं बृहदृतमुग्रं दीक्षा तपो ब्रह्म यज्ञः पृथिवीं धारयन्ति । सा नो भूतस्य भव्यस्य पत्न्युरुं लोकं पृथिवी नः कृणोतु ॥ १ ॥ असं बाधं बध्यतो मानवानां यस्या उद्वतः प्रवतः समं बहु । नानावीर्या ओषधीर्या बिभर्ति पृथिवी नः प्रथतां राध्यतां नः ॥ २ ॥ अ० १२ प्र० २७ अनु ५ श्रमेण तपसा सृष्टा ब्रह्मणा वित्त ऋते श्रिताः ॥ १ ॥ सत्येना वृता श्रिया प्रावृता यशसा परीवृताः ॥ २ ॥ स्वधया परिहिता श्रद्धया पर्यूढा दीक्षया गुप्ता यज्ञे प्रतिष्ठिता लोको निधनम् ॥ ३ ॥ ओजश्च तेजश्च सहश्च बलंच वाक् चेन्द्रियं च श्रीश्च धर्मश्च ॥ ७ ॥ ब्रह्मच क्षत्रं च राष्ट्रंच विशश्च त्विषिश्च यशश्च वर्चश्च द्रविणं च ॥ ८ ॥ आयुश्च रूपं च नाम च कीर्तिश्च प्राणश्चापानश्च चक्षुश्च श्रोत्रं च ॥ ९ ॥ पयश्च रसश्चान्नंचान्नाद्यं च ऋतं च सत्यं चेष्टं च पूर्त्तं च प्रजा च पशवश्च ॥ १० ॥

अर्थ—होम्यचे त्यादि—ब्राह्मणादि द्विज नित्य अग्नि होत्र विधानसे होम करें; मंत्रखण्डी, प्रातः सूर्याय स्वाहा, सायं अग्नये स्वाहा, दोनों कालमें मौन करके सरी आहुती दे. ६।८ पौर्णमासी आदि विधान पूर्वक पकान्न करके होम करें. ९ च्छी तरहसे होमके पदार्थोंको शोध और पकाके होम करें. हे जातवेदः! परमात्म-! इंधनकीनाई हम लोगोंको ज्ञानसे प्रदीप्त कर और बढाअ, हम लोगोंको प्रजा, पशु, श्रा और अन्नादिकसे युक्त कर, १२ तदनन्तर अग्नये स्वाहा, सोमाय स्वाहा,

इन मन्त्रोंसे मौन करके होम करें १३ अधिक वा न्यून कर्म अज्ञानसे मैं करूं उसको परमात्मा जानें, और सब इष्ट कर्म हमसे करावे, सब कामोंकी सिद्धि और वृद्धि करे. २२ इति.

अथ पारस्कर सूत्रका अर्थ—जब विद्या पढचूके, तब धर्मकी जिज्ञासा करे. जो सत्य धर्म अर्थात् न्याय पक्षपात रहित सबका हितकारक उसको जानके नित्य अनुष्ठान करे, इन्द्र परमैश्वर्य युक्त परमात्माकी उपासना करे, पृथिव्यादिक पदार्थोंकी प्राप्तीकेलिये उसकी प्रार्थना करे, तथा पृथिवी, द्यौ इत्यादि यथा लिखित मन्त्रोंसे होम करे. उपासना अर्थात् योगाभ्यास करनेवाला तथा ज्ञानी–सब पदार्थोंको जाननेवाला, ये दोनों होमादि बाह्य क्रियाको न करें इति.

अथ वेदमन्त्रार्थाः संक्षेपतः–प्रातारत्नमित्यादि–प्रातः नित्य रम्य श्रेष्ठ पदार्थोंको प्राप्त होके उसको धारण करे. विचारशीलतासे, अत्यन्त पुरुषार्थसे उत्तम वस्तुको धारण करे, उससे प्रजाको आयु, धन और पुष्टिसे संयुक्त कर्ता है, सो सुवीर पुरुषार्थी गृहस्थ कहाता है. १ अच्छी चाल जो कि, विनयपूर्वक उससे युक्त गृहस्थ सदा होय, श्रेष्ठ सुवर्णादि धातुवाला, पश्वादि पशुवाला, गृहस्थ होय, और परमात्मा उसको बडी आयुवाला कृपासे कर्ता है जो कि, जितेन्द्रिय पुरुषार्थी होय; वह गृहस्थ कहता है.२ अन्नादि पदार्थोंसे नित्य युक्त रहै; गृहस्थको उत्तम पदार्थोंका संग्रह करना चाहिये. ३ जो सत्य धर्म, परमेश्वरकी आज्ञा तथा उसकी स्तुती, प्रार्थना और उपासनामें तत्पर होय; सत्यतासे गृहस्थ होता है, उसकेलिये ईश्वरने सब संसारके उत्तम पदार्थ निर्मित किये हैं. ४ जो गृहस्थ पूर्वोक्त रीतिसे सदाचारयुक्त होता है, उसकेलिये परमेश्वर कृपासे सब पदार्थ समर्पित कर्ता है; परन्तु पुरुषार्थीको देता है, आलसीको नहीं. ५ जे विद्वान् गृहस्थ धर्मात्मा हैं, वे सत्पुरुषार्थसे जो संसारमें आश्चर्यकारक उत्तम पदार्थ हैं, उनको प्राप्त होते हैं; तथा सुखोंसे; जैसा सूर्य प्रकाशमान है, वैसे संसारमें सब सद्गुण और सुखोंसे प्रकाशित होते हैं, तथा अमृत (मोक्षको) और पूर्ण आयुको वे प्राप्त होते हैं; दुष्ट, विषयी लोग नहीं. ६

अथ यजुर्मन्त्रार्थाः संक्षेपतः–हे अर्य! नृषु साधो! मेरी प्रजाकी तू रक्षा कर, तथा पशुओंकी. और हे अर्य स्वामिन्नीश्वर! मेरे अन्नादिकी यथावत् रक्षा कर, तथा आपकी कृपासेयुक्त स्व पुरुषार्थसे तीन लोकोंके उत्तम ऐश्वर्यको मैं प्राप्त होऊं, उत्तम प्रजासे शोभित होऊं, उत्तम वीर (शौर्यादि गुणयुक्त) पुरुषोंसे सुवीर होऊं.

सब पुष्टी और आनन्दसे सु पुष्ट होऊं. ३९ हे गृहस्थ स्त्री पुरुषों! तुम गृहाश्रमको प्राप्त होके किसी प्रकारका भय मत रक्खो और कम्पो मत, तथा पराक्रमको धारण करके सब सुखोंको प्राप्त हो. मैं तुममें पुरुषार्थ धारण कर्ता हूं, उससे तुम सब सुखोंको सिद्ध करो. सो, मैं गृहस्थ अत्यन्त श्रेष्ठ मनन, श्रेष्ठ मेधायुक्त मनसे आनन्दित गृहोंको प्राप्त होता हूं, ऐसा नित्य आल्हादित गृहस्थलोग रहैं, शोकातुर नहीं. ४१ जिन गृहस्थोंमें वास करैं उनमें अत्यन्त सुहृद भावयुक्त होके वास करैं, गृहोंके उत्तम उत्तम पुरुषोंको प्राप्त होके मान्य करैं; ज्ञानियोंको परीक्षासे जानै और ज्ञानकी वृद्धि होती जाय. ४२ हे परमात्मन्! हमलोग आपका अनुग्रहपूर्वक पुरुषार्थ कर्ते हैं, उससे इस संसारमें पृथिवी, गाय आदिका राज्य हम चाहते हैं, और अन्नका समूह; हमारे घरोंके बीचमें चक्रवर्ती राज्यादि स्थिर रहैं, हे पुरुषा! आप लोगोंको क्षेम, निर्वाह, शान्ति और कल्याणकेलिये प्राप्त होता हू, सो आपलोग मुझसे परस्पर प्रीति रक्खो जिससे अपने गृहस्थलोग चक्रवर्ति राज्यादि भोग करैं. इति. अथ अथर्ववेद मन्त्रार्थाः—अवज्यामिवेत्यादि० स्त्री और पुरुष इन दोनोंका परस्पर भाषण:–जैसे धनुषकी ज्या नाम प्रत्यञ्चाको उतार देते हैं, वैसे तेरे हृदयका मन्यु–क्रोधको मैं दूर कर्ता हुं; तथा स्त्रीभी कहे कि, जिस प्रकारसे अपने दोनों एकमन होके सखाकीनांई परस्पर मित्रता संयुक्त सब दिन रहैं, जिससे गृहकृत्य सब सिद्ध होंय. १ परस्परका क्रोधको नीचे फैंक देना, जैसे बडे पाषाणके नीचे सर्प, वैसे क्रोधको दबा देना. २ जो सत्य बात और जो यथार्थ, कोई बडी चीज है, उसीका अनुष्ठान सदा करैं; जो दीक्षा, ब्रह्मचर्याश्रम, तप, धर्मानुष्ठान, ब्रह्म (श्रेष्ठविद्या) और यज्ञ जो उत्तम क्रियाका करना यही पृथिवीके राज्यको धारण कर्ते हैं सो पृथिवीकी विभूति, भूत, भविष्य और वर्त्तमानमें मेरी पत्नी और मैं श्रेष्ठ सुख युक्त प्राप्त करैं. भविष्य और वर्त्तमानमें पुरुषार्थ मनुष्योंको बहुत करना चाहिये, भूतकालमें नहीं. १ मनुष्योंके बीचमें असंबाध विघ्नको दूर करनेवाला जो मनुष्य होता है, वही सब सुखको प्राप्त होता है, जो नाना गुणयुक्त ओषधियोंको पृथिवी धारण कर्ती हैं, ऊंच, नीच और समस्थलमें, सो पृथिवी अत्यन्त सुखरूप और ऋद्धिरूप हमारेलिये हो. २ जे श्रम, धर्मानुष्ठान और विद्यासे युक्त होके ऋत यथार्थ सत्याचरणमें स्थित है, १ वे सत्य, ब्रह्म और सुख इस्से आच्छादित होते हैं; तथा अत्यन्त लक्ष्मीसे युक्त होते हैं और उत्तम कीर्त्तिसे युक्त होते हैं, अन्य नहीं. जे स्वधा अमृतरूप, व्यवहारसे युक्त, श्रद्धासे प्राप्त, दीक्षासे रक्षित, यज्ञमें प्रतिष्ठित, लोकमें धनरूप सो मनुष्य गृहाश्रम करनेके योग्य होता है,

धन्य नहीं. ३ गृहस्थोंको इतने गुण धारण करना चाहिये:-ओज-अनन्त पराक्रम, तेज, निर्दीनता, सह-सहनशक्ति, दल भीषण भारोत्थापनादि, वाक् सत्य और मधुर वाणी, सब इंद्रियोंकी पुष्टि, रक्षा, श्री, शोभा, धन, धर्म, न्याय, पक्षपात छोडके वर्तमान करना. ७ ब्रह्म, विद्वान् ब्राह्मणोंसे विद्या प्रचार, क्षत्रिय, शूर वीर पुरुषोंको शिक्षा और शास्त्राभ्याससे करना, सभासे राष्ट्र राज्यका यथावत् पालन, विश वैश्य शूद्रादि प्रजाका संरक्षण, त्विषि-सत्य बातका प्रकाश, यश शौर्य और न्यायसे वर्तमान, वर्च-ब्रह्मचर्यादि आश्रमोंका यथावत् अनुष्ठान, नाना द्रव्योंका शोधन और उससे यथावत् उपयोग लेना. ८ आयुको बढाना, वीर्यादि धारणसे रूप सुन्दर रखना, नामव्यवस्था मानना, कीर्तिमान् होना, प्राण, अपान, चक्षु और श्रोत्र इनको सुनियममें रखना, श्रेष्ठ औषधसेवन और उत्तम दिनचर्यासे रक्षा करना. ९ दुग्धादिका उपयोग करना, तथा शर्करादि रस, ओदनादि अन्न, तथा भक्ष्यादिक अच्छी रीतिसे पाक करके यथारुची भोजन करना; यज्ञ-एक निराकार परमेश्वरकी भक्ति, सत्य धर्मका उपदेश, दृष्ट वायु और जलकी शुद्धिकेलिये होम करना, पूर्त्त सब व्यवहार सत्यतासे पूर्ण करना, सन्तानोंकी रक्षा और सुशिक्षासे पालन करना, तथा अश्वादि पशुओंको पालन और उनसे उपयोग यथावत् लेना. इत्यादि श्रेष्ठ लक्षणवाले गृहस्थ होंय, बाल्यविवाह तथा अयोग्योंका विवाह कभी न करना, न्यूनसे न्यून शोलह वर्षकी स्त्री और २५ वर्षतकका पुरुष इससे शीघ्र विवाह न करना, इसमें सुश्रुतका प्रमाण:—

पंञ्चविंशे ततो वर्षे पुमान्नारी तु षोडशे ॥
समत्वागत वीर्यौतौ जानीया कुशलोभिषक् ॥ १ ॥

शोलह वर्षकी कन्या और २५ वर्षतकका पुरुष, इनका विवाह होनेसे कनिष्ठ पक्ष जानना, इससे आगे आगे मध्यम और उत्तम विवाह है और इससे पूर्व महा नीच विवाह जानना, क्योंकि! शोलह वर्षके पूर्व प्रतिज्ञा करनी सत्यही नहीं होती अर्थात् विवाहही नहीं हुआ. सामर्थ्यके विना लडका लडकीका विवाह करना मातापितादिको योग्य नहीं. पूर्वोक्त प्रकारसे विवाह करनेसे सन्तान अत्यन्त श्रेष्ठ होते हैं, इससे अन्यथा करनेसे नष्ट भ्रष्ट सन्तान होते हैं; इसमें मनुका प्रमाण :—

ब्राह्मादिषु विवाहेषु चतुर्ष्वेवानु पूर्वशः ॥ ब्रह्मवर्चस्विनः
पुत्रा जायन्ते शिष्ट संमताः ॥१॥ रूप सत्व गुणोपेता

धनवंतो यशस्विनः ॥ पर्याप्त भोगा धर्मिष्ठा जीवन्ति च शतं समाः ॥ २ ॥ इतरेषु तु शिष्टेषु नृशंसानृतवादिनः ॥ जायन्ते दुर्विवाहेषु ब्रह्मधर्म द्विषः सुताः॥३॥ अनिन्दिते स्त्री विवाहैरनिंद्या भवति प्रजा ॥ निन्दितै र्निन्दिता नृणां तस्मान्निंद्यान् विवर्जयेत् ॥ ४ ॥

अर्थ—ब्राह्म, दैव, आर्ष और प्राजापत्य इन चार विवाह पूर्वोक्त प्रकारसे करनेमें सर्व विद्वान् शिष्टोंको संमत है. १ यह विवाह करनेसे सुन्दर रूपयुक्त, अत्यन्त बलिष्ठ, उत्तम गुणवाले, धनयुक्त, कीर्तिमान्, पूर्ण भोग करनेमें समर्थ, धर्मात्मा और शतायु सन्तान होते हैं. २ इतर जे भिन्न विवाह अर्थात् परीक्षाके विना बाल्यावस्थामें विवाह करनेसे दुष्ट सन्तान खुशामदी, मनुष्योंकी प्रशंसा करनेवाले, मिथ्या वादी, ब्रह्म—वेदोक्त धर्म और परमात्माकी भक्तीके द्वेषी, दुष्ट—नीच सन्तान उत्पन्न होते हैं. ३ क्या जानना चाहिये कि, पूर्वोक्त प्रकारसे उत्तम होनेसे उत्तम प्रजा होती है. और निन्दित, बाल्यावस्था और असदृश गुण वालोंके विवाहको सदा वर्जित कर देना. ४ आगे मनुके श्लोक लिखेंगे सो जान लेना.

पितृभिर्भ्रातृभिश्चैताः पतिभिर्देवरै स्तथा ॥ पूज्या भूषयितव्याश्च बहु कल्याण मीप्सुभिः ॥१॥ यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः ॥ यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफलाःक्रियाः ॥ २ ॥ शोचन्ति जामयो यत्र विनश्यत्याशुतत्कुलं ॥ न शोचन्ति तु यत्रैता वर्धते तद्धि सर्वदा ॥ ३ ॥ जामयो यानि गेहानि शपन्त्य प्रति पूजिताः ॥ तानि कृत्याहतानीव विनश्यन्ति समन्ततः॥४॥ तस्मादेताः सदा पूज्या भूषणाच्छादना शनैः ॥ भूति कामैर्नरै नित्यं सत्कारेषूत्सवेषु च ॥ ५ ॥

अर्थ—पिता, माता, भ्राता, और देवर ए सब स्त्रियोंकी पूजा अर्थात् सत्कार र करें, अत्यन्त कल्याणकी इच्छा करनेवाले नर भूषण, मधुर वचन, और अभ्यभिषा-

रादिसे स्त्रियोंको सदा प्रसन्न रक्खे. १ जिस कुलमें स्त्री सत्कारसे प्रसन्न रहती हैं, उस कुलमें विद्वान् और दिव्य गुण सदा निवास करते हैं; और जिस कुलमें स्त्री प्रसन्न नहीं रहती, उन पुरुषोंकी सब क्रिया निष्फल होती है अर्थात् एकही स्त्रीसे विवाह करना और उसीसे प्रीति सदा रखना; परस्त्री तथा वेश्यागमन कभी न करना, यह स्त्रीका बडा सत्कार है. २ जिस कुलमें स्त्रीलोग दुःखसे शोकातुर रहती हैं, वह कुल शीघ्रही नाशको प्राप्त होता है; और जिस कुलमें प्रसन्न रहती है, वह कुल सब दिन बढता जाता है. ३ स्त्रीलोग अप्रसन्न होके शाप आदि शब्दसे जिस गृहस्थोंको शाप देती हैं, वे कुटुंब सब प्रकारसे नष्ट हो जाता हैं; जैसे कृत्या अर्थात् विषदानादि क्रियाओंसे कोई कुलका नाश कर दे, तद्वत्. ४ इसलिये भूषण, श्रेष्ठ श्रेष्ठ वस्त्र और भोजनादि पदार्थोंसे स्त्रियोंका सत्कार सदा करें, आनन्दमें सदा रक्खें. जिनको ऐश्वर्यकी चाहना होय. ५

यदि हि स्त्री न रोचेत पुमांसं न प्रमोदयेत् ॥
अप्रमोदात् पुनः पुंसः प्रजनं न प्रवर्तते ॥१॥
स्त्रियां तु रोचमानायां सर्वं तद्रोचते कुलं ॥
तस्यांत्वरोचमानायां सर्वमेव न रोचते ॥२॥ मनुः

अर्थात् स्त्री, पुरुषकी प्रसन्नता नित्य बढावे और पुरुष स्त्रीकी प्रसन्नताको बढावे, तब सु सन्तान और कुलमें आनन्द होता है, अन्यथा नहीं.

यथा वायुं समाश्रित्य वर्तन्ते सर्वे जन्तवः ॥ तथा गृहस्थ माश्रित्य वर्तन्ते सर्व आश्रमाः ॥१॥ यस्मा त्रयोप्याश्रमिणो दानेनान्नेन चान्वहम् ॥ गृहस्थे नैव धार्यन्ते तस्माज्ज्येष्ठा श्रमो गृही ॥२॥ स संधार्यः प्रयत्नेन स्वर्गमक्षय मिच्छता ॥ सुखं चेहेच्छता नित्यं यो धार्यो दुर्बलेन्द्रियैः ॥३॥ सर्वेषामपि चैतेषां वेद स्मृति विधानतः गृहस्थ उच्यते श्रेष्ठः सत्रीनेतान् बिभर्त्तिहि ॥४॥ यथा नदी नदाः सर्वे सागरेयान्ति संस्थितिं ॥ तथैवाश्रमिणः सर्वे गृहस्थे यान्ति संस्थितिं ॥ ५ ॥ मनुः

अर्थ—जैसे सब प्राणी वायुके आश्रयसे रहते है, वैसे ब्रह्मचारी, वानप्रस्थ और संन्यासी ए तीन गृहस्थके आश्रयसे रहते हैं. १ गृहस्थ तीनों आश्रमियोंके दान और अन्नसे पालन नित्य कर्ता है, इससे गृहाश्रमी बडा है. २ उस गृहाश्रमको अत्यन्त यत्नसे धारण करना चाहिये, जिससे इस जन्म, इस लोक, पर जन्म और मोक्ष गृहाश्रमसे सिद्ध होता है जो कि, दृढेन्द्रिय, दृढ शरीर, और दृढ पुरुष उनसे गृहाश्रम निवास कर्ता है, दुर्बल ( क्षीणबलवालों ) से धारण नहीं हो सका. ३ दो श्लोकोंका अर्थ सरल है इससे नहीं लिखते. ४।५.

उपासते ये गृहस्थाः परपाक मबुद्धयः ॥
तेन ते प्रेत्य पशुतां व्रजन्त्यन्नादि दायिनाम् ॥१॥ अ०॥

अर्थ—जे गृहस्थ विनापुरुषार्थसे दान, दक्षिणा, पर घरमें भोजनकी आशा कर्ते हैं, बुद्धिहीन हैं, किन्तु ! पशुकीनाई उनको जानना, इससे पर घरमें भोजन वा पर पदार्थकी आशा गृहस्थ कधी न करै, किन्तु ! गृहस्थ तो नित्य दानही करै. प्रतिग्रह भी न करै.

आसना वसथी शय्या मनु व्रज्या मुपासनाम् ॥
उत्तमेपूत्तमं कुर्या द्धीनं हीने समे समम् ॥२॥ म० ॥

अर्थ—ब्रह्मचारी और संन्यासी, अथवा कोई गृहस्थ अतिथीरूप आवे, उनमें उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ इन तीनोंको उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ आसनादिसे उत्तम, मध्यम और कनिष्ठ प्रकारसे सत्कार करै, तुल्य सेवा न करै. १

पाषण्डिनो विकर्मस्थान् वैडाल व्रतिकान् शठान् ॥
हैतुकान् न्बकवृत्तींश्च वाङ्मात्रेणापि नार्चयेत् ॥३०॥ मनुः

अर्थ—पाषण्डि—वेद विरुद्ध मतवाले जे जिनड पूजक, अधर्मी, सम्प्रदायी और वर्णाश्रम विरुद्ध वे पाखाण्डी हैं. चोरी आदी कर्मयुक्त, मिथ्या भाषणादि विरुद्ध कर्म करनेवाले वैडाल व्रतिकः पराई हानीसे स्वार्थ साधनमें तत्पर वे, शठ स्वयं ज्ञानहीन होय, हठ दुराग्रहसे आप्तोंका सत्योपदेश नहीं माननेवाले, हैतुक मिथ्या कुतर्क करनेवाले वे, बकवृत्ति छली, कपटी, दूसरेको ठगनेकेलिये ध्यानी इनका सत्कार गृहस्थ कधी न करै, किन्तु ! इनका अपमानही करै १.

दश सूना समं चक्रं दश चक्र समोध्वजः ॥
दशध्वज समो वेशो दश वेश समोनृपः ॥१॥ मनुः

अर्थ—दश हत्याके तुल्य गाडी और कुंभारके कर्ममें हत्या होती है, उससे दशगुणी धोबी और मद्य निकालनेवालेके कर्ममें हत्या होती है—अर्थात् शतगुणी, इससे दशगुणि अर्थात् हजारगुणी हत्या वेषधारी वेश्या और दूसरेकी मूर्त्ति बनाके पूजा करनेवालेमें होती है, इससे दशगुण अपराध अर्थात् दश हजारगुणा अपराध राजामें होता है जो कि, लोभी और अन्यायकारी, ऐसे कर्मोंसे गृहस्थ अलग रहे १.

न लोक वृत्तं वर्त्तेत वृत्ति हेतोः कथं च न ॥

अर्थ—गृहस्थ झूठा लोकाचारमें कभी न वर्तें, किन्तु ! सत्य व्यवहारमेंही सदा वर्तें.

सत्य धर्मार्य वृत्तेषु शौचे चैवारमेत्सदा ॥
शिष्यांश्च शिष्याद्धर्मेण वाग्बाहूदर संयतः ॥ १ ॥ मनुः

अर्थ—गृहस्थ सत्य, धर्म, श्रेष्ठोंके आचरण, और आत्माकी पवित्रतामें सदा रमण करें, शिष्योंको धर्मसे शिक्षा और विद्या दे, वाणी, बाहू और उदरको वशमें रक्खे अर्थात् जितेन्द्रिय होय. १

परित्यजेदर्थ कामौ यौ स्यातां धर्म वर्जितौ ॥
धर्मचाप्य सुखोदर्क लोकविक्रुष्टमेव च ॥ १ ॥ मनुः

अर्थ—जो अर्थ, काम और धर्मवर्जित होय, उसको छोड दे, किन्तु ! दोनों धर्मयुक्तही करे; धर्मभी जो परिक्षा प्रमाण रहित, उत्तर कालमें दुःखदायक अर्थात् धर्माभास जो अधर्म उसको न करे; तथा लोगोंको पाखण्डमें धर्म निमित्तसे न लगावे, १

सर्वेषामेव शौचानामर्थ शौचं परं स्मृतं ॥ योर्थेशुचि
र्हि सशुचिर्नमृद्वारि शुचिः शुचिः ॥१॥ क्षान्त्या शुध्यन्ति
विद्वांसो दानेनाकार्य कारिणः ॥ प्रच्छन्न पापाजप्येन
तपसा वेद वित्तमाः ॥२॥ अद्भिर्गात्राणि शुध्यन्ति मनः

सत्येन शुध्यति ॥ विद्या तपोभ्यां भूतात्मा बुद्धिर्ज्ञानेन शुध्यति ॥ ३ ॥ मनुः

अर्थ—सब शौचोंके बीचमें अर्थशुद्धि अर्थात् धर्म और पुरुषार्थसे अर्थोंकी शुद्धि, उनसे यथायोग्य उपयोग लेना, यही बड़ी शुद्धि है, क्यों कि! जो सब व्यवहारमें शुद्ध है, उसीको शुद्ध मानना और मल मृत्तिका स्नानादिसे जो शुद्ध है, उस्को शुद्ध नहीं मानना. १ विद्वान् लोगोंको अत्यन्त क्षमा चाहिये, उसीसे वे शुद्ध होते हैं; तथा पाप-कारी-अविद्या दानादिसे जो गुप्त पापी, उस्को छोड दे. और वेदवित् पुरुष तप अर्थात् सत्य धर्मानुष्ठानसे शुद्ध होते हैं. २ जलसे बाहरके अंग शुद्ध होते हैं, मन नहीं; किन्तु! मन तो सत्यानुष्ठानसेही शुद्ध होता है, विद्या और धर्मानुष्ठानसे भूतात्मा जीव और ज्ञानसे बुद्धि शुद्ध होती है; यही मुख्य शुद्धि मनुष्योंकेलिये है, अन्य नहीं; किन्तु! छान्दोग्योपनिषदमें लिखा है कि,

अहिं ठं. सन्त्सर्वभूतान्यन्यत्र तीर्थेभ्यः

अर्थ—सब भूतोंमें निर्वैर बुद्धिसे वर्त्तमान करे; परन्तु वेदादि शास्त्र जो तीर्थ सदुक्त विधान अर्थात् दुष्टोंको दण्ड देना यह तो कर्त्तव्य है, इसे तीर्थ नाम शास्त्रोंका है, उसमें स्नान अर्थात् उनको पढके सत्य रीतिसे चलना यही तीर्थयात्रा और स्नान है.

सदा प्रहृष्टया भाव्यं गृहकार्येषु दक्षया ॥
सुसंस्कृतोपस्करया व्यये चामुक्त हस्तया ॥१॥ मनुः

अर्थ—सदा स्त्री प्रसन्नता, चतुरता, अत्यन्त अन्नादिका सुसंस्कार (शुद्धिकरण), युक्तिसे खरच करना इत्यादि सुविचारसे घरके कार्योंमें तत्पर रहे. पुरुष राज्य कार्योंकी सिद्धि करनेमें तत्पर होय, जिस्से बाहार और भीतरके कामोंकी यथावत् सिद्धि होय. १ सामाजिक नियम अर्थात् राजा और प्रजाका पालनकेलिये सभा करनी, उसी सभाके नियमसे सबको चलना, सभाका जो अध्यक्ष उस्कोही राजा मानना, अन्यको नहीं: क्यों कि! एककी बुद्धिसे राज्यव्यवस्था वा न्याय कभी नहीं हो सक्ता, तथा एकके बिगडनेसे सब राज्य बिगडता है, इसे सभाकोही राजा मानना.

दशा वरा वा परि षद्य द्धर्मम्परि कल्पयेत् ॥
त्र्यवरा वापि वृत्तस्था तं धर्म न विचालयेत् ॥१॥ मनुः

अर्थ—क्रमसे कम तीन वा दश पुरुषोंकी सो सभा अवश्य होनी चाहिये, अधिक चाहे जितने होंय. जो शिष्ट विद्वान् धर्मात्मा सबके हितकारक पक्षपात रहित होंय, वे सत्य विचारसे देशकल्याण और न्यायकी व्यवस्था करैं, उस व्यवस्थाको सब कोई मानैं. १

दण्डः शास्ति प्रजाः सर्वा दण्डएवाभि रक्षति ॥ दण्डः सुप्तेषु जागर्ति दण्डं धर्मं विदुर्बुधाः ॥१॥ तस्याहुः सं प्रणेतारं राजानं सत्यवादिनं ॥ समीक्ष्यकारिणं प्राज्ञं धर्मकामार्थकोऽविदं ॥२॥ सो सहायेन मूढेन लुब्धेनाकृत बुद्धिना ॥ न शक्यो न्यायतो नेतुं सक्तेन विषयेषु च ॥३॥ शुचिना सत्य सन्धेन यथा शास्त्रानु सारिणा ॥ प्रणेतुं शक्य ते दण्डः सु सहायेन धीमता ॥४॥ अदंड्यान् दण्डयन् राजा दण्ड्यांश्चैवाप्य दण्डयन् ॥ अयशो महदाप्नोति नरकं चैव गच्छति ॥ ५ ॥ मनुः

अर्थ—दण्डही प्रजाका शासन कर्त्ता, रक्षक और जागृत है, उसीको विद्वान् लोग धर्म जानते हैं; तथा राजा, नेता, शासिता, और पुरुषभी उसीको जानते हैं. १ और उसीको चलानेवाला सत्यवादी, सुविचार करनेवाला, बडा बुद्धिमान्, धर्म, अर्थ और कामकी सिद्धि करनेमें महा पण्डित जो राजा होता है, सो दण्डकी व्यवस्था कर सकता है. २ परन्तु जो असहाय सत्पुरुषोंके सहाय अर्थात् सभासे विना लुब्ध, मूर्ख और विषयोंमें आसक्त पुरुष न्यायसे प्रजाका पालन करनेमें कभी समर्थ नहीं हो सक्ता. ३ किन्तु! जो पवित्र बुद्धि, सत्पुरुषके सहायवाला, बुद्धिमान्, सत्यको ग्रहण करनेवाला, विद्वान् शास्त्रानुसारी जो सभाध्यक्ष राजा, सो यथावत् राज्य पालन न्यायसे कर सक्ता है, ऐसेही उत्तम पुरुष, स्वदेशभक्त, विद्वानोंकी सभासेही दण्ड्यको दण्ड दे. और अदण्ड्यकी रक्षा करै, अर्थात् दुष्टोंका शासन और श्रेष्ठोंका पालन सदा करै, अन्यथा अदण्ड्यको दण्ड करने और दण्ड्यको छोडनेसे निन्दा और दुःखको प्राप्त होता है. ४।५ परन्तु सब सभासद, सभाध्यक्ष तथा अन्य राजपुरुष और सेनास्थ सब भृत्य एन वक्ष्यमाण अठारह दोषोंको छोड देवें;—

मृगयाक्षा दिवा स्वप्नः परिवादः स्त्रियोमदः ॥ तौर्यत्रिकं वृथाट्या च कामजो दशको गणः ॥१॥ पैशून्यं साहसं द्रोह ईर्ष्या सूयार्थ दूषणम् ॥ वाग्दण्डजं च पारुष्यं क्रोधजोपि गणोऽष्टकः ॥ २ ॥ द्वयोरप्ये तयोर्मूलं यं सर्वे कवयो विदुः ॥ तं यत्नेन जयेल्लोभं तज्जवे तावुभौ गणौ ॥ ३ ॥ मनुः

अर्थ—मृगया अत्यन्त शिकार, अक्ष द्यूत, क्रीडा दिनमें सोना, मिथ्या वाद करना, स्त्री लोगोंसे विषयासक्त होना, तथा वेश्या और परस्त्री गमन करना, स्व स्त्रीमेंभी अत्यन्त वीर्यका नाश करना, मद्यपानादि नशा करना, गाना, नाचना और बजाना अथवा इनके संग फसना, वृथा इधर उधर घूमना ए दश दुष्ट व्यसन कामोत्पन्न हैं, वा पुरुषको नष्टभी कर्त्ते हैं. १ तथा चुगली, हठ, दुराग्रह, विचारसे विना कोई दुष्ट काम कर बैठना, सज्जनोंसे द्रोह करना, दूसरेका सुख देखके अप्रसन्न होना, निन्दा अर्थात् मिथ्या भाषण करना, अर्थदूषण, व्यर्थ कार्योंमें धनादिकोंका खोना, कठोर वचनका बोलना और पक्षपात (अन्याय) से दण्ड करना, ए आठ दुष्ट व्यसन क्रोधसे उत्पन्न होते हैं, २ परन्तु दशाका मूल लोभ है, अर्थात् स्वार्थकेलिये अत्यन्त अनर्थसे धनादिको प्राप्त होके कभी सन्तुष्ट न होना, इसी लोभको सब दुष्ट व्यसनोंका मूल विद्वान् लोग जानते हैं, इसीको प्रयत्नसे सब लोग जीतें, जिससे दोनों प्रकारके दुष्ट व्यसन उत्पन्न कभी न होंय. ३

सैन्यापत्यं च राज्यं च दण्ड नेतृत्वमेव च ॥ सर्व लोकाधिपत्यं च वेदशास्त्र विदर्हति ॥१॥ मौलान् शास्त्रविदः शूरान् लब्ध लक्ष्यान् कुलोद्गतान्॥सचिवान् सप्तचाष्टौ वा प्रकुर्वीत परीक्षितान् ॥ २ ॥ अन्यानपि प्रकुर्वीत शुचीन्प्राज्ञानवस्थितान् ॥ सम्यगर्थ समाहर्तृ नामात्यान् सुपरीक्षितान् ॥३॥ निर्वर्त्तेतास्य यावद्भि रितिकर्त्तव्यतानृभिः॥ तावतोऽतन्द्रितान् दक्षान् प्रकुर्वीत विचक्षणान् ॥४॥ दूतं चैव प्रकुर्वीत सर्वशास्त्र विशारदं ॥ इङ्गिताकार चेष्टज्ञं

शुचिं दक्षं कुलोद्गतम् ॥५॥ अनुरक्तः शुचिर्दक्षः स्मृतिमान् देशकाल वित् ॥ वपुष्मान्वीतभिर्वाग्मी दूतो राज्ञः प्रशस्यते ॥६॥ रथाश्वं हस्तिनं छत्रं धनं धान्यं पशून् स्त्रियः॥ सर्वद्रव्याणि कुप्यं च योयज्जयति तस्य तत् ॥ ७ ॥ राज्ञश्च दद्युरुद्धार मित्येषा वैदिकी श्रुतिः॥ राज्ञा च सर्वं योधेभ्यो दातव्य म पृथग्जितम् ॥८॥ मनुः

अर्थ—सेनापति, राजा, न्यायाधीश, और सर्वोपरी प्रधान, १ तथा स्वराज्यस्थ० सब शास्त्रवित्, सुवीर, कुलीन, लक्षको जाननेवाले, २ तथा अन्यभी उत्तम सुपरिक्षीत पुरुषोंको आमात्य (मूनसि) करै.३ जितने पुरुषोंसे सब राजकार्यार्थ सिद्ध होंय, उतने उत्तम विद्वान् धर्मात्मा पुरुषोंको रक्खैं. ४ सब शास्त्रका जाननेवाला, मनकीभी बातको जो जाने, तथा चतुर, धर्मात्मा, स्वदेश भक्तको दूत करै.५ जो राज्यमें अनुरक्त जिस्को उक्त बातका कभी विस्मरण न होय, जैसा देश और काल वैसा कर्म कर जानै, शरीर जिस्का सुन्दर, निर्भय, महावक्ता, ऐसा दूत करना चाहिये, ऐसे ऐसे उत्तम पुरुषोंकी सभा और पृथक् पृथक् अधिकार देके सब राज्यकी व्यवस्था यथायोग्य करै. तथा अच्छेसे सुशिक्षित भृत्योंको सेनामें रक्खैं, उनको सदा प्रसन्न रक्खैं और नित्य अभ्यास करावै, तथा दुष्ट शत्रुओंको जीतके धर्मराज्य करै, जिस्से सब प्राणी सुखी होंय; पुत्र, स्त्री और स्व शरीरसेभी युद्ध करनेवाले पुरुषोंकी रक्षा और प्रतिष्ठा, अधिक और प्रथम करै, पश्चात् दूसरेकी; क्यों कि ! जिस्केपास सेना सुशिक्षीत शूर वीर पुरुष बल है; वही पुरुष राज्यभोग कर सका है, अन्य नहीं. जो युद्धमें राजकार्यार्थ मरै, उस्की स्त्री और बालक जब तक जवान न होंय तब तक पालन करै, तथा उस्के पुत्र जैसे योग्य, वैसा अधिकार उनको दे, तथा युद्धमें रथ, घोडा, हाथी, छत्र, धन, धान्य, पशु, स्त्री, अन्य शस्त्रादि तथा घृतादिके कुप्ये जो जीते सो पदार्थ उसीको दे दे, उसमें सोलहवा हिस्सा राजा ले, तथा सब मिलके जो जो पदार्थ युद्धमें जीते, उनमेंसे सोलहवा अंश सिपाईयोंको राजा देवै, तथा युद्धमें अत्यन्त हर्षित करै, उसको सत्कारकेलिये यथायोग्य पदार्थ दे, ऐसे सर्व कामोंमें मानना. इस्के आगे जिस्को राजधर्म जाननेकी इच्छा होय, सो मनु, सत्यार्थप्रकाश और महाभारतके राजधर्मसे जानै. अन्य जाग्रा न वढ

न्याय इसके यहां नहीं लिखते; परन्तु गुण कर्मोंसे वर्णव्यवस्था करै. विद्वानोंसे विद्याका काम, तथा शूर वीरोंसे राज्यका काम, व्यापारियोंसे व्यापारका काम, तथा मूर्खोंसे मूर्खोंका काम, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र इनसे यथायोग्य उक्त कामोंको सिद्ध करावै; सबकी यथायोग्य प्रतिष्ठा रक्खै. नानाप्रकार कला, कौशल, रसायनविद्यादि संसारके बीचमें फैलावे. वेदादि शास्त्रोंका यथावत् प्रचार करावै; वेदोक्त प्रकारसे स्त्री और पुरुषोंको आठ आठवे वर्षसे राज्य प्रबंधाधीन पाठशालाओंमें पूर्वोक्त प्रकार ब्रह्मचर्याश्रमसे विद्या और विवाहका नियम यथावत् रक्खै. तथा सत्य धर्मके उपदेशक सर्वत्र भेजके, सबको सत्य धर्ममें स्थिर करावै. तथा एक सच्चिदानन्द निराकार अन्तर्यामी भगवानकी उपासना स्थिर करै. जल, स्थल, और अन्तरिक्ष इन तीन मार्गोंको सिद्ध करै; इनमें चलनेकेलिये नौका, रथ, अग्निरथ तथा विमानादि यानोंको यथावत् बनाके उनसे सब भूगोलमें सर्व प्रकारका उपयोग लेवै, तथा देश, काल और वस्तु इनका यथावत् उपयोग करै.

अलब्धमिच्छेद्दण्डेन लब्धं रक्षेदवेक्षया ॥
रक्षितं वर्द्धयेद्वृध्या वृद्धं पात्रेषु निःक्षिपेत् ॥१॥ मनुः

अर्थ–जितेन्द्रियत्वादि और न्याययुक्त दण्ड (बुद्धि) से अलब्धकी इच्छा करै, तथा लब्धकी रक्षा अत्यन्त पुरुषार्थ और बुद्धिमानसे करै, रक्षितको नाना प्रकार व्यवहारसे बढावै और बढै; धनका व्यय–खर्च सत्य विद्याप्रचार और स्वदेशकी उन्नती इनकेलिये करै, यह चार प्रकारका जो पुरुषार्थका प्रयोजन, इसको यथावत् सिद्ध करै; तथा चौरादि दुष्ट और पाखण्डमत स्व राज्यमें न होने दे, वर्त्तमान और भविष्यमें सुखकेलिये अत्यन्त पुरुषार्थ रक्खै; तथा सब प्रजास्थ मनुष्योंके युद्ध, विद्यादि शिक्षा अत्यन्त करै; उत्तम उत्तम विद्वानोंका संगमसे सत्यासत्यको यथावत् परिक्षासे जानैं. माता, पिता, आचार्य, अतिथि श्रेष्ठ, और परमात्मा इन पांच देवोंकी पूजा अर्थात् सत्कार करै; इनसे विलक्षण देव मानना वा पूजा कभी न करै. कलाकौशल विमानादि यान रचना, नाना प्रकारके पदार्थ विद्याका प्रचार, प्रयोजनार्थ देश देशान्तरमें भ्रमण तथा सर्वत्र स्व राज्य व्यापारका बढाना इत्यादि उत्तम व्यवहारोंसे गृहाश्रममें निवास करै.

इति गृहाश्रमसंस्कारविधिः संपूर्णः

## ॥ अथ वानप्रस्थसंन्यासाश्रम संस्कार आरभ्यते १५॥

पन्दरह्वा वानप्रस्थ और संन्यासाश्रम संस्कार कहाता है; इसमें शतपथ ब्राम्हण, मुंडकाद्युपनिषदोंका तथा मनुका प्रमाण लिखा जाता है कि,

ब्रह्मचर्याश्रमं समाप्य गृही भवेद्गृही भूत्वा वनीभवेद्वनी भूत्वा प्रव्रजेत् इति शतपथ ब्राह्मणादि प्रमाणानि.

अर्थ—ब्रह्मचर्याश्रम समाप्त करके यथोक्त रीतसे गृहस्थ होय, गृहस्थ होके वनस्थ और वनस्थ होके संन्यस्त होना; इसमें मनुका प्रमाण:—

एवं गृहाश्रमे स्थित्वा विधिवत् स्नातको द्विजः। वने वसेत् तु नियतो यथा वद्विजितेन्द्रियः ॥ १ ॥ गृहस्थस्तु यदा पश्येद्वलीपलितमात्मनः। अपत्यस्यैव चापत्यं तदारण्यं समाश्रयेत् ॥ २ ॥ संत्यज्य ग्राम्यमाहारं सर्वं चैव परिच्छदम् ॥ ३ ॥ पुत्रेषु भार्यां निक्षिप्य वनं गच्छेत् सहैव वा। मुन्यन्नै र्विविधै र्मेध्यैः शाक मूल फलेन वा एतान्येव महा यज्ञान् निर्वपे द्विधिपूर्वकम् ॥ ४ ॥ वसीत चर्मचीरं वा सायं स्नायात् प्रगे तथा ॥ जटा श्च बिभृयान्नित्यं श्मश्रु लोम नखानि च ॥५॥ स्वाध्याये नित्ययुक्तः स्या द्दान्तो मैत्रः समाहितः ॥ दाता नित्यमनादाता सर्व भूतानुकम्पकः॥६॥ ग्रामादाहृत्य वाश्नीयादष्टौ ग्रासान् वने वसन् ॥ प्रतिगृह्य पुटेनैव पाणिना शकलेन वा ॥ ७ ॥ एताश्चान्याश्च सेवेत दीक्षा विप्रो वने वसन् ॥ विविधाश्चौपनिषदी रात्मसंसिद्धये श्रुतीः ॥ ८ ॥ मनुः ॥

**अर्थ**—पूर्वोक्त प्रकारसे गृहाश्रममें निवास तथा तत्संबंधी कर्म यथावत् करके निश्चित बुद्धि, इन्द्रियोंके जीतके वनमें वास करै. १ जब शरीरका बल कम होय, श्वेत केश और चर्म ढीला होय तथा पुत्रकाभी पुत्र होय, तब गृहस्थ वनाश्रित होय. २ ग्रामके सब पदार्थोंको छोड दे; तथा पुत्रोंके बीचमें स्त्रीको रक्खै; और जो स्त्रीकी इच्छा संग आनेकी होय, तो संग ले जाय. ३ वनके फल, मूल, कन्द, पत्र, पुष्प, शाक और श्यामाकादि मुन्यन्न, इनसे पंच महायज्ञ तथा आहारभी करै. ४ मृगचर्म वा वल्कल धारण करै; प्रातः और सायं स्नान करै; पञ्च केश सदा रक्खै. ५ स्वाध्याय परमेश्वरकी स्तुति प्रार्थना और उपासना करै. पठन, पाठन और शास्त्रोंका तत्त्वविचार इनमें नित्य युक्त होय. मनको जीते और निर्वैर होके सब प्राणीयोंसे वर्ते. जो कुछ अपना सामर्थ्य, उसके तुल्य दान दे स्वयं कोईसे तुच्छभी न ले, सिवाय ज्ञान और विद्यासे. ६ जब अत्यन्त स्थकित शरीर हो जाय, तब ग्रामसेभी भिक्षा मांगके आठ ग्रास मात्र खाय. ७ इत्यादि दीक्षाओंके वनमें एकान्तवाससे उपनिषद् और जो वेदोंकी श्रुति ज्ञान विधायक, उनका नित्य विचार करै; जिससे सब पदार्थोंका साक्षात्कार ज्ञान होय तथा परमेश्वरकाभी. ८ ए सब मनुस्मृतीके श्लोक है. तथा अग्ने व्रतपते० १ व्रतेन दीक्षा माप्नोति. २ इत्यादि वेदमन्त्रोंकेभी अनेक प्रमाण हैं; परन्तु ग्रन्थ विस्तार भयसे नहीं लिखते. यह वानप्रस्थ वनमें सब वनवासियोंको सत्योपदेशसे सुधारे, तथा सत्यासत्य और परमात्माको प्रत्यक्ष करके मरण पर्यन्त वानप्रस्थ रहै अथवा सन्यास लै; सो संन्यास लेनेका तीन समय हैं; एक तो कह दिया कि, यथाक्रमसे तीन आश्रम करके संन्यास आश्रम ग्रहण करै; उसके दो काल इस प्रकारसे हैं कि,

यदहरेव विरजेत् तदहरेव प्रव्रजे द्वनाद्वा गृहा द्वा ॥ १ ॥
ब्रह्मचर्यादेव प्रव्रजेत् इति ब्राह्मणश्रुतिः

**अर्थ**—जिस दिन सत्य, विरक्तता, जितेन्द्रियता, यथार्थ ज्ञान होय, उसी दिन संन्यास ग्रहण करै. वानप्रस्थाश्रमसे वा गृहाश्रमसे अर्थात् गृहाश्रमसेभी संन्यास ग्रहणका विधान है. तृतीय पक्ष यह है कि, यथोक्त प्रकार वैराग्यादि गुणयुक्त होय, तो ब्रह्मचर्याश्रमसेही संन्यास ग्रहण करै अर्थात् यह सिद्ध हुआ कि, ब्रह्मचर्याश्रममें विद्वान् होके पश्चात् गृहाश्रम वानप्रस्थाश्रम, और संन्यासाश्रम करना उत्तम है. अथवा तीनो व्यर्थ हैं, क्योंकि ! जब विद्याही नहीं होगी, तो आश्रमोंका कर्तव्य और अकर्तव्य कर्मको क्या

जावेगा ? इससे पूर्वोक्त प्रकार ब्रह्मचर्याश्रमानुष्ठान करके विकल्प है कि, जैसी इच्छा होय, वैसा आश्रम ग्रहण करे तथा स्त्रीकाभी यही नियम है. ब्रह्मचर्याश्रमसे पूर्ण विद्या होनेके पश्चात् विचार करे कि, मरण पर्यन्त हम जितेन्द्रिय होके कामादिकोंको सहन कर सकेंगे या नहीं? जो सन्तानादिकी कामना होय, तो गृहाश्रम करें और जो विषयाउक्तिकी कामना न होय, किन्तु ! विद्या, विचार, उपदेश, सब मनुष्योंको सत्योपदेशसे सुधारना, सत्यका प्रचार और असत्यका खण्डन, सत्य मतका स्थापन और पाखण्ड मतका खण्डनादि तथा सत्य व्यवहारोंकी प्रवृत्ति करनेकी इच्छा होय, तो संन्यास ब्रह्मचर्याश्रमसे पश्चात् करना अत्युत्तम है, संन्यास करनेसे जितना अवकाश विचार, देशदेशान्तरमें भ्रमण, निर्विलता, पक्षपात रहित होने और करनेका होता है; उतना गृहाश्रम करनेसे अवकाश नहीं मिलता; इससे उत्तम विद्यावाले धर्मात्मा पुरुष और स्त्रीको संन्यासाश्रम करना अच्छा है; परन्तु स्त्री जो है सो केवल स्त्रियोंके पाठशालामें अध्यापन और सत्योपदेश उनको और उनमेंही व्याख्यान सदा करे. और पुरुष सर्वत्र भ्रमण करके सब मनुष्योंको सत्य धर्ममें उपदेशसे चलावे; सो जो जो चिन्ह यज्ञोपवीत और शिखादि धारण पूर्वाश्रममें पुरुषने किये होंय, उस उसको संन्यासाश्रममें त्याग कर दे. इसमें यह ब्राह्मण श्रुतीका प्रमाण है कि,

प्राजापत्यां निरूप्येष्टिं तस्यां सर्व वेदसं हुत्वा
ब्राह्मणः प्रव्रजेत्

अर्थ—प्रजापति जो परमात्मा तदर्थ इष्टि अर्थात् होम विधान करके उसमें सर्व वेदस जो यज्ञोपवीतादि चिन्ह पूर्वलब्ध हुए थे उनको छोडके परिव्राट होय. तथा मनुः—

प्राजापत्यांनिरूप्येष्टिं सर्व वेदस दक्षिणाम् ॥
आत्मन्यग्नीन् समारोप्य ब्राह्मणः प्रव्रजेद्गृहात् ॥ १ ॥

अर्थ—प्राजापत्य इष्टिमें यज्ञोपवितादि दक्षिणामें दे दे और आहवनिय गार्हपत्य दाक्षिणात्य क्रमसे पूर्वाश्रम संबंधी तीनों जो अग्नि, इनको आत्मामें समारोपण—स्थापन करके गृहाश्रमसेभी संन्यासाश्रम ले ले.

तपः श्रद्धे ये ह्युपवसन्त्यरण्ये शान्ता विद्वांसो भैक्षचर्या चरन्तः । सूर्यद्वारेण ते विरजाः प्रयान्ति यत्रामृतः स

पुरुषो ह्यव्ययात्मा ॥ १ ॥ परीक्ष्य लोकान् कर्मचिता-
न् ब्राह्मणो निर्वेदमायान्नास्त्यकृतः कृतेन ॥ तद्विज्ञानार्थ
सद्गुरुमेवाभिगच्छेत् समित्पाणिः श्रोत्रियं ब्रह्मनिष्ठम् ॥
॥ २ ॥ इति मुण्डकोपनिषदि ॥ त्रयोधर्मस्कन्धा य-
ज्ञोऽध्ययनंदानमिति प्रथमस्तप एव द्वितीयो ब्रह्मचर्या-
चार्यकुलवासी तृतीयोत्यन्तमात्मानमाचार्य कुलेव सा-
दन्सर्वएतेपुण्य लोका भवन्ति ब्रह्मस ठं. स्थोऽमृतत्वमे-
ति ॥ इति छान्दोग्यो पनिषदि ॥

अर्थ—तपः श्रद्धे इत्यादि–जे पुरुष अरण्य–एकान्त देशमें तप–धर्मानुष्ठान और श्रद्धाका उपासना ग्रहण विचारसे करते हैं, शान्त, विद्वान्न जे भिक्षाचर्य करनेवाले संन्यासी होते हैं, वे विरज (शुद्धात्मा) होके सूर्यद्वारसे अर्थात् प्राणद्वारसे अविनाशी, पूर्ण, सबमें व्यापक, अमृत स्वरूप मरण जन्मरहित परमात्माको प्राप्त होते हैं, अन्य नहीं. १ सब लोकोंका सुख वा दुःख कर्मोंसे प्राप्य जो अनित्य, उनको देखके ब्राह्मण–ब्रह्मवित् जो संन्यासी सो निर्वेद अर्थात् उनसे विविक्त—पृथक् हो जाय, क्यों कि ! अकृत स्वयंभू जो परमात्मा, सो कर्मसे प्राप्त नहीं होता अर्थात् दुष्टकर्मोंसे प्राप्त नहीं होता; इससे उस परमात्माके विज्ञानके लिये वेदादिमें पूर्ण पण्डित, ब्रह्मनिष्ठ गुरु, सत्योपदेष्टा जो संन्यासी उसकेपास सब संसारके जन कुछ दातुनभी हाथमें लेके जाय और वह संन्यासी निष्कपट, निर्लोभ, पक्षपात रहित होके, सबको सत्योपदेश करै. २ धर्मके स्कन्ध : स (भाग) तीन हैं, एक यज्ञ, दूसरा अध्ययन और तीसरा दान उनमेंसे प्रथम तप, द्वितीय ब्रह्मचर्याश्रम गुरुकुलमें वाससे अध्ययन, तृतीय आचार्य कुलमें आत्माका सत्य विचार अर्थात् ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, और वानप्रस्थ ए तीन धर्मात्माके होनेसे पुण्यात्मा होते हैं अर्थात् पुण्य जन्मवाले होते हैं. चौथा ब्रह्मसंस्थ जो संन्यासी, सो मोक्षको सब बंधनसे मुक्त होके परमात्माको प्राप्त होता है.

नाविरतो दुश्चरितान्नाशान्तो नासमाहितः ॥
नाशान्तमानसो वापि प्रज्ञाने नैन माप्नुयात् ॥ १ ॥ इति
कठवल्यां ॥

अर्थ—जो पुरुष ज्ञानवान् विद्वान्भी है; परन्तु जब तक दुष्ट कर्मको नहीं छोडता, शान्तिको नहीं ग्रहण करता, जितेन्द्रिय नहीं होता, मन और आत्माको शुद्ध नहीं करता, तब तक परमात्माको कभी नहीं प्राप्त होता. १

तमेत वेदानुवचनेन विविदिषन्ति । ब्रह्मचर्येण तपसा श्रद्धया यज्ञेनाशकेन चैतमेव विदित्वा मुनिर्भवत्येत मेव प्रव्राजिनो लोकमीप्सन्तः प्रव्रजन्ति ॥ एत द्धस्म वै तत्पूर्वे ब्राह्मणाः ॥ अनुचाना विद्वा ठं. सः प्रजान कामयन्ते किं प्रजया करिष्यामो येषां नोऽयमात्मायं लोक इति ते हस्म पुत्रैपणा याश्च वित्तैषणा याश्च लोकैषणाश्च व्युत्थायाथ भिक्षाचर्यं चरन्ति याह्येव पुत्रैषणा सा वित्तैपणा या वित्तैषणा सा लोकैषणोभेह्येतेऽएषणे एवभवतः इति शतपथस्य चतुर्दश कांडे.

अर्थ—तमेत मित्यादि, जो संन्यासी सो बुद्धिको अत्यन्त शुद्ध और उसकी वृद्धि करे; सब लोकोंका अधिपति (स्वामी), सबका शासन करनेवाला, सब लोकका ईश्वर, सबका धारण करनेवाला, मोक्षका सेतु जो परमात्मा उसको वेदानुवचन (वेद रीति)से जाननेकी इच्छा करते हैं, तथा ब्रह्मचर्य, तप, सत्य धर्मानुष्ठान, और जितेन्द्रियता, अत्यन्त श्रद्धा, और अविनाशी फलवाला जो ज्ञानयज्ञ, उनसे उसी परमात्माको जानके मुनि (मनन शील), सत्य वक्ता होय; उसी परमात्माको प्राप्त होनेकेलिये संन्यासीका लोक जो सच्चिदानन्दकी प्राप्तिरूप मोक्ष उसकी इच्छा करके संन्यासग्रहण करते हैं. तथा कितनेक ब्रह्मवित् ब्राह्मण, महाविद्वान् प्रजा, गृहाश्रमकी इच्छा छोडके ब्रह्मचर्याश्रमसेही संन्यासाश्रम कर चूके हैं; उनका ऐसा अनुभव है कि, हम लोगोंको मैथुनसे उत्पन्न जो प्रजा उससे क्या काम है ! उससे हमको क्या प्रयोजन है ? क्योंकि ! हमारा लोक प्रतिस्थान आत्माही है और सत्योपदेशसे लाखों शिष्य पुत्रवत् धर्मसे होते हैं; वे पुत्रैषणा पुत्रकी कामना वित्तैषणा द्रव्यकी कामना लोकैषणा संसारमें प्रतिष्ठाकी इच्छा, इन तीनोंको छोडके भिक्षाचर्य नाम संन्यस्ताश्रमका आचरण करते हैं, जो पुत्रकी एषणा सोई वित्तकी एषणा कहाती है, जो पुत्रैषणा है वही वित्तैष-

णाका मूल है, भौर वित्तैषणा लोई लोकैषणाका मूल है, अर्थात् पुत्रैषणासेही दोनों एषणा उत्पन्न होती हैं. जो गृहाश्रमी है, उसको धर्मसे तीनोंका अनुष्ठान भौर सिद्धिकेलिये पयत्न अवश्य करना होता है; इस्में एक दूसरेसे बंधन परस्पर अवश्य होता है; इससे पक्षपातभी आनेका संभव है; परन्तु जो संन्यासी है, उसको कोईसे भय वा पक्षपात करनेका संभव लेशमात्रभी नहीं रहता, इससे वह राजा भौर रंकके साथ उपदेश भौर धर्म व्यवस्थाकेलिये सत्य भाषण, निर्दोनता और पक्षपात छोडके सत्य सत्य उपदेश सदा करै; यही संन्यासीयोंका मुख्य काम है; और सब लोगभी सत्यवादी संन्यासीसे प्री, तिसे उपदेश लेवैं, तथा सब गृहस्थ लोग संन्यासीकी अत्यन्त प्रीतिसे सेवा करैं, उस्में प्रमाण.

तस्मादात्मज्ञं ह्यर्चयेद्भूति कामः इति मुण्डकोपनिषद्वच-

अर्थ—जिस्को ऐश्वर्यकी इच्छा होय, वह आत्मज्ञ जो धर्मात्मा, यथोक्त लक्षणवाला संन्यासी उस्का प्रीतिसे सत्कार और उससे सब सन्देह निवृत्त कर लें. तथा मनु:

क्लृप्तकेश नखश्मश्रुः पात्री दण्डी कुसुंभवान् ॥ विचरे न्नियतो नित्यं सर्व भूतान्यपीडयन् ॥ १ ॥ इन्द्रियाणां निरोधेन राग द्वेष क्षयेण च। अहिंसया च भूतानाममृत्वाय कल्पते ॥ २ ॥ दूषितोपि चरेद्धर्मं यत्रतत्राश्रमे रतः ॥ समः सर्वेषु भूतेषु नालिंगं धर्मकारणम् ॥ ३ ॥ फलं कतक वृक्षस्य यद्यप्यंबुप्रसादकम् ॥ न नाम ग्रहणादेव तस्य वारिप्रसीदति ॥ ४ ॥ प्राणायामैर्देहेद्दोषा. न् धारणाभिश्च किल्बिषम् ॥ प्रत्याहारेण संसर्गान् ध्यानेनानीश्वरान्गुणान् ॥ ५ ॥ उच्चावचेषु भूतेषु दुर्ज्ञेया मकृतात्मभिः ॥ ध्यानयोगेन संपश्येद्गतिमस्यान्तरात्मनः ॥ ६ ॥ सम्यग्दर्शन सम्पन्नः कर्मभिर्ननिबध्यते ॥ दर्शनेन विहीनस्तु संसारं प्रतिपद्यते ॥ ७ ॥ अहिंसयेंद्रिया

सङ्गैर्वैदिकैश्चैव कर्मभिः॥ तपसश्चरणैश्चोग्रैः साधयन्तीह तत् पदम् ॥८॥ प्रियेषु स्वेषु सुकृत मप्रियेषु च दुष्कृतं। विसृज्य ध्यानयोगेन ब्रह्माभ्येति सनातनम् ॥ ९ ॥ दृष्टि-पूतं न्यसेत्पादं वस्त्रपूतं जलं पिबेत् ॥ सत्यपूतां वदेद्वाचं मनः पूतं समाचरेत् ॥ १० ॥ चतुर्भिरपिचैवैतैर्नित्यमा-श्रमिभिर्द्विजैः ॥ दश लक्षणको धर्मः सेवितव्यः प्रयत्नतः ॥ ११ ॥ धृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः ॥ धीर्विद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणं ॥ १२ ॥ दश ल-क्षणानि धर्मस्य ये विप्राः समधीयते॥ अधीत्य चानुवर्त्तते ते यान्ति परमां गतिम् ॥ १३ ॥

अर्थ—मनुका यह मत है कि, संन्यासी शिरका केश, दाढी, मूछ सब छेदन करा दे अर्थात् क्षौर करा दे. पात्र, दण्ड, और कुसुंबाके रंगके वस्त्र धारण करके नित्य जितेन्द्रिय होके विचरै, सब भूतप्राणी मात्रसे निर्वैर होके १ इन्द्रियोंको जीतना, राग द्वेषादिको छोडना, सब भूतोंसे निर्वैर होना; इनसे युक्त होनेसे संन्यासी मोक्षका अधिकारी होता है. २ दोषारोप कर्ता होय तोभी सब आश्रमवालोंको धर्म नहीं छोडना, पक्ष-पात छोडके सब भूतोंमें वर्त्तना, यही धर्म है. बाह्यलिंग ( काषाय वस्त्र ), दण्ड धारण तथा अन्य (तिलकादि) धर्मका कारण नहीं होता. ३ किन्तु निर्मली वृक्षका फल यद्य-पि जलकी शुद्धि करनेवाला होता है; परन्तु जब उसको पीसके जलमें डाले, तब जल शुद्ध होता है; उसके नाम ग्रहण मात्रसे कभी जल स्वच्छ नहीं होता. इससे क्या आया कि, उत्तम काम करना उत्तम है; नाममात्रसे कुच्छ नहीं होता. ४ उदरका वायुको नासिकाद्वारसे बलसे बाहेर फेंकके बाहरही यथाशक्ति रोकके फिर धीरै धीरै भीतर लेके थोडासा रोकके फिर उसी प्रकार बाहार फेंकके जितना बनै, इतना ही बाहार रोक-ना. इस क्रियायुक्त प्राणायामोंसे मनके रागद्वेषादि दोषोंको छुडा देना. तथा चित्तकी धारणासे किल्बिष हृदयकी मलीनताको छुडा देना. प्रत्याहार जितेन्द्रियतासे राग दोषों-से अलग रहना और ध्यान र्प, शोक, अविद्यादि दोषोंको दूर करना, यह संन्यासीका

नियम करते हैं. ५ छोटे और बडे पदार्थोंके बीचमें जो परमात्मा व्याप्त है, उसको देख सके; अपने आत्माके बीचमें अन्तरात्मा—परमात्माकी व्याप्तिको ध्यानयोगसे अच्छी प्रकार साक्षात् करे, इसका नाम सम्यग्दर्शन है. ६ उस सम्यक् दर्शनसे युक्त जो संन्यासी, सो पापकर्मोंमें कभी नहीं फसता और जो ज्ञानहीन संन्यासी सो पाप कर्ममें फस जाता है; इससे ज्ञानहीनको संन्यासका अधिकार नहीं. ७ अहिंसा, दुष्ट विषयोंसे अलग, वेदोक्त उत्तम उत्तम कर्मानुष्ठान, प्राणायामादि योगाभ्यास इनसे सम्यक् ज्ञानको प्राप्त होके, मोक्षपदको संन्यासी लोग सिद्ध करते हैं. ८ प्रिय जो धर्मात्मा सेवक, तथा अप्रिय जो दुष्टात्मा—विरोधी उनमें पुण्य और पापको छोडके ध्यानयोगसे सनातन जो ब्रह्म, उसको प्राप्त होता है. ९ दृष्टिसे देख देखके चले, जलको छानके पीये, सत्यसे शुद्धयुक्त वाणीको बोले अर्थात् उपदेश करे, मनमें विचारसे आचरण करे. १० चारों आश्रमी अर्थात् ब्रह्मचारी, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यासी इन चारोंको सब मनुष्योंका धर्म जो न्याय अर्थात् पक्षपात रहित सत्यका अनुष्ठान, असत्यका परित्यागादि जो धर्म, उस धर्मका अनुष्ठान योग्य है. उसके दश तथा एकादश लक्षण हैं. ११ अहिंसा—वैरका त्याग; धृति—दुःखमेंभी धैर्य; क्षमा—हर्ष, शोक, हानी, लाभ, निन्दा, स्तुति, क्षुधा, तृषा, सुख और दुःखादिका सहन; दम—मनको अधर्ममें कभी न जाने देना; अस्तेय—चोरीका त्याग करना अर्थात् विना आज्ञाके वा छल कपटसे कोईका पदार्थ ग्रहण न करना; शौच—बाहर और भीतरकी शुद्धिका सम्पादन करना, इन्द्रियोंको वश करके धर्ममें चलाना और अधर्मसे हटा लेना; धी—सत्संग, सद्विचार, सत् शास्त्राभ्यासादिसे बुद्धिको बढाना; विद्या—पृथिवीसे लेके परमेश्वर पर्यन्त सब पदार्थोंका तत्त्वज्ञान और उनसे यथावत् उपयोग लेना; सत्य—सर्वदा सत्य भाषण करना और क्रोधको निकालके शान्तिको धारण करना, यह सब मनुष्योंके वास्ते एक धर्म है, दूसरा नहीं. १२ जो मनुष्य धर्मके दश वा एकादश लक्षणोंको जानके यथावत् अनुष्ठान करते हैं; वे परम गतीको प्राप्त होते हैं, अन्य नहीं.

मैत्री करुणा मुदितो पेक्षाणां सुख दुःख पुण्यापुण्य
